Q.32 एक व्यक्ति स्थिर जल में 9 km/h की चाल से नाव चला सकता है। जब नदी 5 km/h की चाल से बहती है, तो उसे किसी निश्चित स्थान तक जाने और वापस आने में 2.4 घंटे लगते हैं। वह स्थान कितनी दूर है? (उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
- ✗ A. 8.18 km
- ✓ B. 7.47 km
- ✗ C. 6.42 km
- ✗ D. 9.54 km

Q.33 एक कारखाने में 90 श्रमिकों का औसत दैनिक वेतन ₹140 है, और महिला श्रमिकों का औसत दैनिक वेतन ₹130 है। यदि एक-तिहाई श्रमिक पुरुष हैं, तो पुरुष श्रमिकों का औसत दैनिक वेतन कितना है?

Ans
- ✗ A. ₹164
- ✗ B. ₹152
- ✗ C. ₹156
- ✓ D. ₹160

Q.34 एक दुकानदार ने ₹1,200 प्रत्येक की दर से दो घड़ियाँ खरीदीं। उसने पहली घड़ी 15% के लाभ पर और दूसरी घड़ी 10% की हानि पर बेची। फिर उसने पहली घड़ी खरीदने वाले ग्राहक को ₹100 कैशबैक दिया। दुकानदार का समग्र लाभ या हानि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹15 का लाभ
- ✗ B. ₹60 का लाभ
- ✓ C. ₹40 की हानि
- ✗ D. ₹30 की हानि

Q.35 यदि एक आयत का क्षेत्रफल 12 cm^2 है तथा इसका विकर्ण 5 cm है, तो आयत का परिमाप ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 15 cm
- ✗ B. 13 cm
- ✓ C. 14 cm
- ✗ D. 16 cm

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.36 चक्रवृद्धि ब्याज की दर से कोई धनराशि 4 वर्षों में ₹1,200 और 8 वर्षों में ₹2,400 हो जाती है। मूलधन ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹598
✗ B. ₹640
✗ C. ₹575
✓ D. ₹600

Q.37 अरुण के पास ₹1,681 थे। उन्होंने इस राशि को अपने पुत्रों, महेश और विजय के बीच विभाजित किया और उन्हें इसे 5% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने को कहा, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। यह देखा गया कि महेश और विजय को क्रमशः 14 वर्ष और 15 वर्ष बाद समान राशि प्राप्त हुई। अरुण ने महेश को कितनी राशि (₹ में) दी थी?

Ans
✗ A. 820
✗ B. 711
✓ C. 861
✗ D. 920

Q.38 कौशल ने 2 घंटे 55 मिनट तक 24 km/h की चाल से यात्रा की। उसी दूरी को 5 घंटे में तय करने के लिए उसे किस चाल (km/h में) से यात्रा करनी चाहिए?

Ans
✗ A. 13
✓ B. 14
✗ C. 12
✗ D. 11

Q.39 एक विद्यार्थी ने 2 और 3 भार (वेट) वाली दो परीक्षाओं में क्रमशः 60 और 80 अंक प्राप्त किए। भारित औसत अंक क्या है?

Ans
✗ A. 73
✗ B. 75
✓ C. 72
✗ D. 70

Q.40 दो संख्याओं का म.स.प. (HCF) और ल.स.प. (LCM) क्रमशः 4 और 288 हैं। यदि उनमें से एक संख्या 32 है, तो दूसरी संख्या कितनी है?

Ans
✗ A. 24
✓ B. 36
✗ C. 18
✗ D. 48

Q.41 यदि किसी धनराशि पर 5% वार्षिक दर से 3 वर्षों में अर्जित साधारण ब्याज ₹1,500 है, तो धनराशि कितनी थी?

Ans
✗ A. ₹7,000
✗ B. ₹8,000
✗ C. ₹9,000
✓ D. ₹10,000

Q.42 एक शंकु की तिर्यक ऊँचाई 15 cm है और उसके आधार की त्रिज्या 9 cm है। शंकु बनाने के लिए इस वृत्त से 15 cm त्रिज्या और 120° के केंद्रीय कोण वाले एक त्रिज्यखंड का उपयोग किया जाता है। शंकु का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा?

Ans
✓ A. $216\pi\ cm^2$
✗ B. $312\pi\ cm^2$
✗ C. $261\pi\ cm^2$
✗ D. $226\pi\ cm^2$

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.43 निम्नलिलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{\sin A-\sin B}{\cos A+\cos B}+\frac{\cos A-\cos B}{\sin A+\sin B}+\frac{2(1+\cos A)(1-\sin A)}{(1-\sin A+\cos A)^2}$$

Ans
- ✔ A. 1
- ✘ B. secA
- ✘ C. sinA
- ✘ D. 0

Q.44 किसी धनराशि को A, B, C और D के बीच 3 : 7 : 9 : 13 के अनुपात में विभाजित किया जाता है। यदि D का हिस्सा ₹6,890 है, तो A का हिस्सा (₹ में) कितना होगा?

Ans
- ✘ A. 1,530
- ✔ B. 1,590
- ✘ C. 1,500
- ✘ D. 1,560

Q.45 x m^2 क्षेत्रफल वाले एक वर्गाकार भूखंड में, $\frac{1}{4}\sqrt{x}\ m^2$ क्षेत्रफल वाली एक पट्टी और a^2 m^2 क्षेत्रफल वाला एक पैच जोड़ा जाता है। यदि कुल क्षेत्रफल को अब x की घातों और स्थिरांकों का उपयोग करके एक पूर्ण वर्ग के रूप में व्यक्त किया जा सकता है, तो a का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. $\frac{1}{4}$
- ✔ B. $\frac{1}{8}$
- ✘ C. $\frac{1}{2}$
- ✘ D. $\frac{1}{16}$

Q.46 यदि θ एक न्यून कोण है तथा 9sinθ = 5 है, तो $\frac{2}{3}\sqrt{5\ \cot^2\theta-14\ \tan^2\theta}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. $\sqrt{\frac{11}{5}}$
- ✘ B. $\sqrt{\frac{5}{11}}$
- ✘ C. $\frac{11}{\sqrt{5}}$
- ✘ D. $\frac{5}{\sqrt{11}}$

Q.47 अंशु एक काम को 24 दिनों में कर सकता है और काजल उसे 28 दिनों में कर सकती है। वे 6 दिनों तक साथ काम करते हैं, जिसके बाद अंशु काम छोड़कर चला जाता है और शेष काम काजल अकेले पूरा करती है। संपूर्ण काम कितने दिनों में पूरा होगा?

Ans
- ✘ A. 24 दिन
- ✘ B. 18 दिन
- ✘ C. 28 दिन
- ✔ D. 21 दिन

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.48 दो संख्याएँ 12 और 18 हैं। इनके महत्तम समापवर्तक (HCF) और लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. 216
✘ B. 324
✘ C. 432
✘ D. 108

Q.49 एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों I, II, III और IV पर समान है।
कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 78% और 25% की दो क्रमिक छूट देती है, दुकान II, 83% और 29% की क्रमिक छूट देती है, दुकान III, 33% और 81% की क्रमिक छूट देती है, और दुकान IV, 84%, 83%, और 82% की क्रमिक छूट देती है।
कौन-सी दुकान सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

Ans
✘ A. I
✔ B. IV
✘ C. II
✘ D. III

Q.50 एक अधिकारी का वर्तमान वेतन ₹15,000 है। पहले वर्ष में इसमें 10% की वृद्धि हुई और दूसरे वर्ष में 20% की कमी हुई। दूसरे वर्ष के अंत में उसका वेतन कितना था?

Ans
✘ A. ₹13,400
✘ B. ₹13,600
✘ C. ₹13,800
✔ D. ₹13,200

Section : General Intelligence and Reasoning

Q.51 एक निश्चित कूट भाषा में,

A ^ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A ! B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A £ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A € B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P ^ Q £ S € T ! U' है, तो P का U से क्या संबंध है?

Ans
✘ A. पत्नी
✘ B. माता की बहन
✘ C. बहन
✔ D. माता

Q.52 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) के रूप में क्रमांकित किया गया है। आपको यह ज्ञात करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन कीजिए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न: पाँच व्यक्ति – रिया, संजय, तनु, उमेश और वर्षा – एक ही पंक्ति में पश्चिम की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
बाएँ छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(I) रिया और संजय के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। तनु, रिया के ठीक पड़ोस में बैठी है।
(II) वर्षा दाएँ छोर में बैठी है, और उमेश, वर्षा के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है।

Ans
✘ A. केवल कथन I का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।
✔ B. कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
✘ C. कथन I और II दोनों एक साथ (और केवल कथन I या कथन II अकेले नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
✘ D. केवल कथन II का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है।

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.53 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

(बाएं) SKY ITS NOT LTD (दाएं)

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में ठीक उसके पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans
✔ A. चार
✘ B. दो
✘ C. एक
✘ D. तीन

Q.54 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

4 B 2 D 18 A 6 C 3 = ?

Ans
✘ A. 5
✔ B. 8
✘ C. 6
✘ D. 2

Q.55 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ A. SYD
✘ B. QWB
✔ C. IOU
✘ D. AGL

Q.56 T, R, O, U, B, L और E में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। E से पहले केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। U के बाद केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। E और O के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। L और B के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। L से ठीक पहले R की परीक्षा है। T और L के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
✘ A. तीन
✘ B. चार
✔ C. दो
✘ D. एक

Q.57 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
: QRU :: FGJ : %

Ans
✘ A. # = LMH , % = KMP
✘ B.
= LMB , % = KMJ
✘ C.
= LMD , % = KMS
✔ D.
= LMP , % = KLO

Q.58 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

295 299 308 324 349 ?

Ans
✘ A. 371
✘ B. 396
✘ C. 368
✔ D. 385

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.59 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✔ A. ML - IK
- ✘ B. ON - KJ
- ✘ C. FE - BA
- ✘ D. SR - ON

Q.60 सात बॉक्स B, F, G, H, R, T और Y एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। R के ऊपर कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। R और B के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। Y और H के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। H को B के ठीक ऊपर रखा गया है। Y और G के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। F को T के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। T के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✔ A. 1
- ✘ B. 4
- ✘ C. 2
- ✘ D. 3

Q.61 शब्द EXPLAIN के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर बाईं ओर से पाँचवां होगा?

Ans
- ✔ A. B
- ✘ B. C
- ✘ C. A
- ✘ D. D

Q.62 शब्द HUMECTS के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाएं ओर से चौथे स्थान पर होगा?

Ans
- ✘ A. F
- ✘ B. T
- ✘ C. I
- ✔ D. N

Q.63 दी गई अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) K L # O ^ & A M B + S # % @ A S X C V B ? Y $ % + * S W L P T ? B G % Y (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
- ✘ A. 5
- ✘ B. 2
- ✘ C. 4
- ✔ D. 3

Q.64 एक निश्चित कूट भाषा में, 'DEAL' को '5714' के रूप में और 'EARL' को '8541' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'R' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✘ A. 5
- ✘ B. 1
- ✘ C. 4
- ✔ D. 8

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.65 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 91 का संबंध 182 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 104 का संबंध 208 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 117 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

Ans
✔ A. 234
✘ B. 243
✘ C. 221
✘ D. 256

Q.66 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

TEA BUN PEN VAN

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
✘ A. कोई नहीं
✘ B. चार
✔ C. एक
✘ D. तीन

Q.67 छह मित्र, C, D, E, O, P और Q, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
E के दाईं ओर से गिनने पर E और Q के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। O के बाईं ओर दूसरे स्थान पर E बैठा है। O के बाईं ओर तीसरे स्थान पर P बैठा है। Q और O दोनों का निकटतम पड़ोसी C है।
D के दाईं ओर से गिनने पर D और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✘ A. तीन
✘ B. एक भी नहीं
✘ C. दो
✔ D. एक

Q.68 Q, R, W, T, E, U और Y में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। E की परीक्षा गुरुवार को है। R और U के बीच ठीक 4 व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा रविवार को नहीं है। Q की परीक्षा W से ठीक पहले है। T की परीक्षा शुक्रवार को नहीं है। R की परीक्षा W के बाद नहीं है।
E के ठीक बाद किसकी परीक्षा है?

Ans
✘ A. W
✘ B. R
✔ C. Y
✘ D. U

Q.69 यदि संख्या 3761254 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाता है और प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में अंतिम दो अंकों और प्रथम दो अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
✔ A. 27
✘ B. 29
✘ C. 20
✘ D. 23

Q.70 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
ILA KOF MRK OUP ?

Ans
✘ A. RYU
✔ B. QXU
✘ C. QYV
✘ D. PYW

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.71 निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएँ) 7 8 4 5 3 2 4 5 7 8 9 7 8 5 6 4 3 2 1 4 5 6 3 4 (दाएँ)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग है और ठीक बाद में एक विषम अंक है?
(नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है।)

Ans
✗ A. एक भी नहीं
✓ B. एक
✗ C. तीन
✗ D. दो

Q.72 श्री सांगे बिन्दु A से ड्राइव करना शुरू करते हैं और उत्तर की ओर 26 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़कर 19 km ड्राइव करते हैं, फिर से बाएं मुड़कर 12 km ड्राइव करते हैं। इसके बाद, वह दाएं मुड़कर 15 km ड्राइव करते हैं, फिर बाएं मुड़कर 42 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़कर 39 km ड्राइव करते हैं। अंत में वह बाएं मुड़कर 28 km ड्राइव करते हैं और बिन्दु P पर रुक जाते हैं। बिन्दु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
✗ A. 12 km उत्तर की ओर
✗ B. 16 km पूर्व की ओर
✓ C. 5 km पश्चिम की ओर
✗ D. 12 km दक्षिण की ओर

Q.73 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'blue sky high' को 'ka pe su' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'high above all' को 'su qr lm' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'high' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट केवल दो-अक्षरीय कूट हैं।)

Ans
✗ A. lm
✓ B. su
✗ C. ka
✗ D. qr

Q.74 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ लागू करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
16 - 22
13 - 19

Ans
✗ A. 6 - 16
✗ B. 45 - 59
✗ C. 10 - 17
✓ D. 2 - 8

Q.75 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A # B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
'A % B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'S # M @ H – Y % U' है, तो S का U से क्या संबंध है?

Ans
✗ A. भाई की पत्नी का पिता
✗ B. पत्नी का भाई
✓ C. भाई की पत्नी का भाई
✗ D. पत्नी का पिता

Railway BABA

Q.76 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दोनों युग्मों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

VAN-AFS
FKX-KPC

Ans
✗ A. POH-UZM
✗ B. PUH-ZUM
✓ C. PUH-UZM
✗ D. UZM-PUC

Q.77 दी गई संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) * & * 1 % < > 5 \ / * @ 4 1 < + ? * $ + 8 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक अन्य प्रतीक है?

Ans
✓ A. 3
✗ B. 1
✗ C. 2
✗ D. 4

Q.78 सात व्यक्ति, P, Q, S, T, U, V, और W, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U और P के बीच केवल W बैठा है। P, S के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। V, S के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। Q, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है। दी गई जानकारी के आधार पर, T के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ A. P
✗ B. V
✓ C. S
✗ D. Q

Q.79 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
56 - 3 ÷ 19 + 81 × 9 = ?

Ans
✗ A. 175
✓ B. 178
✗ C. 182
✗ D. 184

Q.80 उस युग्म का चयन करें, जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरित किए गए पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

EIM : OSW
HLP : RVZ

Ans
✗ A. LPT : VYC
✓ B. SWA : CGK
✗ C. GLQ : JNR
✗ D. NRV : XBE

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 DRDO ने फरवरी 2026 में किस परीक्षण रेंज से वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम (VSHORADS) के तीन सफल उड़ान परीक्षण किए?

Ans
✗ A. पोखरण फील्ड रेंज, राजस्थान (Pokhran Field Range, Rajasthan)
✓ B. इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज, चांदीपुर (Integrated Test Range, Chandipur)
✗ C. बालासोर मिसाइल कॉम्प्लेक्स, पश्चिम बंगाल (Balasore Missile Complex, West Bengal)
✗ D. थुम्बा इक्वेटोरियल रॉकेट रेंज, केरल (Thumba Equatorial Rocket Range, Kerala)

Railway BABA
Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.82 पीएम सूर्य घर: मुफ़्त बिजली योजना, जिसके तहत दिसंबर 2025 तक 26 लाख से अधिक परिवारों को लाभ हुआ, रूफटॉप सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के माध्यम से किस सतत विकास लक्ष्य (SDG) में सबसे प्रत्यक्ष रूप से योगदान देती है?

Ans

✗ A. SDG 15

✓ B. SDG 7

✗ C. SDG 9

✗ D. SDG 12

Q.83 2026 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स में किस खिलाड़ी को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड (Laureus World Sportsman of the Year Award) से सम्मानित किया गया था?

Ans

✗ A. मैक्स वेरस्टैपेन (Max Verstappen)

✓ B. कार्लोस अल्कारेज (Carlos Alcaraz)

✗ C. रोजर फेडरर (Roger Federer)

✗ D. जैनिक सिनर (Jannik Sinner)

Q.84 2 जून, 2026 को किस राज्य ने अपने गठन का 12वां वर्ष मनाया?

Ans

✗ A. झारखंड

✗ B. उत्तराखंड

✓ C. तेलंगाना

✗ D. छत्तीसगढ़

Q.85 भारत के नेतृत्व में 12 मित्र देशों की सहभागिता से आयोजित होने वाला प्रमुख बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास प्रगति 2026 (PRAGATI 2026) मई 2026 में कहाँ हुआ था?

Ans

✗ A. पंजाब

✓ B. मेघालय

✗ C. राजस्थान

✗ D. असम

Q.86 राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम, 2025 और नियम, 2026 के अनुरूप प्रत्येक राष्ट्रीय खेल निकाय को किस अवधि के भीतर अपने उप-नियमों को संशोधित करने होंगे?

Ans

✗ A. तीन महीने

✗ B. नौ महीने

✗ C. बारह महीने

✓ D. छह महीने

Q.87 अप्रैल 2026 में, केंद्र सरकार ने निजी स्पेसटेक इकोसिस्टम को बढ़ावा देने हेतु स्पेस स्टार्टअप्स के लिए भारत का पहला समर्पित वेंचर कैपिटल फंड आधिकारिक रूप से संचालित किया। इस फंड का आधिकारिक नाम क्या है?

Ans

✗ A. डिजिटल स्पेस भारत निधि (Digital Space Bharat Nidhi)

✗ B. IN-SPACe सीड कैपिटल फंड (IN-SPACE Seed Capital Fund)

✓ C. अंतरिक्ष वेंचर कैपिटल फंड (Antariksh Venture Capital Fund)

✗ D. नेशनल डीपटेक फंड ऑफ फंड्स (National DeepTech Fund of Funds)

Q.88 मई 2026 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वीडन द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया?

Ans

✓ A. रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस

✗ B. रॉयल ऑर्डर ऑफ द सिल्वर स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस

✗ C. रॉयल ऑर्डर ऑफ द गोल्डन स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस

✗ D. रॉयल ऑर्डर ऑफ द नॉर्दर्न स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.89 मई 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, MSME मंत्रालय की किस योजना ने 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान रोजगार-सृजन में एक प्रमुख उपलब्धि हासिल की?

Ans

✗ A. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY)

✗ B. कौशल भारत मिशन (SIM)

✓ C. प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP)

✗ D. दीन दयाल अंत्योदय योजना (DAY-NRLM)

Q.90 मई 2026 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महाराष्ट्र में निजी क्षेत्र के डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग काम्प्लेक्स (defence manufacturing complex) का उद्घाटन कहां किया था?

Ans

✗ A. तारापुर

✓ B. शिरडी

✗ C. लासलगांव

✗ D. चाकन

Q.91 निम्नलिखित में से किसने, मई 2026 में ऑपरेशन सिंदूर पर एक स्मारक पुस्तक का विमोचन किया, जिसमें इस मिशन में भाग लेने वाले 100 अधिकारियों, नौसैनिकों, वायुसैनिकों और अन्य सैनिकों के व्यक्तिगत अनुभवों का संकलन है?

Ans

✓ A. राजनाथ सिंह

✗ B. द्रौपदी मुर्मू

✗ C. अमित शाह

✗ D. नरेंद्र मोदी

Q.92 2025 में श्रीहरिकोटा से NISAR सैटेलाइट को कक्षा (orbit) में ले जाने के लिए किस विशिष्ट प्रक्षेपण यान का उपयोग किया गया था?

Ans

✓ A. GSLV-F16

✗ B. फाल्कन 9

✗ C. PSLV-C58

✗ D. LVM3-M4

Q.93 भारत में 2027 की जनगणना कराने के लिए कौन-सा प्रशासनिक प्राधिकरण उत्तरदायी है?

Ans

✓ A. भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त

✗ B. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

✗ C. भारत का चुनाव आयोग

✗ D. भारत का राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र

Q.94 अप्रैल 2026 में उत्तर प्रदेश के किस पक्षी अभयारण्य को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया गया था?

Ans

✗ A. वेदान्थंगल पक्षी अभयारण्य (Vedanthangal Bird Sanctuary)

✗ B. उधवा झील पक्षी अभयारण्य (Udhwa Lake Bird Sanctuary)

✗ C. चित्रागुडी पक्षी अभयारण्य (Chitrangudi Bird Sanctuary)

✓ D. शेखा झील पक्षी अभयारण्य (Shekha Jheel Bird Sanctuary)

Q.95 केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित बायोफार्मा SHAKTI पहल में SHAKTI का पूर्ण रूप क्या है?

Ans

✗ A. Scientific Health and Advanced Knowledge for Translational Innovation (साइंटिफिक हेल्थ एंड एडवांस्ड नॉलेज फॉर ट्रांसलेशनल इनोवेशन)

✓ B. Strategy for Healthcare Advancement through Knowledge, Technology and Innovation (स्ट्रेटेजी फॉर हेल्थकेयर एडवांसमेंट थ्रू नॉलेज, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन)

✗ C. Sustainable Health Advancement through Knowledge and Technological Integration (सस्टेनेबल हेल्थ एडवांसमेंट थ्रू नॉलेज एंड टेक्नलाजिकल इंटीग्रेशन)

✗ D. Strategic Hub for Artificial Knowledge and Technical Integration (स्ट्रैटेजिक हब फॉर आर्टिफिशियल नॉलेज एंड टेक्निकल इंटीग्रेशन)

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.96 नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2026 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा (javelin event) में स्वर्ण पदक किसने जीता?

Ans
- ✗ A. देवेंद्र झाझरिया
- ✓ B. सुमित अंतिल
- ✗ C. मरियप्पन थान्गावेलु
- ✗ D. सुंदर सिंह गुर्जर

Q.97 रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (RSF) द्वारा जारी वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स 2026 के अनुसार, किस देश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और वह लगातार 10 वर्षों से शीर्ष स्थान पर बना हुआ है?

Ans
- ✗ A. फिनलैंड (Finland)
- ✗ B. स्वीडन (Sweden)
- ✗ C. डेनमार्क (Denmark)
- ✓ D. नॉर्वे (Norway)

Q.98 दक्षिण तटीय रेलवे (SCoR), जो 1 जून, 2026 से परिचालन में आया, भारत का _____ है।

Ans
- ✗ A. 16वां रेलवे जोन
- ✓ B. 18वां रेलवे जोन
- ✗ C. 14वां रेलवे जोन
- ✗ D. 20वां रेलवे जोन

Q.99 2026–27 के बजट में निम्नलिखित में से किस मिशन के लिए ₹924.35 करोड़ का आवंटन किया गया है?

Ans
- ✓ A. खेलो इंडिया मिशन
- ✗ B. स्मार्ट सिटीज मिशन
- ✗ C. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
- ✗ D. स्वच्छ भारत मिशन

Q.100 फरवरी 2026 में भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी स्कीम लॉन्च की गई थी?

Ans
- ✗ A. PM किसान सम्मान निधि (PM-KISAN)
- ✗ B. PM विश्वकर्मा स्कीम
- ✗ C. जल जीवन मिशन
- ✓ D. भारत-VISTAAR

"

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

सत्यमेव जयते

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९/२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	04/08/2026
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I 2025

Section : **General Science**

Q.1 एक विद्यार्थी, जिंक की नाइट्रिक अम्ल के साथ अभिक्रिया के लिए ढाँचागत समीकरण लिखता है:
$Zn + HNO_3 \rightarrow Zn(NO_3)_2 + H_2$
समीकरण को सबसे छोटी पूर्ण संख्या गुणांकों के साथ संतुलित करने के बाद, संतुलित समीकरण में सभी गुणांकों का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✔ A. 5
- ✘ B. 7
- ✘ C. 6
- ✘ D. 8

Q.2 कौन-सा कथन सही ढंग से दर्शाता है कि रासायनिक परिवर्तन भौतिक परिवर्तन से भिन्न है?

Ans
- ✔ A. रासायनिक परिवर्तन से नया पदार्थ बनता है, जबकि भौतिक परिवर्तन में नहीं।
- ✘ B. रासायनिक परिवर्तन केवल आकार और रूप को प्रभावित करता है, जबकि भौतिक परिवर्तन संरचना को प्रभावित करता है।
- ✘ C. रासायनिक परिवर्तन हमेशा प्रतिवर्ती होता है, जबकि भौतिक परिवर्तन कभी भी प्रतिवर्ती नहीं होता है।
- ✘ D. रासायनिक परिवर्तन केवल रूप बदलते हैं, जबकि भौतिक परिवर्तन नए पदार्थ बनाते हैं।

Q.3 किन स्थितियों के संयोजन से समुद्री अवसादों से पेट्रोलियम का निर्माण होने की सर्वाधिक संभावना है?

Ans
- ✘ A. उच्च ताप, निम्न दाब, वायवीय स्थितियां
- ✘ B. निम्न दाब, उच्च ताप, वायवीय स्थितियां
- ✘ C. निम्न ताप, निम्न दाब, वायवीय स्थितियां
- ✔ D. उच्च दाब, उच्च ताप, अवायवीय स्थितियां

Q.4 एक जनजातीय समुदाय खाद्य और औषधि के लिए वन्य मशरूमों (wild mushrooms) की पहचान करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा गुण, उनके पोषण और औषधीय मूल्य के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक है?

Ans
- ✘ A. रंगीन कैप पैटर्न उपस्थिति
- ✔ B. जैवसक्रिय यौगिकों की उच्च मात्रा
- ✘ C. शीघ्रता से स्पोर उत्पादन क्षमता
- ✘ D. पादपों से संरचनात्मक समानता

Q.5 प्रयोगशाला में कवक संवर्धन को गर्म और आर्द्र ऊष्मायित्र में रखने पर उसमें उत्तम वृद्धि प्रेक्षित की जाती है। इन स्थितियों से उसकी जैविकी का कौन-सा पहलू प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होता है?

Ans
- ✘ A. रसधानियों में उच्च ऊर्जा भंडारण
- ✘ B. कोशिका विभाजन की अधिकतम दर
- ✘ C. वर्णक उत्पादन में वृद्धि
- ✔ D. इष्टतम बीजाणु अंकुरण और वृद्धि

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.6 किसी तत्व की संयोजकता क्या दर्शाती है?

Ans
✗ A. नाभिक में उपस्थित न्यूट्रॉनों की कुल संख्या
✗ B. किसी परमाणु में उपस्थित इलेक्ट्रॉन कोशों की कुल संख्या
✗ C. परमाण्विक द्रव्यमान मात्रकों में मापा गया परमाणु का द्रव्यमान
✓ D. रासायनिक अभिक्रियाओं में किसी परमाणु की संयोजन क्षमता

Q.7 जब _____, तो एक उत्तोलक 1 से अधिक यांत्रिक लाभ प्रदान करता है।

Ans
✗ A. आलंब अनुपस्थित होता है
✗ B. दोनों भुजाएं बराबर होती हैं
✓ C. आयास-भुजा, भार भुजा से लंबी होती है
✗ D. भार भुजा, आयास-भुजा से लंबी होती है

Q.8 धातु तंतु बल्ब से विद्युत धारा प्रवाहित होने पर वह दीप्त क्यों होता है?

Ans
✗ A. तंतु शून्य प्रतिरोध के साथ धारा का चालन करता है
✗ B. तंतु धारा द्वारा चुम्बकित हो जाता है
✓ C. तंतु प्रतिरोध प्रदान करके विद्युत ऊर्जा को ऊष्मा और प्रकाश में परिवर्तित करता है
✗ D. तंतु में रासायनिक अभिक्रिया से प्रकाश उत्पन्न होता है

Q.9 एक विज्ञान प्रोजेक्ट में परिपथ में विद्युत धारा को नियंत्रित करने के लिए एक परिवर्ती प्रतिरोधक की आवश्यकता होती है। इस घटक को निरूपित करने के लिए व्यवस्थित आरेख (schematic diagram) में किस प्रतीक का उपयोग किया जाना चाहिए?

Ans
✓ A. एक जिग-जैग रेखा जिस पर एक तीर का निशान हो
✗ B. एक सीधी रेखा जिसमें एक अंतराल और एक सेतु हो
✗ C. समानांतर लंबी और छोटी रेखाएं
✗ D. एक सरल जिग-जैग रेखा

Q.10 वह मुख्य क्रियाविधि क्या है जिसके द्वारा साबुन कपड़ों से तैलीय गंदगी हटाता है?

Ans
✗ A. साबुन तेल के साथ रासायनिक अभिक्रिया करके उसे घुलनशील अल्कोहल में परिवर्तित कर देता है
✗ B. साबुन चिपचिपापन बढ़ाता है और अशुद्धियों को सीधे पानी में घोल देता है
✗ C. साबुन जल की मात्रा को वाष्पित कर देता है और उर्ध्वपातन के माध्यम से गंदगी को अलग कर देता है
✓ D. साबुन के अणु पृष्ठ तनाव को कम करते हैं और गंदगी को फँसाने वाले (trapping) मिसेल्स बनाते हैं

Q.11 जब जस्ते की स्ट्रिप को लौह (II) सल्फेट के विलयन में डुबोया जाएगा, तो क्या होगा?

Ans
✗ A. कोई अभिक्रिया नहीं होती है।
✓ B. जस्ता विलयन से लोहे को विस्थापित करता है।
✗ C. जस्ते पर लौह ऑक्साइड की परत चढ़ जाती है।
✗ D. जस्ता पर लोहे का जमाव होता है और हाइड्रोजन गैस उत्सर्जित होती है।

Q.12 एक भौतिकी शिक्षक ने विद्यार्थियों से एक ऐसा परिदृश्य बनाने को कहा जिसमें शेविंग के लिए अवतल दर्पण का उपयोग करके चेहरे का बड़ा और सीधी प्रतिबिंब प्राप्त किया जा सके। इस परिणाम के लिए दर्पण के सापेक्ष चेहरा कहां होना चाहिए?

Ans
✗ A. दर्पण के वक्रता केंद्र से परे
✓ B.
ध्रुव और दर्पण के फोकस के बीच
✗ C. दर्पण के वक्रता केंद्र पर
✗ D. दर्पण के फोकस पर

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.13 एक महिला को मासिक धर्म में अत्यधिक और दीर्घावधि तक रक्तस्राव होता है। उसके डॉक्टर को अंतर्गर्भाशय-कला (endometrium) से संबंधित समस्या होने का संदेह है। इस लक्षण का कारण बनने वाली कौन-सी शरीरक्रियात्मक प्रक्रिया सर्वाधिक प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होती है?

Ans
- ✗ A. रक्त वाहिका निर्माण में कमी
- ✓ B. अन्तर्गर्भाशयकला ऊतक का अत्यधिक झड़ना
- ✗ C. डिंब-ग्रंथि हार्मोन के उत्पादन में कमी
- ✗ D. डिंब के स्राव में विलंब

Q.14 एक तत्व X से एक आयन X^{2+} बनता है। यदि X के उदासीन परमाणु में 20 इलेक्ट्रॉन हैं, तो आयन में कितने इलेक्ट्रॉन उपस्थित हैं?

Ans
- ✗ A. 24
- ✓ B. 18
- ✗ C. 22
- ✗ D. 20

Q.15 एक बच्चा झूले पर झूल रहा है। ऊर्जा संरक्षण नियम के आधार पर, किस बिंदु पर बच्चे की गतिज ऊर्जा सबसे अधिक होती है?

Ans
- ✗ A. झूले के उच्चतम बिंदु पर
- ✗ B. गतिज ऊर्जा सभी बिंदुओं पर बराबर होती है
- ✗ C. उच्चतम और निम्नतम बिंदुओं के बीच में
- ✓ D. झूले के निम्नतम बिंदु पर

Q.16 एक-विमीय गति में निम्नलिखित में से कौन-सी राशि कभी भी ऋणात्मक नहीं हो सकती है?

Ans
- ✗ A. वेग
- ✗ B. विस्थापन
- ✗ C. स्थिति में परिवर्तन
- ✓ D. पथ की लंबाई

Q.17 जब प्रकाश की कोई किरण किसी त्रिभुजाकार कांच के प्रिज्म से होकर गुजरती है, तो निर्गत किरण सामान्यतः आपतित किरण के समानांतर नहीं होती है। इस प्रेक्षण की सर्वोत्तम व्याख्या निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
- ✗ A. प्रकाश किरण प्रिज्म के दोनों फलकों पर पूर्ण परावर्तन से गुजरती है।
- ✗ B. प्रिज्म के समानांतर फलक समान अपवर्तन करते हैं जो एक-दूसरे को निरस्त कर देते हैं।
- ✓ C. प्रिज्म के दो अपवर्तक फलक एक-दूसरे की ओर आनत होते हैं, जिससे प्रकाश किरण का समग्र विचलन होता है।
- ✗ D. प्रकाश किरण बिना किसी दिशा परिवर्तन के प्रिज्म से एकसमान रूप से गुजरती है।

Q.18 जंतुओं में, अवायवीय श्वसन के परिणामस्वरूप मुख्य रूप से _____ का निर्माण होता है।

Ans
- ✗ A. जल
- ✗ B. कार्बन डाइऑक्साइड
- ✗ C. ग्लूकोज
- ✓ D. लैक्टिक अम्ल

Q.19 धातु के ब्लॉक में दोषों का पता लगाने के लिए पराध्वनि (ultrasound) का उपयोग कैसे किया जा सकता है?

Ans
- ✗ A. ब्लॉक को पराध्वनि के साथ गर्म करके
- ✗ B. धातु के रंग का मापन करके
- ✗ C. ब्लॉक के भीतर दृश्य संचलन का अवलोकन करके
- ✓ D. आंतरिक दरारों पर तरंगों के परावर्तन का मापन करके

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.20 आमाशय ग्रंथियों द्वारा स्रावित कौन-सा एंजाइम आमाशय में प्रोटीन के पाचन में सहायक होता है?

Ans

✗ A. लाइपेज

✗ B. माल्टेस

✓ C. पेप्सिन

✗ D. ऐमिलेज

Q.21 मानव आमाशय में पाचन एंजाइमों के लिए एक विशिष्ट pH बनाए रखना क्यों महत्वपूर्ण है?

Ans

✗ A. आमाशय के अतिरिक्त अम्ल को उदासीन करने के लिए

✗ B. हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि को रोकने के लिए

✗ C. जल को अधिक कुशलता से अवशोषित करने के लिए

✓ D. पेप्सिन जैसे एंजाइमों के सही आकार और गतिविधि को सुनिश्चित करने के लिए

Q.22 न्यूटन के तृतीय नियम के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म को सही से निरूपित नहीं करता है?

Ans

✓ A. टेबल पर नीचे की ओर दाब लगाने वाली पुस्तक और पुस्तक को नीचे खींचने वाला गुरुत्व

✗ B. बल्ले से गेंद को मारना और गेंद का बल्ले पर वापस धक्का लगाना

✗ C. रॉकेट की निकास गैसों का पीछे की ओर धकेलना और वायु का रॉकेट को आगे की ओर धकेलना

✗ D. चलते समय पैरों द्वारा धरातल को धकेलना और धरातल द्वारा वापस पैरों को धकेलना

Q.23 यदि एक अजैव-निम्नीकरणीय रसायन जल में 0.02 ppm की सांद्रता से खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करता है, तो समय के साथ क्या होगा?

Ans

✗ A. उच्चतम पोषी स्तरों पर इसकी सांद्रता कम हो जाएगी

✓ B. यह उच्चतम पोषी स्तरों पर अधिकतम संचयन दर्शाएगा

✗ C. यह केवल उत्पादकों तक ही सीमित रहेगा

✗ D. यह पारिस्थितिकी तंत्र से पूर्णत: लुप्त हो जाएगा

Q.24 उद्दीपन के प्रति अनुक्रिया में वृद्धि के कारण किस प्रकार का पादप संचलन होता है?

Ans

✗ A. यादृच्छिक वृद्धि

✗ B. वृत्तीय वृद्धि

✗ C. तीव्र संकुचन

✓ D. दिशात्मक वृद्धि

Q.25 पौधों में, विभाजक ऊतकों की उपस्थिति के कारण वृद्धि विशिष्ट क्षेत्रों तक ही सीमित रहती है, जिन्हें _____ के नाम से भी जाना जाता है।

Ans

✓ A. विभज्योतक ऊतक

✗ B. सहायक ऊतक

✗ C. स्थायी ऊतक


✗ D. संवहनी ऊतक

Railway BABA

Section : **Mathematics**

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.26 निम्न पाई चार्टों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
विद्यालय को विभिन्न स्रोतों से मिलने वाला कुल फंड ₹700 लाख है।
यदि विद्यालय केवल सरकारी एजेंसियों से मिले फंड से ही विद्यालय के रखरखाव का प्रबंधन करता है, तो सरकारी एजेंसियों से मिले फंड में से अन्य उपयोगों के लिए कितना फंड (₹ में) शेष रहता है?



Ans
- ✗ A. 165 लाख
- ✗ B. 155 लाख
- ✓ C. 175 लाख
- ✗ D. 185 लाख

Q.27 2, 4, 6 और 8 का औसत कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 4
- ✗ C. 7
- ✓ D. 5

Q.28 500 m लंबी और 72 km/h की चाल से गतिमान एक ट्रेन, विपरीत दिशा में 54 km/h की चाल से गतिमान और 410 m लंबी एक अन्य ट्रेन को पार करती है। दोनों ट्रेनों को एक-दूसरे को पूरी तरह से पार करने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. 18 सेकंड
- ✓ B. 26 सेकंड
- ✗ C. 32 सेकंड
- ✗ D. 40 सेकंड

Q.29 एक ट्रेन 7:00 a.m. पर स्टेशन A से स्टेशन B के लिए 80 km/h की चाल से चलती है। दूसरी ट्रेन 8:30 a.m. पर स्टेशन B से स्टेशन A के लिए उसी पटरी पर 100 km/h की चाल से चलती है। यदि दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी 550 km है, तो दोनों ट्रेनें किस समय एक-दूसरे से मिलेंगी?

Ans
- ✗ A. 10:52:20 a.m.
- ✗ B. 10:53:21 a.m.
- ✗ C. 10:35:20 a.m.
- ✓ D. 10:53:20 a.m.

Q.30 एक व्यापारी ₹500 प्रति बैरल की दर से तेल खरीदता है। वह पहले कीमत में 20% की वृद्धि करता है और बाद में बढ़ी हुई कीमत में 10% की कमी कर देता है। प्रति बैरल अंतिम कीमत कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. ₹560
- ✗ B. ₹550
- ✓ C. ₹540
- ✗ D. ₹500

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.31 $\sqrt{(272)^2-(128)^2}$ को सरल कीजिए।

Ans
✗ A. 144
✓ B. 240
✗ C. 200
✗ D. 256

Q.32 यदि किसी न्यून कोण θ के लिए $\sin\theta + \cos\theta = \sqrt{2}$ है, तो $\sin^4\theta + \cos^4\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. $\frac{1}{\sqrt{2}}$
✗ B. 1
✗ C. $\frac{1}{4}$
✓ D. $\frac{1}{2}$

Q.33 एक वाटर टैंक में दो इनलेट पाइप A और B हैं, तथा एक आउटलेट पाइप C है। पाइप A अकेले टैंक को 12 घंटे में भर सकता है, पाइप B अकेले उसे 18 घंटे में भर सकता है, तथा पाइप C अकेले पूरे भरे टैंक को 24 घंटे में खाली कर सकता है। यदि तीनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टैंक कितने समय में भर जाएगा? (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
✗ A. 11.2 घंटे
✗ B. 12.5 घंटे
✗ C. 9.5 घंटे
✓ D. 10.3 घंटे

Q.34 किसी बेलन का आयतन और ऊँचाई क्रमशः 1232 cm^3 और 24.5 cm हैं। बेलन की त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए। (π = 22/7 का प्रयोग कीजिए)

Ans
✗ A. 5
✗ B. 11
✗ C. 10
✓ D. 4

Q.35 एक चुनाव में, कुल 8,000 मत डाले गए। उम्मीदवार X को कुल मतों में से 55% मत प्राप्त हुए। उम्मीदवार X को प्राप्त मतों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 4,400
✗ B. 4,200
✗ C. 4,000
✗ D. 4,600

Q.36 एक निश्चित धनराशि 3% वार्षिक दर से 3 वर्षों के लिए साधारण ब्याज पर निवेश की जाती है। अर्जित साधारण ब्याज, 6% वार्षिक दर से 2 वर्षों के लिए निवेश की गई ₹6,000 की धनराशि पर अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज के आधे के बराबर है (जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है)। साधारण ब्याज पर निवेश की गई धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹4,350
✗ B. ₹3,890
✓ C. ₹4,120
✗ D. ₹3,650

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.37 यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 49 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

वर्ग	20-30	30-40	40-50	50-60	60-70
बारंबारता	24	34	15	36	x

Ans
- ✗ A. 77
- ✗ B. 84
- ✗ C. 61
- ✓ D. 56

Q.38 श्रीमान X ने 40 महीनों के लिए ₹50,000 की राशि उधार ली। यदि उन्होंने मासिक किस्त के रूप में ₹1,625 चुकाए, तो साधारण ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 9%
- ✗ B. 7.5%
- ✗ C. 8%
- ✗ D. 6.8%

Q.39 निम्नलिखित संख्याओं का माध्य ज्ञात कीजिए:
283, 261, 253, 175, 186 और 192

Ans
- ✗ A. 235
- ✓ B. 225
- ✗ C. 230
- ✗ D. 220

Q.40 एक सम षट्भुजाकार बगीचे की प्रत्येक भुजा की लंबाई 21 m है। इसके केंद्र में 7 m त्रिज्या वाला एक वृत्ताकार फव्वारा बनाया गया है। शेष बगीचे का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित)।
($\pi = \frac{22}{7}$ और $\sqrt{3} = 1.73$)

Ans
- ✓ A. 990.4 m^2
- ✗ B. 981.4 m^2
- ✗ C. 996.4 m^2
- ✗ D. 986.4 m^2

Q.41 एक माता और उसकी पुत्री की वर्तमान आयु का योग 50 वर्ष है। पाँच वर्ष पहले, माता की आयु उसकी पुत्री की आयु की सात गुना थी। पुत्री की वर्तमान आयु कितनी है?

Ans
- ✗ A. 14 वर्ष
- ✗ B. 12 वर्ष
- ✓ C. 10 वर्ष
- ✗ D. 11 वर्ष

Q.42 मान लीजिए A एक समबहुभुज है जिसका प्रत्येक आंतरिक कोण उसके बाह्य कोण से 120° अधिक है। A की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 12
- ✗ B. 15
- ✗ C. 10
- ✗ D. 18

Q.43 2.5, 4, और 10 का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 16
- ✗ B. 12
- ✗ C. 18
- ✗ D. 14

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.44 यदि ब्याज, अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो ₹12,000 की धनराशि पर 10% वार्षिक दर से 1.5 वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज (₹ में, निकटतम दहाई तक पूर्णांकित) कितना होगा?

Ans
✗ A. 1,970
✗ B. 1,980
✗ C. 1,870
✓ D. 1,890

Q.45 यदि एक दर्जन नोटबुक की कीमत ₹360 है, तो ऐसी 5 नोटबुक की कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹180
✗ B. ₹120
✓ C. ₹150
✗ D. ₹160

Q.46 यदि एक 7-अंकों संख्या 87321A6, 6 से पूर्णतः विभाज्य है, तो A का न्यूनतम मान क्या है?

Ans
✗ A. 3
✗ B. 2
✓ C. 0
✗ D. 1

Q.47 यदि $\cos\theta + \cos^2\theta = \sec^2\theta - \tan^2\theta$ है, तो $\sin^2\theta + \sin^4\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. $\cos^2\theta$
✓ B. 1
✗ C. $\text{cosec}\theta$
✗ D. 0

Q.48 एक व्यापारी किसी वस्तु को उसके सूची मूल्य पर 25% की छूट पर खरीदता है और उसे सूची मूल्य से 35% अधिक पर अंकित करता है। यदि वह नए अंकित मूल्य पर 20% की छूट प्रदान करता है, तो उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 36%
✓ B. 44%
✗ C. 42%
✗ D. 34%

Q.49 यदि संख्याएं 25, 35, 45.2 और x, समानुपात में हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 70.78
✓ B. 63.28
✗ C. 56.23
✗ D. 52.56

Q.50 एक व्यापारी किसी वस्तु को उसके अंकित मूल्य पर 25% और 80% की दो क्रमिक छूट देकर बेचता है और उसे 50% का लाभ प्राप्त होता है। यदि वस्तु का क्रय मूल्य 74% बढ़ा दिया जाए, तो उसे पहले जितना लाभ प्रतिशत प्राप्त करने के लिए उसी समान अंकित मूल्य पर कितनी छूट देनी चाहिए?

Ans
✗ A. 72.62%
✗ B. 66.56%
✗ C. 69.5%
✓ D. 73.9%

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.51 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

: VWS :: YZV : %

Ans
✗ A. # = WXT , % = XXV

✗ B.
= WXS , % = WXT

✗ C.
= WZV , % = XYU

✓ D.
= WXT , % = XYU

Q.52 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'BOST' को '7816' और 'STOM' को '8764' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' के लिए कूट क्या है?

Ans
✓ A. 4

✗ B. 8

✗ C. 6

✗ D. 7

Q.53 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 39 का संबंध 117 से है। इसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 46 का संबंध 138 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 54 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है? (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

Ans
✗ A. 168

✗ B. 174

✗ C. 156

✓ D. 162

Q.54 श्री नॉरज़ांग बिंदु A से गाड़ी चलाना शुरू करते हैं और 19 km दक्षिण की ओर गाड़ी चलाते हैं। फिर वह दाईं ओर मुड़कर 29 km गाड़ी चलाते हैं, फिर से दाईं ओर मुड़कर 12 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वह दाईं ओर मुड़कर 16 km गाड़ी चलाते हैं। इसके बाद वह दाईं ओर मुड़कर 8 km गाड़ी चलाते हैं, फिर बाईं ओर मुड़कर 2 km गाड़ी चलाते हैं। अंत में वह बाईं ओर मुड़कर 15 km गाड़ी चलाते हैं और बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उनको कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलाना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं)

Ans
✓ A. 11 km पूर्व की ओर

✗ B. 11 km पश्चिम की ओर

✗ C. 7 km उत्तर की ओर

✗ D. 7 km दक्षिण की ओर

Q.55 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) B G P W P Z L Q J K V I V Z E R I F F M I (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में एक स्वर है?

Ans
✗ A. दो

✗ B. एक

✗ C. चार

✓ D. तीन

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.56 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
68 - 2 ÷ 21 + 63 × 9 = ?

Ans
✔ A. 150
✘ B. 140
✘ C. 170
✘ D. 160

Q.57 A, B, C, D, E और F एक वृत्त के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, F के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। B, D के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। E के बाईं ओर से गिनती करने पर E और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A, E का निकटतम पड़ोसी है। B के बाईं ओर से गिनती करने पर F और B के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✘ A. दो
✔ B. एक
✘ C. तीन
✘ D. एक भी नहीं

Q.58 दी गई अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

(बाएं) L P # & M N + A S $ % @ H J L P @ & X ? W B H P L & + X Z F % ? W @ P L (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीक हटा दिए जाएं, तो श्रृंखला के दाएं छोर से चौथे अक्षर और बाएं छोर से चौथे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में कितने अक्षर हैं?

Ans
✘ A. 5
✘ B. 8
✔ C. 7
✘ D. 10

Q.59 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'NUKE' को '6148' के रूप में तथा 'UREN' को '9418' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'R' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
✘ A. 1
✘ B. 4
✘ C. 8
✔ D. 9

Q.60 O, N, W, M और A में से सभी अक्षरों का उपयोग करके कितने सार्थक पांच-अक्षरों वाले अंग्रेजी शब्द बनाए जा सकते हैं जिसमें प्रत्येक शब्द में प्रत्येक अक्षर का केवल एक बार उपयोग किया गया हो?

Ans
✘ A. दो से अधिक
✘ B. एक भी नहीं
✔ C. एक
✘ D. दो

Q.61 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ A. ECZ
✘ B. JHE
✘ C. RPM
✔ D. DBX

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.62 Q, R, W, T, E, U और Y में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। T की परीक्षा शुक्रवार को है। R और U के बीच ठीक तीन व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा रविवार को नहीं है। W की परीक्षा E के ठीक बाद है। Q की परीक्षा U से ठीक पहले है। W के ठीक बाद किसकी परीक्षा है?

Ans
- ✗ A. E
- ✓ B. T
- ✗ C. U
- ✗ D. R

Q.63 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. RT - WY
- ✗ B. PR - UW
- ✓ C. DF - IL
- ✗ D. KM - PR

Q.64 अमित उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर खड़े हुए 35 व्यक्तियों की एक पंक्ति में खड़ा है। वह बाएं छोर से 10वें स्थान पर है। यदि सुनील, अमित के बाएं 5वें स्थान पर खड़ा है, तो बाएं छोर से सुनील का स्थान क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 11वां
- ✗ B. 8वां
- ✓ C. 5वां
- ✗ D. 6वां

Q.65 यदि शब्द BYCEPAL के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✓ D. दो

Q.66 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

185 210 246 295 359 ?

Ans
- ✗ A. 433
- ✗ B. 411
- ✓ C. 440
- ✗ D. 401

Q.67 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

FUN TOP MIX LED

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है, तो इस प्रकार निर्मित कितने अक्षर समूहों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✓ D. दो

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.68 27 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, नेहा शीर्ष से छठे स्थान पर है। कक्षा में नीचे से उसका स्थान क्या है?

Ans
✗ A. 21वां
✗ B. 23वां
✓ C. 22वां
✗ D. 20वां

Q.69 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BARK' को '1849' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'RACK' को '6941' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या है?

Ans
✓ A. 6
✗ B. 9
✗ C. 4
✗ D. 1

Q.70 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से RKZG का संबंध MEUA से है। उसी प्रकार, JNCL का संबंध EHXF से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ADMQ का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✓ A. VXHK
✗ B. VYHJ
✗ C. WYIJ
✗ D. WXYK

Q.71 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आएगा?
YDB UHE QLH MPK ?

Ans
✗ A. NTO
✓ B. ITN
✗ C. OPS
✗ D. NTL

Q.72 यदि 'P' का अर्थ '+' है, 'Q' का अर्थ '–' है, 'R' का अर्थ '÷' है और 'S' का अर्थ '×' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

4 S 5 P 21 Q 7 R 1 = ?

Ans
✓ A. 34
✗ B. 44
✗ C. 39
✗ D. 30

Q.73 यदि '+' का अर्थ 'घटाना' है, '–' का अर्थ 'गुणा' है, '×' का अर्थ 'भाग' है तथा '÷' का अर्थ 'जोड़' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

15 × 5 ÷ 12 – 2 + 11 = ?

Ans
✗ A. 27
✓ B. 16
✗ C. 23
✗ D. 20

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.74 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

RED BUS HOP FIT

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
✗ A. चार
✗ B. एक भी नहीं
✓ C. एक
✗ D. दो

Q.75 एक निश्चित कूट भाषा में,
A ^ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A # B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A Ω B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है' और
A ± B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'C Ω L ^ M ± P # R' है, तो C का R से क्या संबंध है?

Ans
✗ A. माता की माता की बहन
✗ B. माता की माता
✓ C. भाई की पत्नी की बहन
✗ D. बहन

Q.76 K का विवाह M से हुआ है। E, V की माता है। T का विवाह E से हुआ है। M, V की बहन है। T का K से क्या संबंध है?

Ans
✗ A. पत्नी की बहन
✗ B. बहन का पति
✓ C. पत्नी का पिता
✗ D. पति की माता

Q.77 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त समान संक्रिया-समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

8 - 10 - 12 - 24
12 - 14 - 16 - 32

Ans
✓ A. 10 - 12 - 14 - 28
✗ B. 11 - 13 - 15 - 32
✗ C. 9 - 11 - 13 - 24
✗ D. 16 - 18 - 20 - 28

Q.78 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
गिनती बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) H 5 K & D # 6 G 7 A L % J Q 4 B F 9 @ Y 2 P S 8 C (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक संख्या भी है?

Ans
✓ A. एक
✗ B. दो
✗ C. चार
✗ D. तीन

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.79 छह मित्र, C, D, E, O, P और Q, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। Q के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q और O के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। O के बाईं ओर दूसरे स्थान पर P बैठा है। P और E के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C के बाईं ओर किसी स्थान पर D बैठा है। D के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. चार
- ✓ C. पांच
- ✗ D. दो

Q.80 एक निश्चित तर्क के अनुसार, KG 1 का संबंध MH 4 से है। उसी प्रकार, OQ 9 का संबंध QR 12 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SM 5 का संबंध दिए गए विकल्पों में किससे है?

Ans
- ✓ A. UN 8
- ✗ B. OP 14
- ✗ C. NQ 12
- ✗ D. NP 14

Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 मई 2026 में IPL के एक ही सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बनकर किसने इतिहास रचा?

Ans
- ✗ A. ईशान किशन
- ✗ B. प्रियांश आर्य
- ✗ C. अभिषेक शर्मा
- ✓ D. वैभव सूर्यवंशी

Q.82 उस स्वदेशी मिसाइल का नाम क्या है, जिसका फाइनल ट्रायल DRDO ने मई 2026 में एयर-टु-ग्राउंड (air-to-ground) और एयर-टु-एयर (air-to-air) दोनों मोड में सफलतापूर्वक पूरा किया था?

Ans
- ✗ A. ULPGM-V2
- ✗ B. ULPGM-V5
- ✗ C. ULPGM-V4
- ✓ D. ULPGM-V3

Q.83 ICC पुरुष T20 विश्व कप 2026 की सह-मेजबानी निम्नलिखित में से किन देशों द्वारा की गई थी?

Ans
- ✗ A. पाकिस्तान और श्रीलंका
- ✗ B. पाकिस्तान और बांग्लादेश
- ✓ C. भारत और श्रीलंका
- ✗ D. पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात

Q.84 2026 के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की टाइम100 (TIME100) सूची के अनुसार, कौन-सा व्यक्ति सर्वाधिक बार सूची में शामिल हुआ — जो उसकी 14वीं उपस्थिति है?

Ans
- ✗ A. सुंदर पिचाई (Sundar Pichai)
- ✗ B. बेंजामिन नेतन्याहू (Benjamin Netanyahu)
- ✓ C. शी जिनपिंग (Xi Jinping)
- ✗ D. डोनाल्ड ट्रंप (Donald Trump)

Q.85 जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2026, 79 केंद्रीय अधिनियमों में 784 प्रावधानों को लक्षित करता है। नियामक अनुपालन को सरल बनाने के लिए इस विधेयक द्वारा प्रस्तावित प्राथमिक कानूनी तंत्र क्या है?

Ans
- ✗ A. यह सभी छोटे मौद्रिक दंडों को माफ करता है।
- ✗ B. यह सभी विवादों को उच्च न्यायालयों में स्थानांतरित करता है।
- ✓ C. यह आपराधिक आरोपों को नागरिक दंड में बदलता है।
- ✗ D. यह कानून प्रवर्तन को राज्य पुलिस को सौंपता है।

Railway BABA
Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.86 फरवरी 2026 में सरकार द्वारा S.O. 952(E) के अंतर्गत प्रारंभ की गई नई सड़क सुरक्षा कल्याण पहल का आधिकारिक नाम क्या है?

Ans
✗ A. पीएम-उपचार (PM-UPCHAAR)
✓ B. पीएम-राहत (PM-RAHAT)
✗ C. पीएम-कवच (PM-KAVACH)
✗ D. पीएम-सुरक्षा (PM-SURAKSHA)

Q.87 जनवरी 2026 में, आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 को संसद में किस कार्यक्रम से पहले प्रस्तुत किया गया था?

Ans
✗ A. श्रम सर्वेक्षण प्रकाशन
✗ B.
मौद्रिक नीति की घोषणा
✓ C. केंद्रीय बजट प्रस्तुति
✗ D. जनगणना रिपोर्ट विमोचन

Q.88 भारत सरकार के किस मंत्रालय ने मार्च 2026 में, 'Planet in Focus: Advancing Environmental Sustainability under the SDGs' (प्लैनेट इन फोकस: एडवांसिंग एन्वायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी अंडर द SDGs) नामक विषय-आधारित SDG बुलेटिन जारी किया?

Ans
✓ A. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
✗ B.
पंचायती राज मंत्रालय
✗ C.
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
✗ D.
ग्रामीण विकास मंत्रालय

Q.89 निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी को पैरा-एथलीट के रूप में पद्म श्री पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया था?

Ans
✓ A. प्रवीण कुमार
✗ B. के. पजानिवेल
✗ C. रोहित शर्मा
✗ D. सविता पुनिया

Q.90 मई 2026 में, किन संगठनों ने सामरिक उन्नत रेंज संवर्धन (TARA) हथियार का पहला उड़ान परीक्षण किया?

Ans
✗ A. भारतीय नौसेना और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
✓ B. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और भारतीय वायु सेना
✗ C. भारतीय सेना और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
✗ D. भारतीय वायु सेना और भारत डायनामिक्स लिमिटेड

Q.91 फरवरी 2026 में, किस देश ने सतत विकास पर 13वें एशिया-प्रशांत मंच (Asia-Pacific Forum on Sustainable Development-APFSD) की मेजबानी की?

Ans
✓ A. थाईलैंड
✗ B. इंडोनेशिया
✗ C. भारत
✗ D. जापान

Q.92 14 मई, 2026 को आयोजित "विकसित भारत के लिए AI के माध्यम से अल्पसंख्यक कल्याण और समावेशी विकास" पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान, मंत्रालय ने किस प्राथमिक तकनीकी ड्राइवर (technological driver) को कल्याणकारी कार्यक्रमों में एकीकृत करने का प्रयास किया?

Ans
✗ A. ब्लॉकचेन लेजर सुरक्षा नेटवर्क
✗ B. क्वांटम कंप्यूटिंग नेटवर्क नोड्स
✓ C. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) समाधान
✗ D. जियोस्पेशियल रिमोट सेंसिंग उपग्रह

Railway BABA

Q.93 मार्च 2026 में, हाल के सुधारों के तहत भारत में किस संस्था को नेशनल डेंटल कमीशन (NDC) द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था?

Ans
- ✔ A. डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया
- ✘ B. नेशनल डेंटल अथॉरिटी
- ✘ C. इंडियन डेंटल असोशिएशन
- ✘ D. डेंटल बोर्ड ऑफ इंडिया

Q.94 विश्व बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप 2026 में महिलाओं के 51 kg वर्ग में किस मुक्केबाज ने स्वर्ण पदक जीता?

Ans
- ✘ A. राधामणी लोंगजाम
- ✔ B. चंद्रिका पुजारी
- ✘ C. नीतू घंघास
- ✘ D. लवलीना बोरगोहेन

Q.95 जून 2026 में पेरिस समझौते के अनुच्छेद 6.2 के तहत 'जॉइंट क्रेडिटिंग मैकेनिज्म' के कार्यान्वयन नियम किन दो देशों ने अपनाए थे?

Ans
- ✘ A. भारत और ब्राजील
Q.24 एक विद्यार्थी नम जंगल में शैलों पर उगने वाली हरी मैट (green mats) का अवलोकन करता है। इनमें मूलाभास जैसी संरचनाएं हैं लेकिन वास्तविक जड़ें नहीं हैं। ये पादप संभवतः किस वर्ग को दर्शाते हैं?

Ans
✗ A. टेरिडोफाइटा (Pteridophyta)
✗ B. थैलोफाइटा (Thallophyta)
✗ C. जिम्नोस्पर्म (Gymnosperm)
✓ D. ब्रायोफाइटा (Bryophyta)

Q.25 एक विद्यार्थी गलती से प्रयोगशाला की मेज पर थोड़ी मात्रा में तनु सल्फ्यूरिक अम्ल गिरा देता है। शिक्षक, अम्ल को उदासीन करने के लिए सोडियम बाइकार्बोनेट पाउडर डालने का सुझाव देता है। कौन-सा उत्पाद इस बात की पुष्टि करता है कि उदासीनीकरण अभिक्रिया हुई है?

Ans
✗ A. धातु ऑक्साइड का निर्माण
✗ B. ऑक्सीजन गैस का निर्माण
✗ C. हाइड्रोजन गैस का निर्माण
✓ D. कार्बन डाइऑक्साइड और लवण का निर्माण

Section : **Mathematics**

Q.26 प्रत्येक त्रिज्या r इकाई वाले दो वृत्तों पर एक उभयनिष्ठ बाह्य स्पर्श रेखा खींची जाती है। उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा की लंबाई 2r इकाई है। वृत्तों के केंद्रों के बीच की दूरी _____ इकाई है।

Ans
✗ A. r
✗ B. $4r$
✗ C. $3r$
✓ D. $2r$

Q.27 यदि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो ₹10,176 की धनराशि पर 25% वार्षिक ब्याज दर से 3 वर्ष में प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. ₹9,699
✗ B. ₹9,999
✗ C. ₹9,799
✗ D. ₹9,899

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.28 एक शहर में, X और Y उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में 75% पंजीकृत वोटरों ने वोट डाले। उम्मीदवार X ने 840 वोटों से चुनाव जीता। यदि उम्मीदवार Y को 50% अधिक वोट प्राप्त हुए होते, तो चुनाव बराबरी पर समाप्त होता। शहर में पंजीकृत वोटरों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 4800
- ✗ B. 5230
- ✗ C. 5700
- ✓ D. 5600

Q.29 ΔABC में, $\angle C = 90^\circ$ और $\tan A = \sqrt{6}$ है, तो $\sin A \times \cos B \times \operatorname{cosec}(A + B)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 0
- ✗ B. $\frac{\sqrt{3}}{2}$
- ✗ C. 1
- ✓ D. $\frac{6}{7}$

Q.30 यदि x, 2.6, 5.2 और 10.4 समानुपात में हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1.2
- ✓ B. 1.3
- ✗ C. 1.8
- ✗ D. 2.4

Q.31 दो शहरों A और B के बीच की दूरी 120 km है। एक मोटरसाइकिल राइडर 8 am पर A से B की ओर 21 km/h की चाल से चलना शुरू करता है। एक अन्य मोटरसाइकिल राइडर 9 am पर B से A की ओर 34 km/h की चाल से चलना शुरू करता है। वे किस समय (12-घंटे के घड़ी फ़ॉर्मेट में) एक-दूसरे को पार करेंगे?


Ans
- ✓ A. 10:48 am
- ✗ B. 10:15 am
- ✗ C. 11:10 am
- ✗ D. 11:20 am

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates


Q.32 नीचे दिए गए दो पाई चार्ट का अध्ययन करें और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

MARCH MONTH'S SALARY: ₹ 34000



A - Education
B - Savings
C - Grocery
D - Electricity and Phone Bills
E - Miscellaneous

APRIL MONTH'S SALARY: ₹ 35000



संदर्भ:
MARCH MONTH'S SALARY = मार्च महीने का वेतन
Education = शिक्षा
Savings = बचत
Grocery = किराने के सामान
Electricity and Phone Bills = बिजली और फोन बिल
Miscellaneous = विविध
APRIL MONTH'S SALARY = अप्रैल महीने का वेतन

मार्च के वेतन से शिक्षा पर खर्च की गई राशि और अप्रैल के वेतन से किराने के सामान पर खर्च की गई राशि का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 271:35
✓ B. 272:35
✗ C. 271:33
✗ D. 272:33

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.33 यदि $94^{0.8} = x$, $94^{0.03} = y$ और $x^z = y^2$ है, तो z का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 1.175
✗ B. 0.625
✗ C. 1.225
✓ D. 0.075

Q.34 निम्नलिखित आंकड़ों से, माध्यिका का मान कितना है?

18, 20, 21, 25, 26, 23 ,29 ,32, 41, 33, 39

Ans
✗ A. 29
✗ B. 25
✗ C. 32
✓ D. 26

Q.35 $\sin^2 42° + \sin^2 48° + \sec^2 30° - \cot^2 45°$ का मान कितना है?

Ans
✓ A. $\frac{4}{3}$
✗ B. $\frac{3}{4}$
✗ C. $\frac{2}{3}$
✗ D. 1

Q.36 ₹600 की राशि पर 4% वार्षिक ब्याज दर से 2.5 वर्षों के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 50
✓ B. 60
✗ C. 40
✗ D. 70

Q.37 यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 47 है, तो x का मान कितना होगा?

वर्ग	20-30	30-40	40-50	50-60	60-70
बारम्बारता	20	29	22	32	x

Ans
✗ A. 53
✗ B. 30
✗ C. 36
✓ D. 32

Q.38 पाइप A एक टैंक को 6 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 36 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 18 घंटे में भर सकता है। यदि वे एक साथ चालू होते हैं, तो उसी टैंक का 1/4 भाग भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
✓ A. 1
✗ B. 4
✗ C. 2
✗ D. 3

Q.39 एक कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या 50 से अधिक लेकिन 58 से कम एक अभाज्य संख्या है। कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✗ A. 57
✓ B. 53
✗ C. 52
✗ D. 55

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.40 एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों - I, II, III और IV पर एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 18% और 65% की दो क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान II, 56% और 86% की क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान III, 53% और 69% की क्रमिक छूट प्रदान करती है और दुकान IV, 15%, 60% और 65% की क्रमिक छूट प्रदान करती है। कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम मूल्य पर बेच रही है?

Ans
✗ A. III
✗ B. IV
✗ C. I
✓ D. II

Q.41 एक पात्र में संतरे के रस और जल का मिश्रण 3 : 5 के अनुपात में है। यदि कुल मिश्रण 168 L है, तो इस मिश्रण के कितने लीटर को जल से प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए, ताकि अनुपात 2 : 5 हो जाए?

Ans
✗ A. 38 L
✗ B. 45 L
✓ C. 40 L
✗ D. 42 L

Q.42 एक वॉशिंग मशीन की कीमत एक टीवी की कीमत से 50% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत में 81% की वृद्धि होती है और टीवी की कीमत में 47% की कमी होती है, तो 4 वॉशिंग मशीनों और 3 टीवी की कुल कीमत में प्रतिशत परिवर्तन कितना होगा?

Ans
✗ A. 2.1% की कमी
✗ B. 3.2% की वृद्धि
✗ C. 5.4% की कमी
✓ D. 4.2% की वृद्धि

Q.43 युवराज एक निश्चित राशि 20% वार्षिक ब्याज दर पर जमा करता है, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। 2 वर्ष के अंत में युवराज को कुल ₹34,668 प्राप्त होते है। युवराज द्वारा जमा की गई राशि कितनी थी?

Ans
✗ A. ₹23,641
✗ B. ₹23,925
✗ C. ₹23,790
✓ D. ₹24,075

Q.44 किसी गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल, संख्यात्मक रूप से एक दूसरे गोले के आयतन के बराबर है। यदि पहले गोले की त्रिज्या 7 cm है, तो दूसरे गोले की त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. $\sqrt[3]{147}$
✗ B. $\sqrt{147}$
✗ C. $\sqrt[3]{174}$
✗ D. $\sqrt{174}$

Q.45 एक कंपनी के पास किसी निश्चित वस्तु को पैक करने के निम्नलिखित दो विकल्प हैं:
बॉक्स A: 5 cm कोर वाला घनाकार बॉक्स
बॉक्स B: l = 6 cm, b = 4 cm और h = 3 cm वाला घनाभाकार बॉक्स
बॉक्स बनाने के लिए आवश्यक कार्डबोर्ड का लागत ₹10/cm² है। हालांकि, मोड़ने और घुमाने के कारण, बॉक्स A में 10% अधिक कार्डबोर्ड, जबकि बॉक्स B में 15% अधिक कार्डबोर्ड का उपयोग होता है। कार्डबोर्ड की कुल लागत को न्यूनतम करने के लिए कंपनी किस बॉक्स को प्राथमिकता देगी और उसके निर्माण की लागत कितनी होगी?

Ans
✗ A. बॉक्स A: ₹1650
✗ B. बॉक्स B: ₹1800
✓ C. बॉक्स B: ₹1242
✗ D. बॉक्स A: ₹1500

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.46 एक कार शहर A से शहर B तक 30 km/hr की चाल से जाती है और 45 km/hr की चाल से वापस आती है। संपूर्ण यात्रा के लिए औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 42 km/hr
- ✗ B. 40 km/hr
- ✗ C. 35 km/hr
- ✓ D. 36 km/hr

Q.47 छह वर्ष पहले, A की आयु उस आयु की आधी थी जो अब से छह वर्ष बाद होगी। A की वर्तमान आयु कितनी है?

Ans
- ✓ A. 18 वर्ष
- ✗ B. 12 वर्ष
- ✗ C. 13 वर्ष
- ✗ D. 24 वर्ष

Q.48 यदि x:(y+z)=3:8, y:(x+z)=4:11 और x+y+z=4950 है, तो z−y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 840
- ✓ B. 960
- ✗ C. 720
- ✗ D. 1080

Q.49 अरविंद ने ₹x में एक वस्तु खरीदी। उसने इसे बीरू को 19% की हानि पर बेच दिया। बीरू ने इसके परिवहन पर ₹166 खर्च किए और इसे मीनू को 35% के लाभ पर बेच दिया। यदि मीनू ने इसे ₹1,755 में खरीदा, तो x का मान कितना है?

Ans
- ✗ A. 1,500
- ✗ B. 1,350
- ✗ C. 1,450
- ✓ D. 1,400

Q.50 32 − 5 of (17 − 12) + 4 × 7 − 6 ÷ 3 को सरल कीजिए।

Ans
- ✗ A. 32
- ✗ B. 35
- ✗ C. 31
- ✓ D. 33

Section : General Intelligence and Reasoning

Q.51 शब्द DECONGESTED के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

Ans
- ✗ A. A
- ✗ B. E
- ✓ C. B
- ✗ D. F

Q.52 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TINY' को '2176' के रूप में और 'ANTI' को '7618' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'A' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✗ A. 7
- ✗ B. 6
- ✓ C. 8
- ✗ D. 1

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.53 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

TRY MAT CAN JUG

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने शब्दों में एक से अधिक स्वर होंगे?

Ans
✗ A. दो
✗ B. एक
✓ C. एक भी नहीं
✗ D. तीन

Q.54 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
RUG DOF AMP DIM
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। इस प्रकार निर्मित कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं दिखाई देगा?

Ans
✗ A. तीन
✗ B. एक
✗ C. चार
✓ D. दो

Q.55 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

LRM IOJ FLG CID ?

Ans
✗ A. ZER
✗ B. ZDS
✗ C. ZAF
✓ D. ZFA

Q.56 यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

8 ÷ 4 - 38 + 49 × 7 = ?

Ans
✗ A. 71
✗ B. 61
✓ C. 63
✗ D. 67

Q.57 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है', और
A # B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D + Y # R - B @ G' है, तो D का G से क्या संबंध है?

Ans
✓ A. भाई की पत्नी की बहन
✗ B. भाई की पुत्री
✗ C. भाई की पत्नी
✗ D. भाई की पत्नी की माता

Railway BABA

Q.58 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 35 का संबंध 283 से है। उसी तर्क के अनुसार, 27 का संबंध 219 से है। समान तर्क के अनुसार 41 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✔ A. 331
✘ B. 310
✘ C. 319
✘ D. 301

Q.59 दी गई अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) ∞ * R M % & H G W π R β U H # * + L ÷ V A Ω H M = A V (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
✘ A. एक भी नहीं
✘ B. एक
✘ C. तीन
✔ D. दो

Q.60 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

205 181 157 133 109 ?

Ans
✘ A. 89
✘ B. 81
✘ C. 93
✔ D. 85

Q.61 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TANK' को '9356' के रूप में और 'AUNT' को '6579' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'U' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✔ A. 7
✘ B. 6
✘ C. 5
✘ D. 9

Q.62 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। R की परीक्षा गुरुवार को है। V और R के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। U और V के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। T की परीक्षा U के बाद लेकिन S से पहले है। Q की परीक्षा P से ठीक पहले है लेकिन सोमवार को नहीं है। V और P के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
✘ A. दो
✘ B. तीन
✔ C. एक
✘ D. एक भी नहीं

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.63 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी सेब, फल हैं।
कुछ फल, मीठे हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ सेब, मीठे हैं।
(II) सभी मीठे, सेब हैं।

Ans
✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ B. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं
✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.64 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
✗ A. FC - EB
✓ B. TQ - SO
✗ C. MJ - LI
✗ D. OL - NK

Q.65 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A, E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में तथा D के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। F, D के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। G, F के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। C, F का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
✗ A. E
✗ B. A
✗ C. G
✓ D. B

Q.66 A, G, H, P, S और Y एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, इसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। P सबसे ऊपरी तल पर रहता है। P और G के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। G से नीचे वाले तल पर S रहता है। A किसी सम-क्रमांकित तल पर रहता है। Y किसी विषम-क्रमांकित तल पर रहता है, लेकिन तल क्रमांक 5 पर नहीं रहता।
H और G के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
✗ A. चार
✗ B. एक
✗ C. तीन
✓ D. दो

Q.67 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
77 ÷ 11 + 225 × 5 – 126 = ?

Ans
✗ A. 919
✓ B. 928
✗ C. 914
✗ D. 924

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.68 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ A. CS-LR
✗ B. HX-QW
✗ C. VL-EK
✓ D. TJ-EI

Q.69 A, B, C, D, P, Q और R में से प्रत्येक व्यक्ति की परीक्षा सोमवार से प्रारंभ होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
Q और B के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। R और P के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है।
D की परीक्षा A से पहले किसी एक दिन तथा C के बाद किसी दिन है। B के बाद केवल P की परीक्षा है।
Q के बाद कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
✗ A. दो
✗ B. चार
✗ C. छह
✓ D. पाँच

Q.70 निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म द्वारा अनुसरण किया जाने वाला पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म द्वारा अनुसरण किए जाने वाले पैटर्न और संबंध के समान हो?
: LMN :: STU : %

Ans
✓ A. # = IJK, % = VWX
✗ B. # = XYZ, % = TUS
✗ C. # = MNP, % = TUS
✗ D. # = LMP, % = VWX

Q.71 स्मिता बिंदु A से चलना शुरू करके उत्तर की ओर 6 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़कर, 8 km ड्राइव करती है, फिर बाएं मुड़कर, 10 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़कर, 12 km ड्राइव करती है। वह अंतिम बार बाएं मुड़कर, 4 km ड्राइव करती है और बिंदु B पर रुकती है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)

Ans
✗ A. 4 km उत्तर की ओर
✗ B. 5 km पूर्व की ओर
✓ C. 4 km पश्चिम की ओर
✗ D. 5 km दक्षिण की ओर

Q.72 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

: PLQ :: LHM : %

Ans
✓ A. # = SOT , % = IEJ
✗ B. # = SIT , % = IEQ
✗ C. # = SPZ , % = QPJ
✗ D. # = PIT , % = IEV

RailwayBABA

Q.73 सात विद्यार्थी, I, J, K, P, Q, R और Z, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
Q, J के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। K और Z दोनों का निकटतम पड़ोसी R है। Z, J के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। P, Z का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
I के दाएँ तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ A. R
✓ B. P
✗ C. J
✗ D. Q

Q.74 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और यह क्रम इसी प्रकार आगे भी जारी रहता है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न के समुच्चयों में अपनाई गई संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?

(नोट: गणितीय संक्रियाएं, संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

24 - 32 - 42 - 54;
33 - 41 - 51 - 63

Ans
✗ A. 21 - 31 - 38 - 40
✓ B. 34 - 42 - 52 - 64
✗ C. 16 - 32 - 42 - 52
✗ D. 18 - 24 - 34 - 52

Q.75 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) + ? & 5 * 1 4 $ ^ / * > % @ 8 & & > / 5 8 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans
✓ A. एक
✗ B. दो
✗ C. एक भी नहीं
✗ D. तीन

Q.76 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

: LNJ :: SUQ : %

Ans
✗ A. # = MPK, % = WVX
✓ B. # = IKG, % = VXT
✗ C. # = PRO, % = VWX
✗ D. # = MPK, % = TUS

Q.77 V, W की पत्नी है। W, X का भाई है। X, Y का पिता है। V का Y से क्या संबंध है?

Ans
✓ A. पिता के भाई की पत्नी
✗ B. बहन के पति
✗ C. भाई की पत्नी
✗ D. माता की बहन के पति

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.78 शब्द 'MOURNED' में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर को छोड़कर अगले अक्षर से बदल दिया गया है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया गया है। इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

Ans
✗ A. M
✓ B. Q
✗ C. G
✗ D. C

Q.79 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) £ V ÷ L ≠ H @ Y S € > K ? V Ω G Z ? U $ A © E @ $ U Ω E (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में एक अक्षर भी है?

Ans
✗ A. एक
✗ B. एक भी नहीं
✗ C. तीन
✓ D. दो

Q.80 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

201 D 400 A 5 B 2 C 31 = ?

Ans
✗ A. 74
✗ B. 70
✗ C. 78
✓ D. 72

Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 2026 में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन द्वारा विमोचित पुस्तक "टाइड्स ऑफ टाइम: भारत्स हिस्ट्री थ्रू मुरल्स इन पार्लियामेंट (Tides of Time: Bharat's History through Murals in Parliament)" किसने लिखी थी?

Ans
✓ A. सुधा मूर्ति
✗ B. देवदत्त पट्टनायक
✗ C. शशि थरुर
✗ D. अमीष त्रिपाठी

Q.82 आपदा प्रबंधन में असाधारण कार्य के लिए संस्थागत श्रेणी में सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2026 से किस संस्थान को सम्मानित किया गया?

Ans
✗ A. भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी
✗ B. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान
✓ C. सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
✗ D. राष्ट्रीय आपदा मोचन बल

Q.83 अप्रैल 2026 में समोआ में आयोजित कॉमनवेल्थ यूथ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पुरुषों की 65-किलोग्राम कैटेगरी में किस वेटलिफ्टर ने स्वर्ण पदक जीता था?

Ans
✗ A. अभिनव गोगोई
✓ B. सुनील सिंह
✗ C. हरजिंदर कौर
✗ D. जेरेमी लालरिनुंगा

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.84 इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (CERT-In) ने नई दिल्ली में आयोजित डेफसैट सम्मेलन और एक्सपो-2026 के दौरान, अंतरिक्ष साइबर सुरक्षा के लिए एक व्यापक ढांचा और दिशानिर्देश किस संगठन के सहयोग से विकसित किए थे?

Ans
- ✗ A. एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड
- ✓ B. सैटकॉम इंडस्ट्री एसोसिएशन-इंडिया
- ✗ C. न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड
- ✗ D. इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन

Q.85 केंद्रीय बजट 2025-26 की घोषणा के अनुसार, किस राज्य में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट स्थापित किया जाएगा?

Ans
- ✗ A. हरियाणा
- ✗ B. ओडिशा
- ✗ C. राजस्थान
- ✓ D. बिहार

Q.86 मई 2026 में बाओजी सिटी जिम्नेशियम (Baoji City Gymnasium) में आयोजित बाओजी चाइना मास्टर्स सुपर 100 (Baoji China Masters Super 100) बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला एकल वर्ग में रजत पदक किसने जीता था?

Ans
- ✗ A. उन्नति हुड्डा (Unnati Hooda)
- ✓ B. श्रीयांशी वालिशेट्टी (Shriyanshi Valishetty)
- ✗ C. एन की युआन (An Qi Yuan)
- ✗ D. मालविका बनसोड (Malvika Bansod)

Q.87 दिसंबर 2025 में शुरू की गई बाजार पहुंच सहायता (MAS) योजना मुख्य रूप से आर्थिक गतिविधि के किस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए शुरू की गई थी?

Ans
- ✓ A. निर्यात को बढ़ावा देना और MSME निर्यातकों का समर्थन करना
- ✗ B. प्रवासियों के लिए शहरी आवास सब्सिडी प्रदान करना
- ✗ C. किसानों के लिए कृषि खरीद में वृद्धि करना
- ✗ D. सार्वभौमिक ग्रामीण स्वास्थ्य बीमा का विस्तार करना

Q.88 ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित करप्शन परसेप्शन इंडेक्स (CPI), 2025 के अनुसार, 182 देशों में भारत का स्थान क्या था?

Ans
- ✓ A. 91वां
- ✗ B. 102वां
- ✗ C. 84वां
- ✗ D. 96वां

Q.89 वर्ल्ड गवर्नमेंट्स समिट, 2026 के लिए किस थीम को अपनाया गया था, जिसने भविष्य की चुनौतियों के लिए अभिनव समाधान खोजने हेतु सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, विचारकों और निजी क्षेत्र के नेताओं को एक साथ लाया गया?

Ans
- ✗ A. सतत सरकारों को मजबूत करना (Strengthening Sustainable Governments)
- ✗ B. डिजिटल सरकारों को नया रूप देना (Reinventing Digital Governments)
- ✗ C. आधुनिक सरकारों को सशक्त बनाना (Empowering Modern Governments)
- ✓ D. भविष्य की सरकारों को आकार देना (Shaping Future Governments)

Q.90 2025 में किस ISRO मिशन ने चंद्रमा के बर्हिमंडल पर कोरोनल मास इजेक्शन (CMEs) के प्रभावों का पता लगाया, जो वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व उपलब्धि थी?

Ans
- ✗ A. चंद्रयान-3
- ✗ B. आदित्य-L1
- ✗ C. चंद्रयान-1
- ✓ D. चंद्रयान-2

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.91 वर्ष 2026 में, भारत के गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के हिस्से के रूप में बंगाल की खाड़ी में क्रू मॉड्यूल रिकवरी परीक्षण किस संगठन ने आयोजित किया?

Ans

✗ A. भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS)

✓ B. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)

✗ C. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)

✗ D. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)

Q.92 11 मई 2026 को, भारत सरकार ने VB–G RAM G अधिनियम, 2025 को 1 जुलाई 2026 से लागू करने की अधिसूचना जारी की। इसने किस पूर्ववर्ती ग्रामीण रोजगार विधि को प्रतिस्थापित किया?

Ans

✗ A. दीनदयाल अंत्योदय योजना

✓ B. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005

✗ C. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

✗ D. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

Q.93 फरवरी 2026 में अभ्यास वायुशक्ति-26 (Exercise Vayushakti-26) कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans

✗ A. श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर

✗ B. कच्छ, गुजरात

✓ C.
पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज, जैसलमेर

✗ D. लेह, लद्दाख

Q.94 निम्नलिखित में से किस क्रिकेट टीम ने 2025 में हरियाणा को फाइनल में हराकर पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब जीता?

Ans

✗ A. कर्नाटक

✓ B. झारखंड

✗ C. राजस्थान

✗ D. पंजाब

Q.95 इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP) द्वारा प्रकाशित वैश्विक आतंकवाद सूचकांक (Global Terrorism Index) 2026 के अनुसार, आतंकवाद से संबंधित मौतों में वृद्धि के बाद कौन-सा देश पहले स्थान पर था?

Ans

✗ A. इराक

✗ B. भारत

✗ C. अफगानिस्तान

✓ D. पाकिस्तान

Q.96 मई 2026 में, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किस ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा की?

Ans

✗ A. ब्रह्मोस मिसाइल के हाइपरसोनिक संस्करण का प्रेरण

✗ B. हाइपरसोनिक इंजनों के लिए US के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते पर हस्ताक्षर

✓ C. एक सक्रिय रूप से प्रशीतित स्क्रैमजेट कंबस्टर का सफल दीर्घकालिक भू-परीक्षण

✗ D. प्रथम ऑपरेशनल हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण

Q.97 जनवरी 2026 में प्रकाशित पुस्तक 'जनरल ब्रासस्टैक्स: द सुंदरजी स्टोरी (General Brasstacks: The Sundarji story)' किसके द्वारा लिखी गई है?

Ans

✗ A. शिव कुणाल वर्मा

✗ B. श्रीनाथ राघवन

✗ C.
अर्जुन सुब्रमण्यम

✓ D.
प्रोबल दासगुप्ता

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.98 मार्च 2026 में, भारत ने किस देश के साथ प्रदूषण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, चक्रीय अर्थव्यवस्था और जलवायु कार्रवाई पर सहयोग के लिए पर्यावरण सहयोग (Environmental Cooperation) पर समझौता ज्ञापन को नवीनीकृत किया?

Ans
✗ A. स्वीडन
✗ B. नॉर्वे
✗ C. डेनमार्क
✓ D. फिनलैंड

Q.99 24 से 26 अप्रैल, 2026 तक आयोजित 24वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता किस राज्य में हुई थी?

Ans
✗ A. महाराष्ट्र
✗ B. तमिलनाडु
✗ C. गुजरात
✓ D. कर्नाटक

Q.100 2025 भारत-पाकिस्तान संकट का कारण क्या था?

Ans
✗ A. सीमा पार गोलाबारी
✗ B. सिंधु जल संधि का निलंबन
✓ C. कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमला
✗ D. राजदूतों का राजनयिक निष्कासन

"

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९/२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

Test Date	14/08/2026
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I 2025

Section : **General Science**

Q.1 एक शोधकर्ता को शीघ्र प्रभाव के लिए एक दवा को सीधे किसी अंग की कोशिकाओं तक पहुँचाना होता है। आस-पास की कोशिकाओं में इष्टतम विसरण के लिए डिलीवरी किस रक्त वाहिका को लक्षित करनी चाहिए?

Ans

✗ A. वाल्वों की उपस्थिति के कारण शिराएं

✗ B. स्थूल प्रत्यास्थ भित्तियों के कारण धमनियां

✗ C. शिराएं क्योंकि वे रक्त एकत्र करती हैं

✓ D. एक-कोशिका की स्थूल भित्तियों के कारण केशिकाएं

Q.2 रदरफोर्ड के α-कण प्रकीर्णन प्रयोग में, यह निष्कर्ष निकाला गया कि परमाणु का अधिकांश भाग रिक्त अंतराल है, क्योंकि_____।

Ans

✗ A. अधिकांश α-कण पन्नी द्वारा अवशोषित कर लिए गए थे

✓ B. केवल कुछ ही α-कणों में विक्षेपण देखा गया था

✗ C. सोने के परमाणु रासायनिक रूप से अस्थिर थे

✗ D. परमाणुओं में इलेक्ट्रॉन विद्युत रूप से उदासीन थे

Q.3 कंठ में उपस्थित निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना मनुष्यों में वायु-मार्ग के निपात की रोकथाम के लिए उत्तरदायी होती है?

Ans

✗ A. ग्रसनी

✗ B. स्वरयंत्र

✓ C. उपास्थि के वलय

✗ D. ग्रासनली

Q.4 निम्नलिखित में से किसका आण्विक द्रव्यमान 44 u है?

Ans

✗ A. NH_3

✓ B. CO_2

✗ C. N_2

✗ D. H_2O

Q.5 यौगिकों के निम्नलिखित किस युग्म का आणविक सूत्र समान होने के बावजूद उनके रासायनिक गुण भिन्न हैं?

Ans

✗ A. एथेनॉल (Ethanol) और एथेनोइक अम्ल (ethanoic acid)

✗ B. एथेन (Ethane) और एथीन (ethene)

✗ C. प्रोपेनॉल (Propanol) और मेथेनॉल (methanol)

✓ D. ब्यूटेन (Butane) और आइसोब्यूटेन (isobutane)

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.6 जब कार्बन डाइऑक्साइड गैस को चूने के पानी (कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड विलयन) से गुजारा जाता है, तो यह _____ का श्वेत अवक्षेप उत्पन्न करता है।

Ans
✗ A. कैल्शियम ऑक्साइड
✗ B. कैल्शियम सल्फेट
✗ C. कैल्शियम हाइड्रोजन कार्बोनेट
✓ D. कैल्शियम कार्बोनेट

Q.7 पाचन क्रिया के दौरान मुंह में लार का मुख्य कार्य क्या होता है?

Ans
✓ A. यह स्टार्च को सरल शर्करा में विघटित कर देती है
✗ B. यह पोषकों को अवशोषित करती है
✗ C. यह आमाशय तक भोजन का परिवहन करती है
✗ D. यह सभी जीवाणुओं को नष्ट कर देती है

Q.8 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन 1: किसी पारितंत्र में खाद्य शृंखलाएं अंतराबंधित होकर एक खाद्य जाल का निर्माण करती हैं।
कथन 2: खाद्य जाल जीवों की परस्पर-निर्भरता को दर्शाते हैं।

Ans
✗ A. दोनों कथन असत्य हैं
✗ B. कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है
✗ C. कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है
✓ D. दोनों कथन सत्य हैं

Q.9 यदि 1 N के बल द्वारा किसी वस्तु को बल-रेखा के अनुदिश 1 m तक विस्थापित किया जाता है, तो किया गया कार्य क्या होगा?

Ans
✗ A. 10 J
✗ B. 0.1 J
✓ C. 1 J
✗ D. 0.5 J

Q.10 मान लीजिए किसी घर में सभी 5 A के सॉकेट को 15 A के सॉकेट से बदल दिया जाता है और प्रत्येक सॉकेट से कई उच्च-शक्ति वाले उपकरण जोड़ दिए जाते हैं। इससे क्या संभावित जोखिम उत्पन्न होता है, और क्यों?

Ans
✗ A. यह सुनिश्चित करता है कि सभी उपकरण निम्न वोल्टता पर कार्य करेंगे
✗ B. यह फ्यूज को किसी भी स्थिति में कार्य करने से रोकता है
✗ C. इससे घर में विद्युत खतरों का जोखिम कम हो जाता है
✓ D. इससे अत्यधिक धारा के कारण ओवरलोडिंग और संभावित शॉर्ट-सर्किट का जोखिम बढ़ जाता है

Q.11 किसी वेग-समय ग्राफ की व्याख्या करते समय, किसी विशिष्ट समय-अंतराल के दौरान ग्राफ के अंतर्गत क्षेत्रफल किस भौतिक राशि को निरूपित करता है?

Ans
✗ A. कार के त्वरण
✗ B. वेग में परिवर्तन
✗ C. कार की चाल
✓ D.
यात्रा की गई दूरी (या विस्थापन)

Q.12 निम्नलिखित में से कौन-सा, मानव नेत्र की समंजन क्षमता (power of accommodation) का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

Ans
✗ A. गतिमान वस्तुओं का अनुसरण करने के लिए नेत्र-गोलक का संचलन
✗ B. प्रकाश तीव्रता के साथ पुतली की आकार परिवर्तित करने की क्षमता
✗ C. बेहतर दृष्टि के लिए पलक स्थिति का समायोजन
✓ D. विभिन्न दूरियों पर वस्तुओं पर फोकस करने के लिए नेत्र लेंस की अपनी फोकस दूरी परिवर्तित करने की क्षमता

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.13 एक विद्यार्थी एक सीधे, धारावाही चालक के निकट एक कंपास रखता है और सुई के विक्षेपण का प्रेक्षण करता है। यह प्रेक्षण चालक के चारों ओर क्षेत्र के संबंध में क्या इंगित करता है?

Ans
✔ A. चालक के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र उपस्थित होता है

✘ B.
चालक के चारों ओर ऊष्मा उत्पन्न होती है

✘ C.
क्षेत्र गुरुत्वीय रूप से सक्रिय हो जाता है

✘ D. चालक के चारों ओर विद्युत क्षेत्र उत्पन्न होता है

Q.14 यातायात निगरानी कैमरा में 2 m वक्रता त्रिज्या वाले उत्तल दर्पण का उपयोग किया जाता है। दर्पण से 3 m दूरी पर स्थित कार का प्रतिबिंब कहाँ दिखाई देगा?

Ans
✘ A. दर्पण के सामने 0.12 m

✘ B. दर्पण के सामने 3 m

✘ C. दर्पण के पीछे 3 m

✔ D. दर्पण की पीछे 0.75 m

Q.15 कॉपर के वैद्युतअपघटनी परिष्करण के दौरान, निम्नलिखित में से कौन-सा, घटक और उनकी भूमिका को सुमेलित करता है?

घटक	परिष्करण प्रक्रिया में भूमिका
A. शुद्ध कॉपर	i. ऐनोड
B. अशुद्ध कॉपर	ii. कैथोड
C. अम्लीकृत कॉपर सल्फेट	iii. वैद्युतअपघट्य

Ans
✔ A. A - ii, B - i, C - iii

✘ B. A - iii, B - i, C - ii

✘ C. A - ii, B - iii, C - i

✘ D. A - i, B - ii, C - iii

Q.16 निम्नलिखित में से किस एक को छोड़कर शेष सभी पृथ्वी की प्राकृतिक प्रणालियों को पुनर्स्थापित करने के तरीके हैं?

Ans
✘ A. जल की बचत करना और अपशिष्ट का पुनर्चक्रण करना

✔ B. जीवाश्म ईंधन के उपयोग में वृद्धि करना

✘ C.
सौर और पवन ऊर्जा का उपयोग करना

✘ D. वृक्षारोपण करना और संधारणीय कृषि का अभ्यास करना

Q.17 CH_3-$C(CH_3)_2$-CH_2-CH_3 यौगिक का IUPAC नाम क्या है?

Ans
✘ A. 2,3-डाइमेथिलब्यूटेन (2,3-Dimethylbutane)

✘ B. 1,2-डाइमेथिलब्यूटेन (1,2-Dimethylbutane)

✘ C. 3,3-डाइमेथिलब्यूटेन (3,3-Dimethylbutane)

✔ D. 2,2-डाइमेथिलब्यूटेन (2,2-Dimethylbutane)

Q.18 जीवाणु कोशिका में, आनुवंशिक पदार्थ बिना किसी परिवेशी झिल्ली के एक क्षेत्र में पाया जाता है, जिसे _____ कहा जाता है।

Ans
✔ A. केंद्रकाभ

✘ B. न्यूक्लिओलस

✘ C. कोशिका द्रव्य

✘ D. रिक्तिका

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.19 यदि कोई शोधकर्ता यह पाता है कि एक पादप कोशिका किसी विशिष्ट विलयन में न तो फूल रही है और न ही संकुचित हो रही है, तो वह यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि विलयन _____ है।

Ans
✗ A. सांद्रित
✓ B. समपरासारी
✗ C. शुद्ध जल
✗ D. अल्पपरासारी

Q.20 किसी ट्रॉली को ऋजु पथ पर 40 N के नियत बल से खींचा जाता है। यदि ट्रॉली पर किया गया कार्य 240 J है, तो ट्रॉली कितनी दूरी तय करती है?

Ans
✗ A. 12 m
✓ B. 6 m
✗ C. 2 m
✗ D. 4 m

Q.21 अवतल दर्पण के मुख्य फोकस से गुजरने वाली किरण, परावर्तन के बाद _____ ।

Ans
✗ A. ध्रुव पर अभिसरित होगी
✗ B. वक्रता केंद्र के माध्यम से वापस परावर्तित होगी
✓ C. मुख्य अक्ष के समानांतर निकलेगी
✗ D. दर्पण से अपसारित होगी

Q.22 एकसमान त्वरण से गतिमान किसी पिंड के लिए वेग-समय ग्राफ में ऊपर की ओर ढाल वाली एक सीधी रेखा होती है। दो समय बिंदुओं के बीच इस रेखा के अंतर्गत क्षेत्रफल क्या दर्शाता है?

Ans
✗ A. उस समय अंतराल के दौरान औसत वेग
✗ B. उस समय अंतराल के दौरान पिंड का त्वरण
✗ C. उस समय अंतराल के दौरान वेग में कुल परिवर्तन
✓ D. उस समय अंतराल के दौरान पिंड का विस्थापन

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, विषमांगी मिश्रण को सबसे सटीक रूप से दर्शाता है?

Ans
✗ A. शर्करा और जल का विलयन
✓ B. बालू और जल का विलयन
✗ C. ऐसीटिक अम्ल और जल का विलयन
✗ D. सोडियम क्लोराइड और जल

Q.24 एक संरक्षण जीवविज्ञानी केवल एक विशिष्ट भारतीय क्षेत्र में पाए जाने वाले नीलगिरी तहर (Nilgiri tahr) की रक्षा के लिए एक रणनीति तैयार कर रहा है। इसके वर्गीकरण के आधार पर इसके संरक्षण के लिए कौन-सा उपागम सबसे उपयुक्त होगा?

Ans
✗ A. प्रजातिगत वन्यजीव अभयारण्यों का निर्माण करना
✓ B. पश्चिमी घाट में इसके स्थानिक पर्यावास पर फोकस करना
✗ C.
अन्य क्षेत्रों में प्रजातियों का स्थानांतरण करना
✗ D.
अन्यत्र व्यापक प्रजातियों को प्राथमिकता देना

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक कारक यह निर्धारित करता है कि एक तत्व दूसरे तत्व को उसके यौगिक से विस्थापित कर सकता है?

Ans
✗ A. परमाण्विक द्रव्यमानों में अंतर
✓ B. संबंधित तत्वों की सापेक्षिक अभिक्रियाशीलता
✗ C. विलयन सांद्रता में अंतर
✗ D. भौतिक अवस्था में अंतर

Section : **Mathematics**

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.26 16 - 5 × 3 + 19 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 19
✗ B. 22
✓ C. 20
✗ D. 18

Q.27 रमन की आय ₹43,000 है। वह अपनी आय के 26% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 20% की वृद्धि होती है और व्यय में 40% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ____ होगी।

Ans
✗ A. ₹4,133 की वृद्धि
✓ B. ₹4,128 की कमी
✗ C. ₹4,133 की कमी
✗ D. ₹4,131 की वृद्धि

Q.28 एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों - I, II, III और IV पर एकसमान है। कूकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 84% और 97% की दो क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान II, 42% और 94% की क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान III, 50% और 85% की क्रमिक छूट प्रदान करती है और दुकान IV, 89%, 37% और 82% की क्रमिक छूट प्रदान करती है। कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम मूल्य पर बेच रही है?

Ans
✗ A. II
✓ B. I
✗ C. IV
✗ D. III

Q.29 65 cm भुजा वाले घन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 25332 cm^2
✓ B. 25350 cm^2
✗ C. 25386 cm^2
✗ D. 25320 cm^2

Q.30 $\frac{\sqrt{264} \times \sqrt{330} \times \sqrt{1125}}{\sqrt{1296} \times \sqrt{400}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. $\frac{89}{6}$
✓ B. $\frac{55}{4}$
✗ C. $\frac{11}{2}$
✗ D. $\frac{38}{3}$

Q.31 अरविंद ने एक वस्तु ₹x में खरीदी। उसने इसे बीरू को 26% हानि पर बेच दिया। बीरू ने इसके परिवहन पर ₹102 खर्च किए और इसे मीनू को 50% लाभ पर बेच दिया। यदि मीनू ने इसे ₹1,374 में खरीदा, तो x का मान कितना है?

Ans
✓ A. 1,100
✗ B. 1,120
✗ C. 1,060
✗ D. 1,080

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.32 ₹1,200 पर 6% मासिक ब्याज दर से 10 महीनों का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 60
✓ B. 720
✗ C. 120
✗ D. 80

Q.33 एक विद्यार्थी को 40% भार वाले एक असाइनमेंट में 80 अंक तथा 60% भार वाले प्रोजेक्ट में 70 अंक प्राप्त होते हैं। भारित औसत अंक कितना है?

Ans
✗ A. 72
✗ B. 70
✗ C. 80
✓ D. 74

Q.34 यदि $116^{0.26} = x$, $116^{0.1} = y$ और $x^z = y^4$ है, तो z का मान किसके निकटतम है?

Ans
✓ A. 1.54
✗ B. 3.39
✗ C. 0.58
✗ D. 2.42

Q.35 केंद्र O वाले एक वृत्त की दो जीवाएँ AB और CD बिंदु E पर मिलती हैं। यदि कोण AOC = 54° और कोण BOD = 48° है, तो कोण BED का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 53°
✗ B. 50°
✗ C. 52°
✓ D. 51°

Q.36 चार विषयों को क्रमशः 2, 3, 4 और 1 का भारांक दिया गया है। एक छात्र ने इन विषयों में 60, 70, 80 और 90 अंक प्राप्त किए हैं। इन अंकों का भारित माध्य (weighted mean) कितना है?

Ans
✗ A. 64
✗ B. 78
✗ C. 68
✓ D. 74

Q.37 एक बस, शहर A से 7:00 a.m. पर प्रस्थान करती है और 48 km/h की चाल से चलती है। 10:00 a.m. पर चालक 30 मिनट के विश्राम के लिए रुकता है। इसके बाद, वह 60 km/h की चाल से अपनी यात्रा जारी रखता है। वह शहर A से 300 km की दूरी पर स्थित शहर B किस समय पर पहुंचता है?

Ans
✗ A. 12:56 pm
✓ B. 1:06 pm
✗ C. 1:30 pm
✗ D. 1:10 pm

Q.38 एक बैंक 6.8% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज देता है, जो अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होता है। कोई ग्राहक एक वर्ष की 1 जनवरी को ₹3,485 और 1 जुलाई को ₹3,485 जमा करता है। वर्ष के अंत में, उसे ब्याज के रूप में कितनी राशि प्राप्त होगी? (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें)

Ans
✗ A. ₹376.50
✗ B. ₹348.50
✗ C. ₹352.50
✓ D. ₹359.50

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.39 पाइप A एक टैंक को 6 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 28 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 21 घंटे में भर सकता है। यदि वे एक साथ चालू होते हैं, तो उसी टैंक का 1/4 भाग भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✔ A. 1
- ✘ B. 4
- ✘ C. 3
- ✘ D. 2

Q.40 2 m त्रिज्या और 7 m ऊंचाई वाला एक बेलनाकार टैंक पूरी तरह से पानी से भरा हुआ है। 10% पानी के लीक हो जाने के पश्चात, बड़े टैंक में शेष पानी को दूध के साथ 4 : 1 के अनुपात में मिश्रित किया जाता है। बड़े टैंक के पानी में कितने लीटर दूध मिलाया जाता है? (π = 22/7 का उपयोग करें)

Ans
- ✔ A. 19800
- ✘ B. 17800
- ✘ C. 19400
- ✘ D. 18400


Q.41 यदि $\cos A = \frac{9}{41}$ है, A एक न्यूनकोण है, तो $\operatorname{cosec} A \cos A + \sec A \sin A$ का मान ज्ञात कीजिए।


Ans
- ✘ A. $2\frac{131}{180}$
- ✘ B. $3\frac{119}{180}$
- ✘ C. $5\frac{317}{360}$
- ✔ D. $4\frac{241}{360}$

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.42 नीचे दिए गए पाई चार्टों के अनुसार, स्कूल A अपने बजट का 33.3% शिक्षकों के वेतन पर खर्च करता है, जबकि स्कूल B अपने बजट का 25.5% इसी पर खर्च करता है। यदि दोनों स्कूलों का कुल बजट ₹36,00,000 है, तो स्कूल A, स्कूल B की तुलना में वेतन पर कितना अधिक (₹ में) खर्च करता है?





Railway BABA

इमेज संदर्भ:-
School A Budget = स्कूल **A** बजट
Teacher Salaries 33.3% = शिक्षकों का वेतन 33.3%
Other Spending 66.7% = अन्य खर्च 66.7%

School B Budget = स्कूल **B** बजट
Teacher Salaries 25.5% = शिक्षकों का वेतन 25.5%
Other Spending 74.5% = अन्य खर्च 74.5%

Ans
✗ A. 4,00,000
✗ B. 2,00,000
✓ C. 2,80,800
✗ D. 5,00,000

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.43 यदि निम्नलिखित बंटन का माध्य 64 है, तो (9x + 2y) का मान ज्ञात कीजिए।

वर्ग	0-20	20-40	40-60	60-80	80-100	कुल
बारंबारता	8	20	x	6	y	80

Ans
- ✗ A. 106
- ✗ B. 99
- ✓ C. 113
- ✗ D. 94

Q.44 एक व्यक्ति, मोटरबाइक से कुल 800 km की दूरी तय करता है। पहले 12 घंटों के लिए उसकी चाल 50 km/hr थी तथा शेष यात्रा के लिए उसकी चाल घटकर 25 km/hr हो गई। औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 40
- ✗ B. 48
- ✗ C. 36
- ✗ D. 42

Q.45 निम्नलिखित व्यंजक को सरल कीजिए:
$(2a + 3b + 4c)^2 + (2a - 3b - 4c)^2 - 8a^2 - 18b^2 - 32c^2$

Ans
- ✗ A. 12bc
- ✓ B. 48bc
- ✗ C. 16ac
- ✗ D. 24ab

Q.46 $[(1 + \cot^2 A) + (1 + \frac{1}{\cot^2 A})] \times \sin^2 A \cos^2 A$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 3
- ✓ C. 1
- ✗ D. 5

Q.47 एक स्थानीय क्लब के चुनाव में, दो उम्मीदवारों को 7 : 5 के अनुपात में वोट मिले। यदि डाले गए कुल वोटों की संख्या 360 थी, तो विजयी उम्मीदवार को कितने वोट मिले?

Ans
- ✗ A. 240
- ✗ B. 180
- ✗ C. 200
- ✓ D. 210

Q.48 $3 + \sqrt{2}$ और $12 - \sqrt{32}$ का मध्यानुपाती कितना है?

Ans
- ✗ A. $3\sqrt{6}$
- ✗ B. $2\sqrt{6}$
- ✓ C. $2\sqrt{7}$
- ✗ D. $3\sqrt{7}$

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.49 मनोज का वजन, संजू के वजन का $\frac{5}{7}$ गुना है। संजू का वजन, मनोज के वजन से कितने भाग (fraction) अधिक है?

Ans
- ✗ A. $\frac{7}{5}$
- ✗ B. $\frac{2}{7}$
- ✓ C. $\frac{2}{5}$
- ✗ D. $\frac{3}{7}$

Q.50 ₹5,000 की धनराशि को 8% वार्षिक ब्याज दर पर 2 वर्षों के लिए निवेश किया जाता है। चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच का अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. ₹32
- ✗ B. ₹20
- ✗ C. ₹50
- ✗ D. ₹80

Section : General Intelligence and Reasoning

Q.51 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
- ✗ A. MO - RT
- ✗ B. EG - JL
- ✗ C. QS - VX
- ✓ D. IK - NQ

Q.52 निम्न संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएँ) 6 3 7 1 2 3 8 6 4 2 9 7 1 3 8 5 3 2 1 9 6 4 (दाएँ)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद में भी एक सम अंक है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. दो
- ✓ C. एक
- ✗ D. तीन

Q.53 एक निश्चित कूट भाषा में, 'learn from mistakes' को 'wg ht kc' के रूप में और 'mistakes shape us' को 'aq sn ht' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'mistakes' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है? (सभी कूट दो-अक्षरों के कूट हैं।)

Ans
- ✗ A. kc
- ✗ B. aq
- ✗ C. wg
- ✓ D. ht

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.54 सात डिब्बों I, J, K, Q, R, S और T को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। केवल Q को I के ऊपर रखा गया है। J और K के बीच केवल R को रखा गया है। J के नीचे केवल S को रखा गया है। R और Q के बीच कितने डिब्बों को रखा गया है?

Ans
✗ A. दो
✗ B. एक
✓ C. तीन
✗ D. चार

Q.55 एक निश्चित कूट भाषा में,
A # B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A − B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M % E # W − P @ K' है, तो M का K से क्या संबंध है?

Ans
✗ A. पुत्र
✗ B. पिता
✗ C. पति
✓ D. भाई

Q.56 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

GOT : # :: % : SFM

Ans
✗ A. # = GRW, % = PGJ
✗ B. # = KPS, % = PGJ
✓ C. # = JRW, % = PCJ
✗ D. # = JPW, % = PCJ

Q.57 दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एक-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएँ) 7 1 5 9 2 7 6 5 8 2 3 2 5 9 7 8 6 4 2 8 (दाएँ)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद में भी एक विषम अंक है?

Ans
✓ A. तीन
✗ B. एक
✗ C. चार
✗ D. दो

Q.58 यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '−' है, 'C' का अर्थ '×' है और 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

80 D 10 C 3 A 12 B 7 = ?

Ans
✗ A. 30
✓ B. 29
✗ C. 27
✗ D. 28

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.59 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
पांच छड़ियों V, H, Y, D और N में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। इनमें से सबसे लंबी छड़ी कौन-सी है?
(I) H, V से छोटी है लेकिन Y से लंबी है।
(II) D, N से लंबी है।

Ans
✗ A. कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
✗ B. कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
✓ C. कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
✗ D. कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से (और केवल कथन I या कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

Q.60 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

(बाएँ) TOFU, BOTH, FARE, SANE, ZERO (दाएँ)

बाएँ से पहले शब्द के चौथे अक्षर और दाएँ से पहले शब्द के पहले अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
✗ A. दो
✓ B. चार
✗ C. एक
✗ D. तीन

Q.61 शब्द MAGNIFIERS के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

Ans
✓ A. J
✗ B. D
✗ C. L
✗ D. F

Q.62 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 33 का संबंध 136 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 28 का संबंध 116 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए,18 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✗ A. 77
✗ B. 84
✗ C. 74
✓ D. 76

Q.63 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

SHR APZ IXH QFP ?

Ans
✓ A. YNX
✗ B. NYX
✗ C. NXY
✗ D. YNI

Q.64 यदि संख्या 5891632 में प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाता है और प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंकों के बीच का अंतर कितना होगा?

Ans
✗ A. 5
✓ B. 9
✗ C. 8
✗ D. 7

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.65 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ A. WAZ
✗ B. ZDC
✓ C. EJH
✗ D. XBA

Q.66 एक निश्चित तरीके से QP 5 का संबंध TL -6 से है। उसी प्रकार, HG 9 का संबंध KC -2 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LK 19 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✗ A. FT 6
✗ B. DG 7
✗ C. JI 5
✓ D. OG 8

Q.67 संख्या 6743219 में, प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
✗ A. 10
✗ B. 8
✗ C. 11
✓ D. 9

Q.68 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
7 21 43 73 111 ?

Ans
✓ A. 157
✗ B. 151
✗ C. 153
✗ D. 163

Q.69 A, G, H, P, S और Y एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, इसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। S तल क्रमांक 5 पर रहता है। S के ऊपर वाले तल पर G रहता है। H के नीचे केवल Y रहता है। P किसी सम-क्रमांक वाले तल पर रहता है।
A से नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
✓ A. दो
✗ B. एक
✗ C. तीन
✗ D. चार

Q.70 एक निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A $ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'कोरी @ एशले $ शाना % जेस # मार्शा' है, तो कोरी का मार्शा से क्या संबंध है?

Ans
✗ A. पिता की माता
✗ B. माता की बहन
✗ C. पिता की बहन
✓ D. माता की माता

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.71 शब्द YANKING के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में, बाएं से पहले अक्षर और दाएं से चौथे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✔ A. 9
- ✘ B. 13
- ✘ C. 12
- ✘ D. 11

Q.72 एक प्रश्न के बाद दो कथन, (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।

Q. अमु, बारी, कोना, दीनू और ईश एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
कोना के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?
(I) अमु, बारी के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। कोना, बारी के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
(II) दीनू, ईश के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। अमु, दीनू के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।

Ans
- ✘ A. अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✘ B. कथन I और कथन II दोनों मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
- ✔ C. कथन I और कथन II दोनों मिलकर (और न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
- ✘ D. अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

Q.73 नीचे दिए गए त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अपने बाद वाले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

BUNK - BKNU - KNUB
POUR - PRUO - RUOP

Ans
- ✔ A. DEAR - DRAE - RAED
- ✘ B. VENT - VETN - ENTV
- ✘ C. MONK - OMNK - KONM
- ✘ D. RING - RNIG - GNIR

Q.74 एक पंक्ति में सभी 54 व्यक्ति उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े हैं। अरुणा बाएं छोर से 18वें स्थान पर है जबकि तृप्ति दाएं छोर से 17वें स्थान पर है। अरुणा और तृप्ति के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans
- ✔ A. 19
- ✘ B. 17
- ✘ C. 18
- ✘ D. 20

Q.75 सात व्यक्ति, P, Q, S, T, U, V और W, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। P और T के बीच ठीक पाँच व्यक्ति बैठे हैं। W, T के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। W और Q के बीच ठीक एक व्यक्ति बैठा है। S, U के बाएँ किसी स्थान पर लेकिन V के दाएँ किसी स्थान पर बैठा है। दी गई जानकारी के आधार पर, पंक्ति के बाएँ छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✘ A. Q
- ✘ B. P
- ✔ C. S
- ✘ D. W

Q.76 B, D, E, P, S, T और W एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
T के बाईं ओर से गिनने पर B और T के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, W के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। P, W के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। P, B के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। S, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
D के दाईं ओर से गिनने पर D और W के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✘ A. चार
- ✘ B. तीन
- ✘ C. दो
- ✔ D. एक

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.77 एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
पांच छड़ियों V, H, Y, D और N में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। इनमें से सबसे लंबी छड़ी कौन-सी है?
(I) Y, N से छोटी है।
(II) D, N से लंबी है।

Ans
✔ A. कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
✘ B. कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
✘ C. कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
✘ D. कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से (और केवल कथन I या कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

Q.78 प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

(बाएं) EYE, SAT, EAR, CAT (दाएं)

दाएं से तीसरे शब्द के तीसरे अक्षर और बाएं से पहले शब्द के दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के अनुसार कितने अक्षर हैं?

Ans
✘ A. पाँच
✘ B. छह
✔ C. चार
✘ D. तीन

Q.79 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 57 का संबंध 173 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 65 का संबंध 197 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 49 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं, केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✘ A. 122
✔ B. 149
✘ C. 136
✘ D. 175

Q.80 निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। सभी संख्याएं केवल एक अंक की संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 1 T 5 # 6 % G F 4 & J @ S R 7 ! N * Q H $ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक संख्या है?

Ans
✘ A. दो
✘ B. तीन
✔ C. एक भी नहीं
✘ D. एक

Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 झारखंड के किस प्रमुख जनजातीय नेता और तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके व्यक्ति को 2026 में मरणोपरांत आधिकारिक तौर पर पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
✘ A. श्री अर्जुन मुंडा
✔ B. श्री शिबू सोरेन
✘ C. श्री बाबूलाल मरांडी
✘ D. श्री मधु कोड़ा

Railway BABA

Q.82 भारत के युवा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को पोषित करने के लिए किस संगठन ने युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम "YUVIKA-2026" का शुभारंभ किया है?

Ans

✗ A. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद

✗ B. शिक्षा मंत्रालय

✗ C. वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद

✓ D. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

Q.83 मई 2026 में एशियाई उत्पादकता संगठन (Asian Productivity Organization) की शासी निकाय बैठक के 68वें सत्र की मेजबानी किस भारतीय निकाय ने की?

Ans

✓ A. राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद

✗ B. नीति आयोग

✗ C. विदेश मंत्रालय

✗ D. अखिल भारतीय व्यापार और सामुदायिक फाउंडेशन

Q.98 निम्नलिखित में से किस शहर ने, आइस स्पोर्ट्स (आइस हॉकी और आइस स्केटिंग) के लिए खेलो इंडिया विंटर गेम्स, 2026 के पहले चरण की मेजबानी की?

Ans
- ✓ A. लेह
- ✗ B. शिमला
- ✗ C. मनाली
- ✗ D. गुलमर्ग

Q.99 2025 – 26 सत्र में जम्मू और कश्मीर ने किस टीम को हराकर अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता?

Ans
- ✗ A. मुंबई
- ✗ B. पंजाब
- ✓ C. कर्नाटक
- ✗ D. बंगाल

Q.100 एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW-SWC) परियोजना के चौथे पोत के रूप में फरवरी 2026 में चेन्नई बंदरगाह पर किस जलयान को भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया था?

Ans
- ✗ A. INS विक्रांत
- ✓ B. INS अंजदीप
- ✗ C. INS कमोर्ता
- ✗ D. INS अरिहंत

"

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

सत्यमेव जयते

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९/२०२५-7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	20/08/2026
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I 2025

Section : **General Science**

Q.1 यदि कोई कार 10 m/s की चाल से 5 sec तक गति करती है, तो वह कितनी दूरी तय करेगी?

Ans
- ✗ A. 100 m
- ✗ B. 5 m
- ✗ C. 15 m
- ✓ D. 50 m

Q.2 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन तत्वों के अणुओं के संबंध में सही है?

Ans
- ✗ A. वे सदैव एकपरमाण्विक होते हैं।
- ✗ B. वे विभिन्न तत्वों के दो या अधिक परमाणुओं से बने होते हैं।
- ✗ C. वे केवल ठोस रूप में ही अस्तित्व में रह सकते हैं।
- ✓ D. वे एक ही तत्व के दो या अधिक परमाणुओं से बने होते हैं।

Q.3 एक विद्यार्थी 10 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण से 20 cm की दूरी पर एक छोटी वस्तु (बिंब) रखता है। दर्पण सूत्र के अनुसार, प्रतिबिंब दूरी क्या होगी?

Ans
- ✗ A. दर्पण के सामने 15 cm
- ✗ B. दर्पण के पीछे 25 cm
- ✗ C. दर्पण के पीछे 10 cm
- ✓ D. दर्पण के सामने 20 cm

Q.4 निम्नलिखित में से कौन-सा मिश्रण टिंडल प्रभाव प्रदर्शित करता है, परंतु स्थिर रखने पर इसके कण नीचे बैठ जाते हैं?

Ans
- ✓ A. निलंबन (Suspension)
- ✗ B. विलयन (Solution)
- ✗ C. यौगिक (Compound)
- ✗ D. कोलॉइड (Colloid)

Q.5 अम्ल और क्षारक के बीच अभिक्रिया से क्या उत्पन्न होता है?

Ans
- ✗ A. केवल जल
- ✗ B. हाइड्रोजन गैस और धातु
- ✓ C. लवण और जल
- ✗ D. केवल लवण

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.6 कौन-सा कथन पारिस्थितिकी तंत्र में अपघटकों की भूमिका का सही ढंग से वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. वे वायुमंडलीय प्रदूषण बढ़ाते हैं
- ✗ B. वे प्रथम पोषी स्तर पर होते हैं
- ✗ C. वे सौर ऊर्जा को रासायनिक ऊर्जा में रूपांतरित करते हैं
- ✓ D. वे कार्बनिक पदार्थों को सरल अकार्बनिक पदार्थों में विघटित करते हैं

Q.7 कौन-सा अंग, लेखन या कुर्सी हिलाने जैसी स्वैच्छिक क्रियाओं के लिए पेशियों को संदेश भेजता है?

Ans
- ✗ A. फुप्फुस
- ✗ B. आमाशय
- ✗ C. हृदय
- ✓ D. मस्तिष्क

Q.8 एक विद्यार्थी कोई ऐसा डिवाइस डिजाइन करना चाहता है जिसमें एक सीधे चालक (straight conductor) के कारण चुंबकीय क्षेत्र, किसी निश्चित बिंदु पर अधिकतम हो। उस बिंदु पर क्षेत्र तीव्रता बढ़ाने के लिए कौन-सा संशोधन सबसे प्रभावी होगा?

Ans
- ✗ A. अचुंबकीय तार सामग्री का उपयोग करना
- ✓ B. चालक के माध्यम से धारा में वृद्धि करना
- ✗ C. तार की मोटाई में वृद्धि करना
- ✗ D. चालक को क्षैतिज रखना

Q.9 कैल्शियम कार्बोनेट को तप्त करने पर कैल्शियम ऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न होते हैं; यह एक प्रकार की _____ है।

Ans
- ✗ A. विस्थापन अभिक्रिया
- ✓ B. अपघटन अभिक्रिया
- ✗ C. योगज अभिक्रिया
- ✗ D. प्रतिस्थापन अभिक्रिया

Q.10 एक प्राणीविज्ञानी एक ऐसे स्थिर जलीय जंतु का अवलोकन करता है जिसमें ऊतक विभेदन नहीं है, परंतु जल निस्यंदन कुशल है। यदि इस जंतु को स्थलीय परिवेश में रखा जाए, तो निम्नलिखित में से क्या होने की सर्वाधिक संभावना है?

Ans
- ✗ A. उत्तरजीविता के लिए यह आद्र क्षेत्रों में चला जाएगा
- ✗ B. यह नमी को फंसाने के लिए स्पर्शकों का उपयोग करेगा
- ✗ C. यह शुष्कन से बचने के लिए अपने रंध्रों को बंद कर लेगा
- ✓ D. जल प्रतिधारण की अक्षमता के कारण यह जल-शुष्क हो जाएगा

Q.11 निम्नलिखित में से क्या सीधे रुधिर में स्रावित होता है और शरीर के विभिन्न भागों तक पहुँचाया जाता है?

Ans
- ✗ A. लार
- ✗ B. पित्त रस
- ✗ C. अग्याशयी रस
- ✓ D. अधिवृक्क स्राव

Q.12 एक शहर वाहनों के उत्सर्जन के कड़े नियम लागू करता है, जिससे धूम और भू-स्तर ओज़ोन (ground-level ozone) का बनना कम हो जाता है। इस नीति से पृथ्वी के कौन-से मंडल सीधे प्रभावित होते हैं?

Ans
- ✗ A. जलमंडल और जैवमंडल
- ✗ B. स्थलमंडल और जलमंडल
- ✓ C. वायुमंडल और जैवमंडल
- ✗ D. स्थलमंडल और वायुमंडल

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.13 निम्नलिखित में से किस तत्व की द्रव्यमान संख्या 40 और परमाणु संख्या 20 है?

Ans
- ✔ A. कैल्शियम
- ✘ B. पोटैशियम
- ✘ C. निऑन
- ✘ D. सोडियम

Q.14 कौन-सा कथन एक साधारण मशीन के यांत्रिक लाभ का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✔ A. उठाए गए लोड और अनुप्रयुक्त आयास का अनुपात
- ✘ B. मशीन को आपूर्ति की गई ऊर्जा
- ✘ C. मशीन द्वारा किए गए कार्य की मात्रा
- ✘ D. मशीन द्वारा कार्य करने की दर

Q.15 निम्नलिखित में से किस जीव के एक से अधिक पोषी स्तरों (trophic levels) पर होने की संभावना है?

Ans
- ✘ A. बाघ
- ✘ B. खरगोश
- ✔ C. मोर
- ✘ D. हिरण

Q.16 एक विद्यार्थी कांच के प्रिज्म का उपयोग करके श्वेत प्रकाश के परिक्षेपण को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रयोग की रूपरेखा तैयार करना चाहता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी कार्य-विधि सर्वाधिक उपयुक्त होगी?

Ans
- ✔ A. एक संकीर्ण श्वेत प्रकाश किरणपुंज के पथ में एक त्रिभुजाकार कांच के प्रिज्म को रखें और श्वेत पर्दे पर निर्गत स्पेक्ट्रम का अवलोकन करें
- ✘ B. एक श्वेत प्रकाश स्रोत के सामने कांच के प्रिज्म को यादृच्छिक दिशा में घुमाइए और किसी भी रंग में होने वाले परिवर्तनों को रिकॉर्ड करें
- ✘ C. एक उत्तल लेंस से श्वेत प्रकाश को गुजारें और एक दूरस्थ दीवार पर रंग परिवर्तन देखें
- ✘ D. श्वेत प्रकाश को दीवार पर परावर्तित कराने के लिए एक अवतल दर्पण का उपयोग करें

Q.17 निम्नलिखित अभिक्रिया पर विचार कीजिए:
$Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$

उपरोक्त अभिक्रिया की कौन-सी विशेषता इसे विशेष रूप से अवक्षेपण अभिक्रिया के रूप में वर्गीकृत करने को उचित ठहराती है?

Ans
- ✘ A. अभिक्रियक (Reactants) प्रारंभ में जलीय विलयन के रूप में मौजूद होते हैं
- ✘ B. सोडियम क्लोराइड, जल में विलीन बना रहता है
- ✘ C. दो आयनिक यौगिक भागीदारों (partners) का विनिमय करते हैं
- ✔ D. विलयन में अघुलनशील बेरियम सल्फेट का निर्माण होता है

Q.18 जंतु कोशिका में कौन-सी संरचना नियंत्रण केंद्र के रूप में कार्य करती है और उसमें आनुवंशिक पदार्थ होता है?

Ans
- ✔ A. केंद्रक
- ✘ B. रसधानी
- ✘ C. अंतर्द्रव्यी जालिका
- ✘ D. राइबोसोम

Q.19 निम्नलिखित में से कौन-सा, एकसमान वेग के लिए वेग-समय ग्राफ की प्रवणता का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

Ans
- ✘ A. प्रवणता धनात्मक और नियत होती है
- ✔ B. प्रवणता सभी बिंदुओं पर शून्य होती है
- ✘ C. प्रवणता ऋणात्मक और नियत होती है
- ✘ D. प्रवणता प्रत्येक बिंदु पर बदलती है

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.20 उत्तल दर्पण से बनने वाले प्रतिबिंब की प्रकृति के आधार पर, कौन-सी स्थिति इसके उपयोग को सबसे अच्छी तरह दर्शाती है?

Ans
✗ A. एक वैज्ञानिक सूर्य के प्रकाश को केंद्रित करने के लिए इसका उपयोग करता है।
✗ B. एक मॉडल इसका उपयोग मेकअप दर्पण के रूप में करती है।
✗ C. एक विद्यार्थी कागज़ पर वास्तविक, उल्टा प्रतिबिंब पाने के लिए इसका उपयोग करता है।
✓ D. एक दुकानदार स्टोर के अंदर के बड़े हिस्से की निगरानी के लिए इसका उपयोग करता है।

Q.21 धातु और अधातु के बीच किस प्रकार के आबंध का निर्माण होता है?

Ans
✓ A. आयनिक आबंध
✗ B. सहसंयोजक आबंध
✗ C. धात्विक आबंध
✗ D. हाइड्रोजन आबंध

Q.22 सादृश्य को पूर्ण कीजिए।
माइटोकॉन्ड्रिया: ऊर्जा विमोचन:: क्लोरोप्लास्ट: _____

Ans
✗ A. अपशिष्ट निष्कासन
✗ B. कोशिका पाचन
✓ C. खाद्य संश्लेषण
✗ D.
आनुवंशिक अंतरण

Q.23 पेट्रोल में ऐल्कोहॉल को मुख्य रूप से इसलिए मिलाया जाता है, क्योंकि यह एक ____ है।

Ans
✓ A. स्वच्छ ईंधन योज्य
✗ B. भारी ईंधन योज्य
✗ C. सघन ईंधन योज्य
✗ D. प्रबल ईंधन योज्य

Q.24 एक उत्तोलक को प्रचालित करते समय, निम्नलिखित में से कौन-सा भाग उस नियत बिंदु के रूप में कार्य करता है जिसके परितः उत्तोलक घूमता है?

Ans
✗ A. भार (Load)
✗ B. आयास-भुजा (Effort arm)
✓ C. आलंब (Fulcrum)
✗ D. आयास (Effort)

Q.25 किसी घरेलू परिपथ में सभी उपकरण समानांतर क्रम में क्यों जुड़े होते हैं?

Ans
✓ A. प्रत्येक उपकरण को समान विभवान्तर प्राप्त होना सुनिश्चित करने के लिए
✗ B. घरेलू उपयोग में विद्युत की बचत करने के लिए
✗ C. आवश्यक स्विचों की संख्या कम करने के लिए
✗ D. तारों में लघुपथन को रोकने के लिए

Section : **Mathematics**

Q.26 दो उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में, पंजीकृत मतदाताओं में से 18% ने मतदान नहीं किया और डाले गए 750 वोट अवैध घोषित कर दिए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध वोटों का 70% प्राप्त हुआ और उसने 4,620 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 16,700
✗ B. 16,200
✓ C. 15,000
✗ D. 15,600

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.27 $\frac{\cot A + \operatorname{cosec} A - 1}{\cot A - \operatorname{cosec} A + 1}$ को सरलीकृत कीजिए।

Ans
✗ A. $\frac{1 - \operatorname{cosec} A}{1 + \operatorname{cosec} A}$
✗ B. $\frac{\cos A}{\sin A}$
✓ C. $\frac{1 + \cos A}{\sin A}$
✗ D. $\frac{1 - \cos A}{\sin A}$

Q.28 एक समचतुर्भुज के विकर्णों की लंबाई क्रमशः 30 cm और 40 cm है। समचतुर्भुज का क्षेत्रफल और परिमाप ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. परिमाप = 130 cm, क्षेत्रफल = 700 cm²
✗ B. परिमाप = 100 cm, क्षेत्रफल = 500 cm²
✓ C. परिमाप = 100 cm, क्षेत्रफल = 600 cm²
✗ D. परिमाप = 140 cm, क्षेत्रफल = 800 cm²

Q.29 निम्नलिखित में से कौन-सा संख्या युग्म, सह-अभाज्य नहीं है?

Ans
✓ A. (143, 286)
✗ B. (101, 107)
✗ C. (137, 221)
✗ D. (211, 337)

Q.30 निम्नलिखित संख्याएँ उनके परिमाणों (magnitudes) के आरोही क्रम में दी गई हैं।

20, 22, 25, 30, x − 11, x − 8, x − 3, 52, 60 और 68 है। यदि आँकड़ों की माध्यिका 39 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 48.5
✗ B. 43.5
✗ C. 44.6
✗ D. 46.7

Q.31 ₹1,500 की धनराशि पर 3% मासिक ब्याज दर से 3 महीने का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 31.25
✗ B. 22.50
✓ C. 135
✗ D. 11.25

Q.32 ऋषभ और नेहा ने मिलकर एक व्यवसाय शुरू किया। ऋषभ ने ₹21,000 और नेहा ने ₹35,000 का निवेश किया। दो साल के अंत में, उन्हें ₹10,000 का लाभ हुआ। कुल लाभ में नेहा का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. ₹6,250
✗ B. ₹6,520
✗ C. ₹6,205
✗ D. ₹6,025

Q.33 यदि $A:B:C$ का मान $3:5:6$ है, तो $\frac{A}{B}:\frac{B}{C}:\frac{C}{A}$ का मान _____ के बराबर होगा।

Ans
✗ A. 12:25:55
✗ B. 15:25:62
✗ C. 12:34:65
✓ D. 18:25:60

Railway BABA
Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.34 एक कार 52 km/hr की चाल से चलना शुरू करती है और प्रत्येक 30 मिनट में अपनी चाल में 7 km/hr की वृद्धि करती है। 3 घंटे के लिए कार की औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।


Ans
- ✗ A. 70.2
- ✗ B. 65.6
- ✗ C. 60.8
- ✓ D. 69.5

Q.35 A का वह क्या मान होना चाहिए जिससे कि संख्या 391A6922, 11 से विभाज्य हो जाए?

Ans
- ✗ A. 6
- ✓ B. 3
- ✗ C. 7
- ✗ D. 5

Q.36 दिए गए ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

एक वर्ष में तीन कंपनियों द्वारा उत्पादित स्कूटरों की संख्या (1000 में)



कंपनी B के स्कूटरों के उत्पादन में 1992 से 1993 के बीच कितने प्रतिशत की कमी आई (एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित)?

Ans
- ✗ A. 19.2%
- ✗ B. 17.2%
- ✓ C. 16.7%
- ✗ D. 18.3%

Q.37 7 cm त्रिज्या वाली एक बेलनाकार टंकी में 20 cm की ऊंचाई तक पानी भरा है। इस पानी को 14 cm त्रिज्या वाली दूसरी बेलनाकार टंकी में डाला जाता है। दूसरी टंकी में पानी की ऊंचाई कितनी है?

Ans
- ✗ A. 7 cm
- ✓ B. 5 cm
- ✗ C. 8 cm
- ✗ D. 6 cm

Q.38 चार दुकानों I, II, III और IV में एक कुकर का अंकित मूल्य एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर, दुकान I, 12% और 37% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान II, 54% और 63% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान III, 28% और 83% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है और दुकान IV, 19%, 59% और 25% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है। निम्नलिखित में से कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम कीमत पर बेच रही है?

Ans
- ✓ A. III
- ✗ B. I
- ✗ C. II
- ✗ D. IV

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.39 यदि $3^{(n+1)} = 27 \times 9^n$ है, तो n का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 6
✗ B. 2
✗ C. 4
✓ D. -2

Q.40 A की आयु, B की आयु के दोगुने से 5 वर्ष अधिक है। यदि B की आयु 8 वर्ष है, तो A की आयु क्या है?

Ans
✓ A. 21 वर्ष
✗ B. 19 वर्ष
✗ C. 16 वर्ष
✗ D. 18 वर्ष

Q.41 यदि निम्नलिखित बंटन का माध्य 53 है, तो (7x + 4y) का मान ज्ञात कीजिए।

वर्ग	0-20	20-40	40-60	60-80	80-100	कुल
बारंबारता	2	10	x	4	y	40

Ans
✗ A. 124
✗ B. 154
✓ C. 144
✗ D. 133

Q.42 दो त्रिभुज ΔDEF और ΔXYZ इस प्रकार हैं कि $\Delta XYZ \cong \Delta FDE$ है। यदि $XY = 23$ cm, $\angle Y = 68^\circ$ और $\angle X = 43^\circ$ है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

Ans
✗ A. $DF = 23$ cm, $\angle D = 69^\circ$
✗ B. $DE = 23$ cm, $\angle E = 69^\circ$
✗ C. $DE = 23$ cm, $\angle D = 69^\circ$
✓ D. $DF = 23$ cm, $\angle E = 69^\circ$

Q.43 अरविंद की आय में पहले 19% की वृद्धि हुई और बाद में 10% की और वृद्धि हुई। कुल प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 30.9%
✗ B. 30%
✗ C. 29%
✗ D. 28.2%

Q.44 यदि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है, तो किस वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर कोई धनराशि 2 वर्ष में स्वयं की 57 गुनी हो जाएगी? (अपने उत्तर को निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
✗ A. 660%
✗ B. 662%
✓ C. 655%
✗ D. 653%

Q.45 ₹20/kg वाले चावल को ₹30/kg वाले चावल के साथ किस अनुपात में मिलाया जाए कि औसत कीमत ₹25/kg हो जाए?

Ans
✓ A. 1 : 1
✗ B. 5 : 3
✗ C. 3 : 2
✗ D. 2 : 3

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.46 वरुण 2 दिनों में लकड़ी की एक मेज बना सकता है और आशीष उसी मेज को 4 दिनों में बना सकता है। यदि वे मिलकर कार्य करते हैं, तो वे उसी प्रकार की 123 मेजें कितने दिनों में बना पाएंगे?

Ans
✔ A. 164
✘ B. 166
✘ C. 160
✘ D. 168

Q.47 किसी विक्रेता ने एक रुपये में 28 नींबू खरीदे। 40% का लाभ अर्जित करने के लिए उसे एक रुपये में कितने नींबू बेचने होंगे?

Ans
✘ A. 22
✘ B. 24
✔ C. 20
✘ D. 21

Q.48 S1, S2 और S3 एक नदी पर सीधी रेखा में स्थित तीन दुकानें हैं। नदी S1 से S3 की ओर एक नियत चाल से बहती है। S2, S1 और S3 के बीच समदूरस्थ है। सीरत एक सामान खरीदने के लिए अपनी नाव से 12.5 घंटे में S1 से S2 तक जाता है और वापस आ जाता है, और वह दुकान S1 से S3 तक 9.5 घंटे में नाव चलाकर पहुंच सकता है। स्थिर जल में उसकी नाव की चाल और नदी की चाल की तुलना कीजिए।

Ans
✘ A. 8:3
✔ B. 25 : 6
✘ C. 8:1
✘ D. 25 : 8

Q.49 यदि $\sec\alpha + \tan\alpha = 9$ है, तो $\tan\alpha$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. $\frac{9}{40}$
✔ B. $\frac{40}{9}$
✘ C. $\frac{80}{81}$
✘ D. $\frac{81}{80}$

Q.50 सुधा का व्यय उसकी बचत से 150% अधिक है। यदि उसका व्यय 12% कम हो जाता है और बचत 37% बढ़ जाती है, तो उसकी आय कितने प्रतिशत बढ़ जाती है?

Ans
✘ A. 5%
✘ B. 7%
✔ C. 2%
✘ D. 3%

Section : General Intelligence and Reasoning

Q.51 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

: QMG :: XKR : %

Ans
✔ A. # = ONF, % = ZJS
✘ B. # = ONH, % = ZHQ
✘ C. # = SNF, % = UJS
✘ D. # = SOF, % = UMP

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.52 संख्या 8231954 में, प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
✗ A. 11
✗ B. 9
✗ C. 12
✓ D. 10

Q.53 जिया अपनी कक्षा में नीचे से 22वें और शीर्ष से 27वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✗ A. 45
✓ B. 48
✗ C. 47
✗ D. 46

Q.54 संख्याओं के दो सेट नीचे दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक सेट में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके तीसरी संख्या प्राप्त की जाती है, और इसी प्रकार आगे की संख्याएं प्राप्त की जाती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प दिए गए सेटों के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

4 - 14 - 28 - 42;
2 - 12 - 24 - 36

Ans
✓ A. 7 - 17 - 34 - 51
✗ B. 6 - 36 - 72 - 82
✗ C. 5 - 25 - 50 - 75
✗ D. 3 - 13 - 26 -52

Q.55 एक प्रश्न के बाद दो कथन, (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।

Q. पांच मित्र R, S, T, U, और V एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। R के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?
(I) S, R के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है, और T, U के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
(II) T और V दोनों का निकटतम पड़ोसी U है।

Ans
✗ A. कथन I और कथन II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
✗ B. अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
✗ C. अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
✓ D. कथन I और कथन II दोनों मिलकर (और न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Q.56 यदि 'R' का अर्थ '÷' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

48 R 4 S 7 = ?

Ans
✗ A. 20
✗ B. 21
✗ C. 18
✓ D. 19

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.57 दिए गए शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

33, 37, 45, 57, 73 ?

Ans
✔ A. 93
✘ B. 95
✘ C. 94
✘ D. 92

Q.58 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको तय करना है कि कथन में दिए गए आँकड़ें प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

Q. अरी, बिट्टू, सेमा, दानी और एटा एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। दानी के ठीक दाएँ पड़ोस में कौन बैठा है?
(I) दानी, सेमा के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। एटा, दानी के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है।
(II) एटा, सेमा के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। दानी, सेमा के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है।

Ans
✔ A. संयुक्त रूप से कथन I और II दोनों में दिए गए आँकड़ें प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त **नहीं** हैं।
✘ B.
कथन I में दिए गए आँकड़ें अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दिए गए आँकड़ें अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
✘ C.
संयुक्त रूप से कथन I और II दोनों (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) में दिए गए आँकड़ें प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
✘ D.
कथन II में दिए गए आँकड़ें अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दिए गए आँकड़ें अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

Q.59 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

APE CAR FAR RED

यदि प्रत्येक शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूह में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans
✔ A. तीन
✘ B. एक भी नहीं
✘ C. एक
✘ D. दो

Q.60 A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
F, A के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D, E के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। E, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। B, C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
यदि सभी व्यक्तियों को A से शुरू करते हुए दक्षिणावर्त दिशा में वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने व्यक्तियों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
✘ A. दो
✔ B. चार
✘ C. तीन
✘ D. एक

Q.61 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 71 का संबंध 427 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 85 का संबंध 511 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 93 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✔ A. 559
✘ B. 597
✘ C. 542
✘ D. 580

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.62 V, M की पत्नी है। M, L का पिता है। P, G का भाई है। L, P की बहन है। V का G से क्या संबंध है?

Ans
✗ A. पुत्री
✗ B. बहन
✓ C. माता
✗ D. पत्नी

Q.63 एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) से क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

प्रश्न: A, B, C, D और E ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए। इनमें से, दूसरा सबसे अधिक अंक किसने प्राप्त किया?
कथन:
(I) D ने B, C और A से अधिक अंक प्राप्त किए, लेकिन E से कम अंक प्राप्त किए।
(II) C ने A और B से अधिक अंक प्राप्त किए।

Ans
✗ A. कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
✓ B. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।
✗ C. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।
✗ D. कथन I और II दोनों एक साथ (न तो अकेले कथन I और न ही अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Q.64 वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
✗ A. OML
✗ B. IGF
✓ C. XVT
✗ D. MKJ

Q.65 शब्द VARLETS के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में दाईं ओर से चौथा अक्षर निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

Ans
✗ A. M
✗ B. U
✓ C. S
✗ D. T

Q.66 P, Q, R, S, T और U एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
U सबसे ऊपर वाले तल पर रहता है। U और Q के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। P, Q के नीचे किसी तल पर रहता है। S किसी सम-क्रमांक वाले तल पर रहता है। R किसी विषम-क्रमांक वाले तल पर रहता है लेकिन तल-क्रमांक 5 पर नहीं रहता है।
T और Q के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
✗ A. एक
✓ B. दो
✗ C. तीन
✗ D. चार

Q.67 सात डिब्बे I, J, K, Q, R, S और T एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन यह जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। K के ऊपर केवल चार डिब्बे रखे गए हैं। Q के ऊपर केवल एक डिब्बा रखा गया है। Q और I के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। R को J के ठीक ऊपर रखा गया है। S को T के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। T और J के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
✓ A. पांच
✗ B. तीन
✗ C. दो
✗ D. चार

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.68 नीचे दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 9 7 6 2 5 4 8 3 6 4 2 5 8 3 1 5 2 6 9 8 6 4 9 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद में भी एक सम अंक है?

Ans
✗ A. तीन
✓ B. दो
✗ C. एक
✗ D. एक भी नहीं

Q.69 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

IWD : LYE
RAU : UCV

Ans
✗ A. JTA : MVA
✗ B. GOX : JQZ
✓ C. LES : OGT
✗ D. HYR : KAL

Q.70 निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 6 N % 4 & H 7 @ 3 S 6 # G F ! 5 R 3 * D $ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद एक संख्या है?

Ans
✗ A. एक भी नहीं
✗ B. तीन
✗ C. एक
✓ D. दो

Q.71 एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
'A # B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'Q + W ÷ R @ G # H' है, तो Q का H से क्या संबंध है?

Ans
✓ A. पत्नी का भाई
✗ B. पत्नी का पिता
✗ C. पिता
✗ D. भाई

Q.72 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

ZED OWL LAG JAM

दाएँ से तीसरे शब्द के तीसरे अक्षर और बाएँ से पहले शब्द के पहले अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
✗ A. 12
✗ B. 16
✗ C. 14
✓ D. 13

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.73 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) M $ D = < B U % G P + K & V # L T N @ F £ * N (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक अक्षर है?

Ans
- ✔ A. दो
- ✘ B. एक भी नहीं
- ✘ C. तीन
- ✘ D. एक

Q.74 श्री तोसी बिंदु A से प्रारंभ करके 17 km दक्षिण की ओर ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते है, 25 km ड्राइव करते है, दाएं मुड़ते है तथा 24 km ड्राइव करते है। फिर वह दाएं मुड़ते है तथा 29 km ड्राइव करते हैं। वह अंतिम बार दाएं मुड़कर, 7 km ड्राइव करते हैं तथा बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) तथा किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✘ A. 6 km दक्षिण में
- ✘ B. 4 km उत्तर में
- ✘ C. 5 km पूर्व में
- ✔ D. 4 km पश्चिम में

Q.75 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से JUVM का संबंध YJKB से है। उसी प्रकार, RCDU का संबंध GRSJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, KVWN का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✘ A. ZCLO
- ✘ B. ZLKI
- ✘ C. ZKLO
- ✔ D. ZKLC

Q.76 सात विद्यार्थी, I, J, K, P, Q, R और Z, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
R के दाईं ओर केवल I बैठा है। Z के बाईं ओर केवल तीन लोग बैठे हैं। R और K के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। P, J के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन Q के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।
Q और J के बीच कितने लोग बैठे हैं?

Ans
- ✔ A. तीन
- ✘ B. चार
- ✘ C. एक
- ✘ D. दो

Q.77 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

AHYK XDCP UZGU RVKZ ?

Ans
- ✘ A. PSPD
- ✔ B. OROE
- ✘ C. OSOD
- ✘ D. PRPE

Q.78 शब्द DISPLACE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार प्राप्त सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में दाईं ओर से चौथा अक्षर निम्नलिखित में से कौन सा होगा?

Ans
- ✘ A. E
- ✔ B. J
- ✘ C. M
- ✘ D. F

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.79 यदि 'P' का अर्थ '+' है, 'R' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '−' है और 'S' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

17 P 7 Q 5 S 5 R 16 = ?

Ans
- ✔ A. 8
- ✘ B. 9
- ✘ C. 10
- ✘ D. 16

Q.80 वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
- ✘ A. PRU
- ✔ B. HJL
- ✘ C. DFI
- ✘ D. KMP

Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 जनवरी 2026 में किस बैडमिंटन खिलाड़ी ने चीन की वांग झीयी (Wang Zhiyi) को सीधे गेम्स (straight games) में हरा कर लगातार तीसरी बार चैंपियनशिप सुरक्षित करते हुए कुआलालंपुर में आयोजित 2026 मलेशिया ओपन महिला एकल खिताब जीता?

Ans
- ✘ A. चेन युफेई (Chen Yufei)
- ✘ B. ताई ज़ु-यिंग (Tai Tzu-ying)
- ✔ C. एन से-यंग (An Se-young)
- ✘ D. अकाने यामागुची (Akane Yamaguchi)

Q.82 सुधा मूर्ति द्वारा अप्रैल 2026 में किस पुस्तक का विमोचन किया गया था, जिसमें संविधान सदन में भित्तिक पैनलों (mural panels) के माध्यम से भारतीय संसदीय इतिहास को उजागर किया गया है?

Ans
- ✘ A. टाईड्स ऑफ़ हिस्ट्रीः म्यूरल्स ऑफ़ एंशिएंट इंडियन पार्लियामेंट्री आर्ट (Tides of History: Murals of Ancient Indian Parliamentary Art)
- ✘ B. इकोज़ फ्रॉम द पास्टः म्यूरल्स ऑफ़ द इंडियन पार्लियामेंट (Echoes from the Past: Murals of the Indian Parliament)
- ✘ C. इकोज़ ऑफ़ एंटीक्विटीः भारत्स पार्लियामेंट्री म्यूरल जर्नीज़ (Echoes of Antiquity: Bharat's Parliamentary Mural Journeys)
- ✔ D. टाइड्स ऑफ़ टाइमः भारत'स हिस्ट्री थ्रू मुरल्स इन पार्लियामेंट (Tides of Time: Bharat's History through Murals in Parliament)

Q.83 मार्च 2026 में अनुमोदित भारत के अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) के अनुसार, वर्ष 2035 तक स्थापित विद्युत शक्ति क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों का लक्ष्य शेयर कितना है?

Ans
- ✘ A. 47%
- ✘ B. 40%
- ✘ C. 50%
- ✔ D. 60%

Q.84 निम्नलिखित में से किसने, मई 2026 में भारत के तमिलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली?

Ans
- ✘ A. के. अन्नामलाई
- ✘ B. एम. के. अलागिरी
- ✔ C. सी. जोसेफ विजय
- ✘ D. एडप्पडी के. पलानीस्वामी

Railway BABA

Q.85 पहली इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA) शिखर सम्मेलन 2026 के पूर्व-शिखर सम्मेलन "लायन स्पीशीज स्पॉटलाइट इवेंट" के भाग के रूप में, एशियाई शेरों की दुनिया की एकमात्र जंगली आबादी के संरक्षण को प्रदर्शित करने के लिए गुजरात में किस संरक्षित क्षेत्र का चयन किया गया था?

Ans

✗ A. वेलावदार राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य

✗ B. समुद्री राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य

✗ C. वंसदा राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य

✓ D. गिर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य

Q.86 अप्रैल 2026 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए दर्ज की गई समग्र राष्ट्रीय श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) कितनी थी?

Ans

✗ A. 47.5%

✗ B. 50.1%

✓ C. 55.0%

✗ D. 65.4%

Q.87 वर्ष 2026 में, नागर विमानन महानिदेशालय के नए प्रमुख के रूप में किस वरिष्ठ IAS अधिकारी को नियुक्त किया गया?

Ans

✗ A. शशि शेखर वेम्पति

✓ B. वीर विक्रम यादव

✗ C. संजय कुमार

✗ D. अशोक लाहिड़ी

Q.88 संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने अप्रैल 2026 में, किस अंतरराष्ट्रीय तेल उत्पादक संगठन से हटने की घोषणा की, जिससे 1967 से चली आ रही उसकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी?

Ans

✗ A. इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (IEA)

✗ B. वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइज़ेशन (WTO)

✗ C. इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी (IRENA)

✓ D. ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ द पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज़ (OPEC)

Q.89 फरवरी 2026 में, भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने प्रतिस्पर्धा में लौटने के बाद तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े। उन्होंने महिलाओं के किस भार वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की?

Ans

✗ A. 54 Kg

✗ B. 72 Kg

✗ C. 68 Kg

✓ D. 48 kg

Q.90 मार्च 2026 में किस स्वदेशी तोपखाना प्रणाली को DAC की स्वीकृति प्राप्त हुई, जो उन्नत घातकता के साथ अधिक दूरी पर लक्ष्यों को भेदने की भारतीय सेना की क्षमता को बढ़ाएगी?

Ans

✗ A. T-90 गन प्रणाली

✗ B. पिनाका Mk-II प्रणाली

✗ C. M-777 हॉवित्जर

✓ D. धनुष गन प्रणाली

Q.91 भारतीय रिजर्व बैंक के सुधारों के अनुसार, 1 अक्टूबर, 2025 से सोने को कच्चे माल के रूप में उपयोग करके कार्यशील पूंजी ऋण प्राप्त करने के लिए कौन पात्र हो गए?

Ans

✓ A. विनिर्माता

✗ B. केवल जौहरी

✗ C. सभी बैंक

✗ D. विदेशी निवेशक

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.92 किस देश ने 2026 मेन्स सिक्स नेशंस रग्बी यूनियन चैंपियनशिप जीती, और लगातार दूसरा खिताब हासिल किया?

Ans
✔ A. फ्रांस
✘ B. इटली
✘ C. इंग्लैंड
✘ D. स्कॉटलैंड

Q.93 आयुष उत्पादों और औषधीय मसालों के वैश्विक प्रचार को सशक्त करने के लिए मई 2026 में, किस संगठन ने भारतीय मसाला बोर्ड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

Ans
✘ A. आयुर्वेदिक और यूनानी स्वास्थ्य सेवा निर्यात परिषद
✘ B. कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण
✘ C. भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ
✔ D. AYUSHEXCIL (आयुष निर्यात संवर्धन परिषद)

Q.94 इंडिया-AI इम्पैक्ट समिट 2026 का आयोजन 16-20 फरवरी 2026 तक किस शहर में किया गया था?

Ans
✘ A. बेंगलुरु
✘ B. हैदराबाद
✔ C. नई दिल्ली
✘ D. मुंबई

Q.95 किस राज्य सरकार ने अपने 2026-27 के बजट में जैन, बौद्ध और सिख समुदायों के व्यापक विकास के लिए धन आवंटित किया, जिसमें बौद्ध धम्मचारियों के लिए मासिक मानदेय भी शामिल है?

Ans
✔ A. कर्नाटक
✘ B. तेलंगाना
✘ C. तमिलनाडु
✘ D. महाराष्ट्र

Q.96 अप्रैल 2026 में, इंडियन एथलेटिक्स सीरीज 1 में पुरुषों की लंबी कूद में किस भारतीय एथलीट ने स्वर्ण पदक जीता था?

Ans
✘ A. जेसविन एल्ड्रिन
✘ B. मोहम्मद अनीस याहिया
✘ C. नीरज चोपड़ा
✔ D. मुरली श्रीशंकर

Q.97 अगस्त 2025 में, निम्नलिखित में से किस संगठन ने एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली (IADWS) का पहला सफल उड़ान-परीक्षण किया था?

Ans
✘ A. भारत डायनामिक्स लिमिटेड
✔ B. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
✘ C. भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड
✘ D. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

Q.98 निम्नलिखित में से किस व्यक्ति ने फरवरी 2026 में डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में 'अटल बिहारी वाजपेयी: द इटरनल स्टेट्समैन (Atal Bihari Vajpayee: The Eternal Statesman)' नामक कॉफी टेबल पुस्तक का विमोचन किया?

Ans
✔ A. सी. पी. राधाकृष्णन
✘ B. हरिभाऊ किसनराव बागडे
✘ C. आरिफ मोहम्मद खान
✘ D. प्रो. असीम कुमार घोष

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.99 2026 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन से "एग्रीकोला मेडल (Agricola Medal)" प्राप्त हुआ?

Ans
✗ A. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

✗ B. UNESCO

✗ C. विश्व बैंक

✓ D. खाद्य और कृषि संगठन (FAO)

Q.100 'इंडिया AI इम्पैक्ट समिट 2026' में उत्तरदायी स्वास्थ्य AI पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए SAHI और BODH पहलों का शुभारंभ किसने किया?

Ans
✗ A. नितिन गडकरी

✓ B. जगत प्रकाश नड्डा

✗ C. निर्मला सीतारमण

✗ D. धर्मेंद्र प्रधान

"

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९/२०२५-7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

Test Date	20/08/2026
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I 2025

Section : **General Science**

Q.1 कोलॉइडी विलयन एक प्रकार का _____ होता है।

Ans
- ✔ A. विषमांगी मिश्रण
- ✘ B. शुद्ध पदार्थ
- ✘ C. समांगी मिश्रण
- ✘ D. वास्तविक विलयन

Q.2 एक प्राणिविज्ञानी, सिंह-पुच्छी मैकेक (Lion-tailed macaque) की आबादी में उनके वन आवास के विखंडन के कारण गिरावट की पहचान करता है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो सबसे संभावित पारिस्थितिक परिणाम क्या होगा?

Ans
- ✔ A. क्षेत्र की विशिष्ट स्थानिक प्रजातियों का ह्रास
- ✘ B. प्रवासी पक्षियों की संख्या में वृद्धि
- ✘ C. बाह्य आक्रामक प्रजातियों का प्रसार
- ✘ D. सामान्य व्यापक प्रजातियों का प्रवेश

Q.3 यदि किसी परिपथ में प्रतिरोध दोगुना हो जाता है और धारा नियत रहती है, तो उसी समयावधि में प्रतिरोधक में उत्पन्न ऊष्मा की मात्रा पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans
- ✘ A. यह चौगुनी हो जाती है
- ✔ B. यह दोगुनी हो जाती है
- ✘ C. यह आधी हो जाती है
- ✘ D. यह अपरिवर्तित रहती है

Q.4 एक ध्वनि तरंग की आवृत्ति 500 Hz है और यह 340 m/s की चाल से गमन करती है। इसकी तरंगदैर्ध्य कितनी है?

Ans
- ✘ A. इसकी तरंगदैर्ध्य 170 m है
- ✘ B. इसकी तरंगदैर्ध्य 1.47 m है
- ✘ C. इसकी तरंगदैर्ध्य 0.34 m है
- ✔ D. इसकी तरंगदैर्ध्य 0.68 m है

Q.5 तत्व X के एक परमाणु की द्रव्यमान संख्या 37 है और उसमें 20 न्यूट्रॉन हैं। X की परमाणु संख्या क्या है और यह किस तत्व को निरूपित करता है?

Ans
- ✘ A. 19, पोटैशियम
- ✘ B. 20, कैल्शियम
- ✘ C. 18, आर्गन
- ✔ D. 17, क्लोरीन

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.6 जैव निम्नीकरणीय अपशिष्ट के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✗ A. यह पर्यावरण में बना रहता है
✓ B. इसे जैविक प्रक्रियाओं द्वारा अपघटित किया जा सकता है
✗ C. इसमें मानव-निर्मित पदार्थ होते हैं
✗ D. इसका पुनर्चक्रण नहीं किया जा सकता है

Q.7 निम्नलिखित दो कथनों, अभिकथन (A) और कारण (R) के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A): ऑक्सीकरण अभिक्रियाओं में, पोटैशियम परमैंगनेट का रंग प्रारंभ में लुप्त हो जाता है।
कारण (R): पोटैशियम परमैंगनेट ऐल्कोहॉल के साथ अभिक्रिया करके अपचयित हो जाता है, जिससे रंगहीनता आ जाती है।

Ans
✗ A. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।
✗ B. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या नहीं है।
✓ C. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।
✗ D. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

Q.8 A taxonomist is classifying a microscopic organism that is unicellular, has a true nucleus, and moves using cilia. Which kingdom is most appropriate for its classification?

Ans
✓ A. Protista
✗ B. Monera
✗ C. Plantae
✗ D. Fungi

Q.9 6 kg के एक पिंड पर एक बल लगाया जाता है जो उसे 3 sec में विराम से 18 m/s के वेग तक ले आता है। बल का मान कितना है?

Ans
✗ A. 12 N
✗ B. 54 N
✗ C. 18 N
✓ D. 36 N

Q.10 जंतुओं में वायुजीवी श्वसन के दौरान मुक्त होने वाली ऊर्जा की मात्रा, आवायुजीवी श्वसन के दौरान मुक्त होने वाली ऊर्जा की मात्रा _____ होती है।

Ans
✗ A. से मंद
✗ B. के बराबर
✗ C. से कम
✓ D. से अधिक

Q.11 इलेक्ट्रॉन की खोज किसने की थी?

Ans
✗ A. नील्स बोर (Neils Bohr)
✓ B. जे. जे. थॉमसन (J. J. Thomson)
✗ C. डाल्टन (Dalton)
✗ D. रदरफोर्ड (Rutherford)

Q.12 12.5 kg द्रव्यमान की एक वस्तु को 8 m की ऊंचाई तक उठाया जाता है। ($g = 10\ m/s^2$ लीजिए।) इसकी स्थितिज ऊर्जा _____ है।

Ans
✗ A. 100 J
✗ B. 800 J
✓ C. 1000 J
✗ D. 1250 J

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.13 वस्तु A (3 kg), 4 m/s की चाल से गतिमान है, और वस्तु B (6 kg), 2 m/s की चाल से गतिमान है। किस वस्तु की गतिज ऊर्जा अधिक है?

Ans
✗ A. दोनों में समान गतिज ऊर्जा होती है।
✗ B. वस्तु B
✗ C. निर्धारित नहीं किया जा सकता है
✓ D. वस्तु A

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से इसकी व्याख्या करता है कि जब किसी बड़ी, सपाट दीवार के निकट ध्वनि उत्पन्न होती है तो प्रतिध्वनि क्यों सुनाई देती है?

Ans
✗ A. क्योंकि ध्वनि दीवार द्वारा अवशोषित की जाती है और फिर धीरे-धीरे उत्सर्जित की जाती है
✗ B. क्योंकि ध्वनि तरंगें दीवार से सीधे गुजरती हैं और दूसरी ओर पुनः प्रकट होती हैं
✓ C. क्योंकि ध्वनि तरंगें दीवार से परावर्तित होती हैं और थोड़े विलंब के बाद श्रोता तक वापस आती हैं
✗ D. क्योंकि दीवार कंपन करती है और मूल ध्वनि के समान नई ध्वनि उत्पन्न करती है

Q.15 साबुन का घोल मेघमय (cloudy) क्यों दिखाई देता है?

Ans
✗ A. क्योंकि हाइड्रोकार्बन, जल में घुलनशील होते हैं
✓ B. क्योंकि साबुन के मिसेल इतने बड़े होते हैं कि वे प्रकाश का प्रकीर्णन कर सकते हैं
✗ C. क्योंकि धूल, जल में निलंबित रहती है
✗ D. क्योंकि साबुन के अणु पूरी तरह से घुल जाते हैं

Q.16 अर्धसूत्री विभाजन द्वारा उत्पादित शुक्राणु और अंड जैसी जनन कोशिकाओं को _____ के रूप में जाना जाता है।

Ans
✗ A. अंतरंगक
✗ B. ऊतक
✓ C. युग्मक
✗ D. अंगक

Q.17 जब जस्ता, तनु HCl के साथ अभिक्रिया करता है, तो इस अभिक्रिया को _____ रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

Ans
✓ A. विस्थापन अभिक्रिया
✗ B. द्वि-अपघटन अभिक्रिया
✗ C. उदासीनीकरण अभिक्रिया
✗ D. संयोजन अभिक्रिया

Q.18 एक परिवार अपने घर में विद्युत जनित अग्नि के जोखिम को न्यूनतम करना चाहता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, विद्युत से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा/से अभ्यास सर्वाधिक प्रभावी हैं?

Ans
✗ A. सभी कमरों में केवल अल्प-पावर वाले विद्युत उपकरणों का उपयोग करना
✗ B. घर के सभी उपकरणों के लिए विस्तार कॉर्ड्स पर निर्भर रहना
✗ C. प्रत्येक कमरे में पावर आउटलेट्स की संख्या में वृद्धि करना
✓ D. परिपथ विच्छेदकों का उपयोग करना और वायरिंग में दोषों की नियमित जांच करना

Q.19 सादृश्य को पूरा कीजिए।
समसूत्रण : 2 संतति कोशिकाएं :: अर्धसूत्रण : _____

Ans
✗ A. 1 संतति कोशिका
✓ B. 4 संतति कोशिकाएं
✗ C. 8 संतति कोशिकाएं
✗ D. 3 संतति कोशिकाएं

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.20 जब प्लास्टर ऑफ पेरिस ($CaSO_4 \cdot \frac{1}{2}H_2O$) को जल के साथ मिलाया जाता है, तो यह कठोर हो जाता है। इस कठोरण के लिए कौन-सा प्रक्रम उत्तरदायी है?

Ans

✗ A. कैल्शियम आयनों का ऑक्सीकरण

✗ B. अम्ल और क्षारक के बीच उदासीनीकरण

✓ C. जिप्सम निर्माण के लिए पुनर्जलयोजन

✗ D. कैल्शियम सल्फेट का निर्जलीकरण

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, निम्न तारत्व ध्वनि और उच्च तारत्व ध्वनि के बीच अंतर को सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करता है?

Ans

✗ A. निम्न तारत्व ध्वनि और उच्च तारत्व ध्वनि की आवृत्ति समान होती है।

✓ B. निम्न तारत्व ध्वनि की आवृत्ति, उच्च तारत्व ध्वनि की तुलना में कम होती है।

✗ C. निम्न तारत्व ध्वनि, उच्च तारत्व ध्वनि की तुलना में सदैव प्रबल होती है।

✗ D. निम्न तारत्व ध्वनि की आवृत्ति, उच्च तारत्व ध्वनि की तुलना में अधिक होती है।

Q.22 निम्नलिखित में से किस पर्यावरणीय उद्दीपन के कारण जड़ें स्वयं से दूर बढ़ती हैं?

Ans

✗ A. गुरुत्व (Gravity)

✗ B. जल (Water)

✓ C. प्रकाश (Light)

✗ D. वायु (Air)

Q.23 कौन-सी स्थिति तैलीय खाद्य पदार्थों में विकृतगंधिता को धीमा कर देगी?

Ans

✓ A. नाइट्रोजन से भरे हुए वायुरोधी पात्रों में भंडारण

✗ B.
सूर्य के प्रकाश में रखना

✗ C.
आद्रता की उपस्थिति

✗ D.
उच्च तापमान पर भंडारण

Q.24 किसी वस्तु की विराम अवस्था या एकसमान गति को बनाए रखने की उसकी प्रवृत्ति के संबंध में न्यूटन द्वारा प्रतिपादित गति के प्रथम नियम को कौन-सा परिदृश्य सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करता है?

Ans

✗ A. पहाड़ी से नीचे लुढ़कती हुई गेंद त्वरित होती है

✗ B. ड्राइवर द्वारा एक्सीलरेटर दबाते ही कार की स्पीड बढ़ जाना

✓ C. किसी मेज पर रखी कोई पुस्तक तब तक स्थिर रहती है जब तक कोई उसे धक्का न दे

✗ D. वायु में किसी पेड़ का हिलना

Q.25 तंबाकू का सेवन मुख्य रूप से किस अंग तंत्र को सबसे पहले प्रभावित करता है?

Ans

✗ A. वृक्क और मूत्राशय सहित उत्सर्जन तंत्र

✗ B. अस्थियों और संधियों सहित कंकाल तंत्र

✓ C. फेफड़ों और श्वसन मार्ग सहित श्वसन तंत्र

✗ D. आमाशय और आंत्र सहित पाचन तंत्र

Section : **Mathematics**

Q.26 एक आयताकार पार्क की भुजाओं को मापते समय, यदि एक भुजा को 6% अधिक और दूसरी भुजा को 5% कम मापा जाता है, तो क्षेत्रफल की गणना में कितने प्रतिशत की त्रुटि होगी?

Ans

✗ A. कोई परिवर्तन नहीं

✗ B. 0.2% की वृद्धि

✓ C. 0.7% की वृद्धि

✗ D. 0.7% की कमी

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.27 एक पिता और उसके पुत्र की वर्तमान आयु का माध्य 31 वर्ष है। 20 वर्ष बाद, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी होगी। पुत्र और पिता की वर्तमान आयु का अनुपात कितना है?

Ans
✗ A. 3 : 7
✓ B. 7 : 24
✗ C. 5 : 21
✗ D. 2 : 5

Q.28 एक रोड रोलर किसी सड़क को समतल करने के लिए 955 पूर्ण चक्कर लगाता है। यदि रोलर का व्यास 56 cm और लंबाई 0.8 m है, तो तय की गई सड़क का कुल क्षेत्रफल कितना है?
($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans
✗ A. 1230.28 m^2
✓ B. 1344.64 m^2
✗ C. 1420.35 m^2
✗ D. 1117.56 m^2

Q.29 एक निश्चित धनराशि, नियत वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर, 20 वर्षों के अंत में ₹752 और 21 वर्षों के अंत में ₹7,896 हो जाती है। चक्रवृद्धि ब्याज की वार्षिक दर ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 8.5%
✗ B. 9.5%
✓ C. 950%
✗ D. 850%

Q.30 अशोक 2 दिनों में लकड़ी की एक कुर्सी बना सकता है और रॉबिन उसी कुर्सी को 4 दिनों में बना सकता है। यदि वे मिलकर कार्य करते हैं, तो वे उसी प्रकार की 120 कुर्सियों को कितने दिनों में बना लेंगे?

Ans
✓ A. 160
✗ B. 162
✗ C. 164
✗ D. 156

Q.31 तीन व्यावसायिक साझेदार, A, B और C, एक निश्चित वर्ष के लिए अपने कुल लाभ को 3 : 4 : 5 के अनुपात में बांटने के लिए सहमत होते हैं। यदि B का हिस्सा ₹24,000 था, तो उस वर्ष के लिए व्यावसायिक साझेदारों का कुल लाभ कितना था?

Ans
✗ A. ₹76,000
✗ B. ₹64,000
✓ C. ₹72,000
✗ D. ₹56,000

Q.32 रेनू ने ₹14,500 में एक पुराना स्कूटर खरीदा और उसकी मरम्मत पर ₹3,500 खर्च किए। फिर उसने उसे ₹3,500 के लाभ पर रोहित को बेच दिया। रोहित ने स्कूटर को ₹1,200 में पेंट करवाया और मुकेश को 10% लाभ पर बेच दिया। मुकेश ने स्कूटर के लिए कितनी राशि का भुगतान किया?

Ans
✗ A. ₹25,240
✗ B. ₹24,530
✗ C. ₹23,840
✓ D. ₹24,970

Q.33 एक स्कूल में दो सेक्शन A और B हैं, जिनमें क्रमशः 30 और 40 विद्यार्थी हैं। सेक्शन A के गणित की परीक्षा में औसत अंक 75 हैं, जबकि सेक्शन B के औसत अंक 80 है। पूरी कक्षा के औसत अंक (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 78.53
✗ B. 79.57
✓ C. 77.86
✗ D. 76.54

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.34 संख्या 469A1423 को 3 से विभाज्य बनाने के लिए A का न्यूनतम मान क्या होना चाहिए?

Ans
✗ A. 6
✓ B. 1
✗ C. 5
✗ D. 4


Q.35 एक कक्षा में 60 विद्यार्थी हैं, और लड़कों और लड़कियों का अनुपात 2:3 है। यदि कक्षा में 2 लड़के और 3 लड़कियां सम्मिलित की जाती हैं, तो लड़कों और लड़कियों का नया अनुपात कितना है?

Ans
✗ A. 3:4
✓ B. 2:3
✗ C. 3:2
✗ D. 4:3

Q.36 एक ट्रेन, स्टेशन के प्लेटफार्म को 70 सेकंड में पार करती है और प्लेटफार्म पर खड़े एक व्यक्ति को 40 सेकंड में पार करती है। यदि ट्रेन की चाल 90 km/hr है, तो प्लेटफार्म की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 760 m
✗ B. 780 m
✗ C. 720 m
✓ D. 750 m

Q.37 नीचे दिया गया मल्टीपल बार ग्राफ पांच वर्षों में एक कॉलेज में तीन अलग-अलग पाठ्यक्रमों (विज्ञान, वाणिज्य और कला) में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या को दर्शाता है।



संदर्भ:
Number of Students Enrolled in three Different Courses-तीन अलग-अलग पाठ्यक्रमों में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या
Science-विज्ञान, Commerce-वाणिज्य, Arts-कला

दिए गए पांच वर्षों में नामांकित वाणिज्य के विद्यार्थियों की औसत संख्या कितनी थी?

Ans
✗ A. 246
✗ B. 242
✗ C. 244
✓ D. 240

Railway BABA

Q.38 चार दुकानों I, II, III और IV में कुकर का अंकित मूल्य एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर, दुकान I, 90% और 41% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान II, 19% और 65% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान III, 24% और 13% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है और दुकान IV, 78%, 73% और 12% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है। निम्नलिखित में से कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम कीमत पर बेच रही है?

Ans
- ✗ A. II
- ✓ B. IV
- ✗ C. III
- ✗ D. I

Q.39 यदि $\tan A + \cot A = 2$ है, तो $\tan\frac{3}{4}A + \cot\frac{5}{9}A$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 2
- ✗ B. −1
- ✗ C. 0
- ✗ D. 1

Q.40 यदि $\frac{1 + \cos\theta}{1 - \cos\theta} = \frac{m^2}{n^2}$ है, तो $\left[\frac{m^2 + n^2}{mn}\right]$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\text{cosec}\theta + \cot\theta$
- ✓ B. $2\text{cosec}\theta$
- ✗ C. $(\sec\theta + \tan\theta)^2$
- ✗ D. $2 + \cos\theta$

Q.41 एक घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई का अनुपात 8 : 5 : 3 है और इसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 1422 cm^2 है। घनाभ का आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 3240 cm^3
- ✗ B. 3520 cm^3
- ✗ C. 3780 cm^3
- ✗ D. 3860 cm^3

Q.42 ₹1,500 की धनराशि पर 3% मासिक ब्याज दर से 5 महीनों का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 38.75
- ✓ B. 225
- ✗ C. 37.5
- ✗ D. 18.75

Q.43 आंकड़ों के एक समुच्चय का माध्य और बहुलक क्रमशः 65 और 79.7 हैं। मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करके आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 69.9
- ✗ B. 71.1
- ✗ C. 69.8
- ✗ D. 71.7

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.44 किसी आण्विक यौगिक में परमाणु A और B हैं, जहाँ उनके प्रति अणु गुणन क्रमशः आरंभ से 5वीं और 7वीं अभाज्य संख्याएं हैं। इस यौगिक में 10 समरूप अणु हैं। एक अभिक्रिया के बाद, प्रति अणु B परमाणुओं की संख्या दोगुनी हो जाती है, और C परमाणु (जो आरंभ से तीसरी अभाज्य संख्या के बराबर है) जुड़ जाते हैं। अभिक्रिया के बाद सभी 10 अणुओं में A, B और C परमाणुओं की कुल संख्या कितनी होगी?

Ans
✗ A. 330
✓ B. 500
✗ C. 550
✗ D. 690

Q.45 △ABC के कोण A और कोण B के आंतरिक कोणीय समद्विभाजक O पर प्रतिच्छेद करते हैं। यदि ∠AOB = 94° है, तो ∠ACB ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 8°
✗ B. 24°
✗ C. 16°
✗ D. 22°

Q.46 नेहा के कमरों में से एक कमरे को पेंट करवाने का लागत ₹5000 है। अगले वर्ष, यह लागत बढ़कर ₹5500 हो जाती है। प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 10% की वृद्धि
✗ B. 5% की वृद्धि
✗ C. 7.5% की वृद्धि
✗ D. 0.1% की वृद्धि

Q.47 ₹64,000 की राशि 10% वार्षिक ब्याज दर पर (जहां ब्याज अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होता है), कितने वर्षों में ₹74,088 हो जाएगी?

Ans
✓ A. $1\frac{1}{2}$
✗ B. $1\frac{1}{4}$
✗ C. $2\frac{1}{2}$
✗ D. $2\frac{1}{4}$

Q.48 दो व्यक्ति, A और B, 325 km लंबी सड़क के विपरीत छोरों से एक-दूसरे की ओर चलना शुरू करते हैं। A की चाल 70 km/h है और B की चाल 50 km/h है। यदि A, B के 30 मिनट बाद चलना शुरू करता है, तो B के चलने के कितने समय बाद वे मिलेंगे?

Ans
✗ A. 6 h
✓ B. 3 h
✗ C. 4 h
✗ D. 5 h

Q.49 16 - 5 × 3 + 18 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 21
✓ B. 19
✗ C. 18
✗ D. 17

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.50 नीचे 25 विद्यार्थियों का वजन दिया गया है। आँकड़ों का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

भार	65	66	67	68	69
विद्यार्थियों की संख्या	8	6	4	4	3

Ans
✔ A. 66.52
✘ B. 56.84
✘ C. 67.43
✘ D. 64.32

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी उद्यान, वन हैं।
कोई वन, झील नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई उद्यान, झील नहीं है।
(II) सभी झीलें, वन हैं।

Ans
✘ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✘ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✔ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✘ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.52 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 366 का संबंध 731 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 413 का संबंध 825 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 287 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✘ A. 445
✘ B. 630
✔ C. 573
✘ D. 751

Q.53 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक संख्याओं के समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त समान संक्रिया-समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 1 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
4 – 64 – 74 – 84;
3 – 27 – 37 – 47

Ans
✘ A. 2-8-18-36
✘ B. 6-216-226-246
✔ C. 5-125-135-145
✘ D. 7-21-31-41

Railway BABA

Q.54 अभिषेक, जय, कनिका, मीना, रीना, सनी और टीना में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले उसी सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है।
रीना और सनी के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है।
जय और अभिषेक के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है।
सनी और कनिका के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है।
मीना की परीक्षा जय से ठीक पहले है।
कनिका की परीक्षा, जय की परीक्षा से पहले किसी भी दिन नहीं है।
दिए गए व्यवस्थापन के आधार पर, निम्नलिखित चार विकल्पों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। वह कौन-सा विकल्प है, जो उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

Ans
✗ A. जय और सनी
✗ B. अभिषेक और टीना
✗ C. रीना और मीना
✓ D. कनिका और रीना

Q.55 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
: BIQ :: BIQ : %

Ans
✗ A. # = TAI , % = JTY
✗ B.
= TOI , % = JQY
✓ C.
= TAI , % = JQY
✗ D.
= TAI , % = JQL

Q.56 G, K का भाई है। V, B का पति है। K, V की पुत्री है। B, J की बहन है। G का J से क्या संबंध है?

Ans
✗ A. पति की माता
✗ B. भाई की पुत्री
✗ C. पुत्री की पुत्री
✓ D. बहन का पुत्र

Q.57 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएँ) 5 % 9 $ 7 Ω 3 & 1 @ 8 * 6 £ 4 # 2 Ω 9 (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है, लेकिन ठीक बाद में एक सम संख्या नहीं है?

Ans
✗ A. दो
✗ B. तीन
✓ C. एक
✗ D. तीन से अधिक

Q.58 रूपाली बिंदु Y से ड्राइव करना प्रारंभ करती है और पूर्व की ओर 7 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएँ मुड़ती है और 5 km ड्राइव करती है और फिर बाएँ मुड़ती है और 4 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएँ मुड़ती है और 6 km ड्राइव करती है। अंततः वह दाएँ मुड़ती है और बिंदु E तक पहुंचने के लिए 11 km ड्राइव करती है। बिंदु Y पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans
✗ A. 11 km, पूर्व की ओर
✓ B. 11 km, उत्तर की ओर
✗ C. 16 km, उत्तर की ओर
✗ D. 20 km, दक्षिण की ओर

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.59 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

KEG LAM BIN BUG

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✓ D. दो

Q.60 निम्नलिखित शृंखला में ? के स्थान पर क्या आएगा?
245 216 187 158 129 ?

Ans
- ✗ A. 101
- ✓ B. 100
- ✗ C. 111

Q.81 RBI ने अक्टूबर 2025 में जारी अपनी मौद्रिक नीति रिपोर्ट में क्या निर्णय लिया?

Ans
- ✗ A. रेपो दर में वृद्धि; सख्त रुख
- ✗ B. रेपो दर 6.00% पर अपरिवर्तित; नरम रुख
- ✗ C. रेपो दर में कटौती; सौम्य रुख
- ✓ D. रेपो दर 5.50% पर अपरिवर्तित; तटस्थ रुख

Q.82 बिहार राज्य चुनाव 2025 में किस पार्टी ने सबसे अधिक सीटें जीतीं?

Ans
- ✗ A. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस - INC
- ✗ B. जनता दल (यूनाइटेड) - JD(U)
- ✗ C. राष्ट्रीय जनता दल - RJD
- ✓ D. भारतीय जनता पार्टी - BJP

Q.83 रॉब जेटन (Rob Jetten), जिन्होंने फरवरी 2026 में प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली, किस यूरोपीय देश में पद संभालने वाले सबसे युवा और पहले खुले तौर पर समलैंगिक प्रधानमंत्री बने?

Ans
- ✗ A. स्वीडन
- ✓ B. नीदरलैंड
- ✗ C. बेल्जियम
- ✗ D. डेनमार्क

Q.84 फेडरेशन कप 2026 में पुरुषों के शॉट पुट में बड़ा उलटफेर (upset) देखने को मिला। किस एथलीट ने दो बार के एशियाई खेलों के चैंपियन को हराकर कॉमनवेल्थ गेम्स में जगह बनाई?

Ans
- ✓ A. समरदीप सिंह गिल
- ✗ B. करणवीर सिंह
- ✗ C. तेजिंदरपाल सिंह तूर
- ✗ D. प्रवीण चित्रवेल

Railway BABA

Q.85 नवंबर 2025 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के पक्षकारों की सैंतीसवीं बैठक (MOP37) कहाँ आयोजित की गई थी?

Ans
- ✔ A. नैरोबी, केन्या
- ✘ B. जिनेवा, स्विट्जरलैंड
- ✘ C. बैंकॉक, थाईलैंड
- ✘ D. वियना, ऑस्ट्रिया

Q.86 भारत सरकार द्वारा 11 मई 2026 को अधिसूचित किस मिशन का उद्देश्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम को प्रतिस्थापित करते हुए ग्रामीण रोजगार और आजीविका के अवसरों को सुदृढ़ करना था?

Ans
- ✘ A. ग्रामीण कौशल एवं रोजगार योजना
- ✘ B. प्रधानमंत्री ग्रामीण रोजगार अभियान
- ✘ C. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका और रोजगार मिशन
- ✔ D. विकसित भारत – रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) की गारंटी

Q.87 बजट 2026 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार, ग्रामीण परिवारों के लिए विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) [VB-GRAM G] अधिनियम, 2025 में कौन-सी प्रमुख विशेषता शामिल की गई थी?

Ans
- ✔ A. प्रत्येक वित्तीय वर्ष में मजदूरी आधारित रोजगार की वैधानिक गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करना
- ✘ B. सभी ग्रामीण परिवारों के लिए ब्याज-मुक्त कृषि ऋण का प्रावधान
- ✘ C. प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए अनिवार्य फसल बीमा कवरेज
- ✘ D. 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी ग्रामीण श्रमिकों के लिए सार्वभौमिक पेंशन कवरेज

Q.88 2026 के केरल विधानसभा चुनावों के बाद केरल के मुख्यमंत्री के रूप में किसने शपथ ली?

Ans
- ✔ A. वी. डी. सतीशन
- ✘ B. पिनाराई विजयन
- ✘ C. शशि थरूर
- ✘ D. के. सुधाकरन

Q.89 2026 ICC पुरुष T20 विश्व कप के फाइनल मैच का आयोजन स्थल क्या था, जहां भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीता था?

Ans
- ✘ A. वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई
- ✘ B. ईडन गार्डन्स, कोलकाता
- ✘ C. एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु
- ✔ D. नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद

Q.90 किस संस्थान ने जल से विषैले प्लास्टिक प्रदूषकों को तेजी से हटाने के लिए नैनो-सक्षम नवाचार विकसित किया था, जो जनवरी 2026 में नमामि गंगे, स्वच्छ भारत, जल जीवन मिशन और UN सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप एक पहल थी?

Ans
- ✘ A. भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु
- ✘ B. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली
- ✔ C. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की
- ✘ D. राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान

Q.91 फरवरी 2026 में, 50m राइफल 3 पोजीशन इवेंट में नया विश्व रिकॉर्ड किसने बनाया?

Ans
- ✘ A. गगन नारंग
- ✘ B. अभिनव बिंद्रा
- ✔ C. ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर
- ✘ D. नीरज कुमार

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.92 राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 की थीम "मेरा भारत, मेरा वोट" के साथ निम्नलिखित में से कौन-सी टैगलाइन थी?

Ans

✗ A. भागीदारी के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत करना

✗ B. प्रत्येक वोट राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करता है

✓ C. भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक

✗ D. चुनावी अखंडता के लिए नागरिकों को सशक्त बनाना

Q.93 किस कार्यक्रम के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मई 2026 में नई दिल्ली में मुख्य अतिथि के रूप में आयोजित 'जनजाति सांस्कृतिक समागम' को संबोधित किया था?

Ans

✗ A. विश्व जनजातीय दिवस समारोह

✗ B. आजादी का अमृत महोत्सव समारोह

✗ C. भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ

✓ D. भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष

Q.94 युवा भागीदारी को प्रोत्साहित करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए पूरे भारत में मनाए गए राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 की थीम क्या थी?

Ans

✓ A. मेरा भारत, मेरा वोट

✗ B. भागीदारी के माध्यम से लोकतंत्र

✗ C. हर वोट की शक्ति

✗ D. एक राष्ट्र, एक चुनाव

Q.95 1 जनवरी 2026 को किस देश ने आधिकारिक रूप से यूरो को अपनी राष्ट्रीय करेंसी के रूप में अपनाया और यूरोजोन (Eurozone) का 21वां सदस्य बन गया?

Ans

✗ A. रोमानिया

✗ B. क्रोएशिया

✓ C. बुल्गारिया

✗ D. हंगरी

Q.96 मई 2026 में प्रकाशित निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक शिवराज सिंह चौहान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 35 वर्षों के सहसंबंध का विस्तृत विवरण प्रदान करती है, जिसमें संगठनात्मक रणनीति और राष्ट्र निर्माण पर प्रकाश डाला गया है?

Ans

✗ A. जर्नी ऑफ गवर्नेंस (Journey of Governance)

✗ B. लीडरशिप अनवील्ड (Leadership Unveiled)

✗ C. संकल्प से सिद्धि (Sankalp Se Siddhi)

✓ D. अपनापन (Apnapan)

Q.97 मई 2026 में, डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा दुर्लभ आनुवंशिक विकारों और जीनोम-आधारित सटीक चिकित्सा के लिए प्रारंभिक अंतःक्षेप और किफायती स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्र को समर्पित कार्यक्रम का क्या नाम था?

Ans

✓ A. UMMID (उम्मीद)

✗ B. AYUSH (आयुष)

✗ C. SAKSHAM (सक्षम)

✗ D. UMANG (उमंग)

Q.98 जनवरी 2026 में, DRDO ने हैदराबाद में स्क्रैमजेट कनेक्ट पाइप टेस्ट (SCPT) फैसिलिटी में अपने पूर्ण-स्केल स्क्रैमजेट इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इस परीक्षण का मुख्य परिणाम क्या था?

Ans

✗ A. सामान्य इंजनों का उपयोग करके लघु सुपरसोनिक फ्लाइट

✗ B. एक नए गाइडेड मिसाइल सिस्टम का विकास

✗ C. उपयोग के लिए तैयार हाइपरसोनिक मिसाइल का लॉन्च

✓ D. बारह मिनट से अधिक समय तक रन करने वाला दीर्घ हाइपरसोनिक इंजन

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.99 क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक 26 मई, 2026 को भारत के निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित की गई थी?

Ans
- ✗ A. कोलकाता
- ✓ B. नई दिल्ली
- ✗ C. मुंबई
- ✗ D. जयपुर

Q.100 2026 ICC अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में भारत ने किस टीम को हराकर रिकॉर्ड छठी बार खिताब अपने नाम किया?

Ans
- ✗ A. न्यूजीलैंड
- ✓ B. इंग्लैंड
- ✗ C. दक्षिण अफ्रीका
- ✗ D. ऑस्ट्रेलिया

"

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९/२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

Test Date	25/08/2026
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB Level 01 Stage I 2025

Section : **General Science**

Q.1 एक वैज्ञानिक, जल से भरी कांच वाली टंकी (glass tank of water), एक टॉर्च और थोड़ी मात्रा में दूध का उपयोग करके यह प्रदर्शित करना चाहता है कि दिन के समय आकाश का रंग नीला और सूर्यास्त के समय रक्ताभ (reddish) क्यों दिखाई देता है। निम्नलिखित में से कौन-सा सेटअप, वायुमंडल में प्रेक्षित प्रकाश के प्रकीर्णन के समान प्रकाश के प्रकीर्णन को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करेगा?

Ans
- ✗ A. टॉर्च को स्वच्छ जल के माध्यम से प्रकाशमान करना और विपरीत दिशा से संचरित प्रकाश का प्रेक्षण करना
- ✗ B. जल में अधिक मात्रा में दूध मिलाना और मिश्रण के माध्यम से टॉर्च को ऊपर से प्रकाशमान करना
- ✗ C. टॉर्च को ऊपर से स्वच्छ जल पर प्रकाशमान करना और प्रदीप्त क्षेत्र का प्रेक्षण करना
- ✓ D. जल में थोड़ी मात्रा में दूध मिलाना और प्रकीर्णित प्रकाश का प्रेक्षण करने के लिए बगल से टंकी के माध्यम से टॉर्च को प्रकाशमान करना

Q.2 डाल्टन का परमाणु सिद्धांत विभिन्न तत्वों के परमाणुओं के बारे में क्या बताता है?

Ans
- ✗ A. उनका द्रव्यमान सर्वसम होता है लेकिन उनकी आकृति अलग-अलग होती है
- ✗ B. ये प्रत्येक अभिमुखता में समान होते हैं
- ✗ C. उनका आकार अलग-अलग होता है लेकिन द्रव्यमान सर्वसम होता है
- ✓ D. उनका द्रव्यमान और गुणधर्म अलग-अलग होता है

Q.3 निम्नलिखित में से किस तत्व के अणु में परमाणुओं की संख्या सबसे अधिक है?

Ans
- ✗ A. नाइट्रोजन
- ✓ B. सल्फर
- ✗ C. ऑक्सीजन
- ✗ D. क्लोरीन

Q.4 किसी लवण विलयन का pH मान 9 है। यह किस प्रकार का लवण हो सकता है?

Ans
- ✗ A. दुर्बल अम्ल और दुर्बल क्षार से बना लवण
- ✓ B. प्रबल क्षार और दुर्बल अम्ल से बना लवण
- ✗ C. प्रबल अम्ल और प्रबल क्षार से बना लवण
- ✗ D. प्रबल अम्ल और दुर्बल क्षार से बना लवण

Q.5 निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण दैनिक जीवन में उच्च तारत्व (high pitch) की ध्वनि को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करता है?

Ans
- ✗ A. एक बड़ी दीवार घड़ी की टिक-टिक करना
- ✗ B. एक रेफ्रिजरेटर की भनभनाहट
- ✗ C. एक बड़े ढोल की थाप
- ✓ D. एक बच्चे द्वारा सीटी बजाना

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.6 एक पारिस्थितिकीविज्ञ, पवन पैटर्न का विश्लेषण करता है और यह निष्कर्ष निकालता है कि उनकी उत्पत्ति भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर होती है। इस अवलोकन का अंतर्निहित सिद्धांत क्या है?

Ans

✗ A. महासागरीय लवणता में अंतर वायु संहतियों को उत्तर और दक्षिण की ओर धकेलते हैं

✗ B. ज्वारीय बल, वायुमंडलीय धाराओं को विश्व स्तर पर स्थानांतरित करते हैं

✗ C. पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र, पवनों को भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर निर्देशित करता है

✓ D. असमान सौर तापन के कारण होने वाली ताप प्रवणता पवनों को चालित करती है

Q.7 हीरा, विद्युत का चालन क्यों नहीं करता है जबकि ग्रेफाइट विद्युत का चालन करता है?

Ans

✓ A. हीरे के सभी इलेक्ट्रॉन आबंधन में शामिल होते हैं

✗ B. हीरे में ऐसी परतें होती हैं जो सर्पण और चालन करती हैं

✗ C. अक्रिस्टलीय कार्बन में विस्थानीकृत इलेक्ट्रॉन होते हैं

✗ D. फुलेरीन के पिंजरों (cage) में गतिशील इलेक्ट्रॉन होते हैं

Q.8 निम्नलिखित में से कौन-सा व्यवहार अजैव-निम्नीकरणीय अपशिष्ट की मात्रा को कम कर सकता है?

Ans

✗ A. सभी अपशिष्ट को जल निकायों में फेंके।

✗ B. अजैव-निम्नीकरणीय अपशिष्ट को मिट्टी के साथ मिलाएं।

✓ C. पुनः उपयोग योग्य और पुनर्चक्रणीय उत्पादों का उपयोग करें।

✗ D. उपयोग-पश्चात् फेंकने वाली (डिस्पोजेबल) प्लेटों और कपों का प्रयोग करें।

Q.9 एक आयताकार कुंडली को एकसमान चुंबकीय क्षेत्र में रखा गया है। यदि धारा की दिशा उत्क्रमित कर दी जाए, तो कुंडली के प्रत्येक खंड पर लगने वाले बल पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans

✗ A. बल का परिमाण दोगुना हो जाता है

✗ B. बल का परिमाण शून्य हो जाता है

✗ C.
बल, कुंडली के तल के लंबवत कार्य करता है

✓ D.
प्रत्येक खंड पर लगने वाले बल की दिशा उत्क्रमित हो जाती है

Q.10 तंत्रिका ऊतक के संबंध में दिए गए कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?

(i) तंत्रिका ऊतक न्यूरॉन से बने होते हैं।
(ii) न्यूरॉन में एक तंत्रिकाक्ष और कई द्रुमिका होती हैं।
(iii) तंत्रिका आवेग वे संकेत होते हैं जो तंत्रिका तंतुओं से होकर गुजरते हैं।

Ans

✗ A. केवल (ii) और (iii)

✓ B.
(i), (ii) और (iii)

✗ C. केवल (i) और (iii)

✗ D. केवल (i) और (ii)

Q.11 एक भौतिक भूगोलवेत्ता दो तटीय शहरों की तुलना करता है जिसमें से एक भूमध्य रेखा पर है और दूसरा ध्रुवों के निकट है। दोनों शहर दिन के दौरान समान अवधि तक सूर्य का प्रकाश प्राप्त करते हैं। भूमध्य रेखा पर स्थित शहर के अधिक गर्म रहने का कारण क्या है?

Ans

✗ A. ध्रुवीय शहर जल निकटता के कारण कम सूर्य का प्रकाश अवशोषित करता है

✗ B. भूमध्यरेखा पर पृष्ठीय परावर्तन अधिक होता है, जिससे यह गर्म रहता है

✓ C. भूमध्य रेखा पर सूर्य का प्रकाश अधिक प्रत्यक्ष होता है, जो ऊर्जा को केंद्रित करता है

✗ D. दोनों शहरों का तापमान सूर्य के प्रकाश की समान अवधि के कारण समान होता है

Q.12 मेथेनोइक अम्ल युक्त मधुमक्खी के डंक के कारण दाह संवेदन (burning sensation) को निष्प्रभावित करने में कौन-सा पदार्थ सर्वाधिक सहायक होगा?

Ans

✗ A. नींबू का रस

✓ B. तनु बेकिंग सोडा विलयन

✗ C. तनु सिरका विलयन

✗ D. इमली का विलयन

Railway BABA

Q.13 लंबे समय तक धूम्रपान करने वाले व्यक्ति को चिरकालिक खांसी और बार-बार श्वसन संक्रमण हो जाता है। श्वसन पथ में होने वाला कौन-सा शरीरक्रियात्मक परिवर्तन, मुख्यत: इस वर्धित सुग्राहिता में योगदान देता है?

Ans
✗ A. श्वसनियों का संकुचित होना
✗ B. श्लेष्मा के उत्पादन में वृद्धि
✓ C. उपरि श्वसन पथ में पक्ष्माभ (cilia) का क्षतिग्रस्त होना
✗ D. श्वसनी भित्तियों का स्थूल होना

Q.14 विद्युत परिपथ में सेल की रासायनिक ऊर्जा की क्या भूमिका होती है?

Ans
✗ A. यह इलेक्ट्रॉनों को सीधे तार के अनुदिश गतिमान करती है
✗ B. यह परिपथ के प्रतिरोध को बदलती है
✗ C. यह धारा के प्रवाह को मापती है
✓ D. यह विभवांतर का निर्माण करती है और उसे बनाए रखती है

Q.15 अधातुओं से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन I: वह ठोस पदार्थ, जो द्युतिहीन, भंगुर होता है और ठोस अवस्था में विद्युत का चालन नहीं करता है, संभवतः एक अधातु होता है।
कथन II: सभी अधातुएं द्युतिहीन, भंगुर ठोस होती हैं और ठोस अवस्था में विद्युत का चालन नहीं करती हैं।

Ans
✓ A. कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है
✗ B. दोनों कथन सही हैं
✗ C. दोनों कथन गलत हैं
✗ D. कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है

Q.16 मृत समुद्री जीवों से पेट्रोलियम के निर्माण के लिए कौन-सी स्थिति सबसे अधिक आवश्यक है?

Ans
✗ A. निम्न तापमान और खुली वायु की उपस्थिति
✓ B. लंबे समय तक उच्च दाब और वायु की अनुपस्थिति
✗ C. भूपृष्ठ जल और पवन के साथ सीधा संपर्क
✗ D. सूर्य के प्रकाश और ताजे ऑक्सीजन में उद्भासन

Q.17 पादपों में जल का परिवहन _____ के माध्यम से होता है।

Ans
✗ A. फ्लोएम
✓ B. जाइलम
✗ C. रसधानी
✗ D. कैम्बियम

Q.18 एक घोड़ा 500 N के बल के साथ एक गाड़ी खींचता है। गाड़ी के कारण घोड़े पर लगने वाला बल कितना होगा?

Ans
✗ A. 1000 N
✗ B. 0 N
✗ C. 250 N
✓ D. 500 N गति के बराबर और विपरीत

Q.19 यदि किसी ध्वनि तरंग की आवृत्ति में वृद्धि होती है जबकि वायु में उसकी चाल नियत रहती है, तो उसकी तरंगदैर्ध्य पर क्या प्रभाव होगा?

Ans
✓ A. इसकी तरंगदैर्ध्य में कमी होगी
✗ B. इसकी तरंगदैर्ध्य में वृद्धि होगी
✗ C. इसकी तरंगदैर्ध्य अपरिवर्तित रहेगी
✗ D. इसकी तरंगदैर्ध्य में यादृच्छिक रूप से उच्चावचन होगा

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.20 20 N का एक बल, 5 m के विस्थापन के विपरीत कार्य करता है। बल द्वारा किया गया कार्य कितना होगा?

Ans

✗ A. +100 J

✓ B. –100 J

✗ C. 0 J

✗ D. +25 J

Q.21 एक गोली और एक गेंद की गतिज ऊर्जा समान है, लेकिन गोली का द्रव्यमान गेंद की तुलना में बहुत कम है। उनकी चाल के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

Ans

✗ A. गेंद, गोली की तुलना में बहुत तीव्र गति से चलती है।

✓ B. गोली, गेंद की तुलना में बहुत तीव्र गति से चलती है।

✗ C. दोनों समान चाल पर गति करते हैं।

✗ D. गोली और गेंद दोनों विराम अवस्था में रहते हैं।

Q.22 गोली चलाने पर बंदूक पीछे की ओर धक्का क्यों मारती है?

Ans

✗ A. वायु प्रतिरोध बंदूक को पीछे की ओर धकेलता है

✓ B.
गोली आगे की ओर बढ़ती है और बंदूक एक समान और विपरीत पश्च बल का अनुभव करती है

✗ C. ट्रिगर बंदूक को पीछे की ओर ले जाने का कारण बनता है

✗ D. बंदूक भारी होती है और स्वाभाविक रूप से पीछे की ओर जाती है

Q.23 पादपों में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया, ऊर्जा और कार्बन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उत्तरदायी है?

Ans

✗ A. श्वसन

✗ B. वाष्पोत्सर्जन

✓ C. प्रकाश-संश्लेषण

✗ D. स्थानांतरण

Q.24 पादप और जंतु कोशिकाओं के वृद्धि के पैटर्न के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans

✗ A. जंतु कोशिकाओं की तुलना में पादप कोशिका वृद्धि अधिक एकसमान होती है

✗ B. दोनों समान वृद्धि पैटर्न का पालन करते हैं

✓ C. पादपों में एक विशिष्ट वृद्धि क्षेत्र होता है जिसमें विभाजित ऊतक होते हैं

✗ D. जंतु कोशिका वृद्धि मेरिस्टेमी ऊतकों के कारण होती है

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-सा, वास्तविक विलयन का एक अभिलक्षण है?

Ans

✗ A. विलेय कणों को नग्न आँखों से देखा जा सकता है

✗ B. विलेय कण तेजी से नीचे बैठ जाते हैं

✗ C. विलेय कणों को निस्यंदन द्वारा आसानी से पृथक किया जा सकता है

✓ D. विलेय कण, विलयन में समान रूप से वितरित होते हैं

Section : **Mathematics**

Q.26 तीन संख्याओं का अनुपात 3 : 14 : 13 है, और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 5460 है। उन संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 59

✓ B. 10

✗ C. 5

✗ D. 36

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.27 दो उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में, 25% पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान नहीं किया तथा डाले गए 795 मतों को अवैध घोषित कर दिया गया। विजयी उम्मीदवार ने 70% वैध मत प्राप्त किए और दूसरे उम्मीदवार को 3,600 मतों के अंतर से हराया। मतदाता सूची में कुल मतदाताओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 13,456
✗ B. 12,680
✓ C. 13,060
✗ D. 12,090

Q.28 एक शंकु की ऊंचाई और तिर्यक ऊंचाई क्रमशः 10 cm और 32 cm है। शंकु का आयतन ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

Ans
✗ A. 9679 cm^3
✗ B. 9684 cm^3
✓ C. 9680 cm^3
✗ D. 9689 cm^3

Q.29 यदि माता की वर्तमान आयु का दो गुना, उसकी पुत्री की वर्तमान आयु के छह गुना से 30 वर्ष कम है, और पुत्री की वर्तमान आयु का पांच गुना, माता की वर्तमान आयु से 55 वर्ष अधिक है, तो माता और पुत्री की वर्तमान आयु में अंतर (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 25
✗ B. 30
✗ C. 27
✗ D. 20

Q.30 2024 की पहली छमाही में सुलेखा ने प्रत्येक महीने (जनवरी से जून), औसतन 2.2 kg चीनी का सेवन किया। 2024 के दौरान उसने प्रत्येक महीने औसतन 2.5 kg चीनी का सेवन किया। 2024 के जुलाई और दिसंबर के बीच उसने औसतन _____ चीनी का सेवन किया।

Ans
✗ A. 2.2 kg
✗ B. 2.5 kg
✓ C. 2.8 kg
✗ D. 2.7 kg

Q.31 $\sqrt{\frac{\cot\theta + \cos\theta}{\cot\theta - \cos\theta}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. $\sec\theta + \tan\theta$
✗ B. $\tan\theta - \sec\theta$
✗ C. $\sec\theta - \tan\theta$
✗ D. $\sec\theta \tan\theta$

Q.32 यदि 4, 8, x और 12 समानुपात में हैं, तो (x + 3) और (x + 30) के बीच का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 14
✓ B. 18
✗ C. 16
✗ D. 15

Q.33 दो बैंकों, A और B ने क्रमशः 3.5% और 8.5% वार्षिक दर पर ऋण प्रदान किए। आशीष ने प्रत्येक बैंक से ₹4,60,000 की धनराशि का ऋण लिया। 2 वर्ष के पश्चात आशीष द्वारा दोनों बैंकों को चुकाए गए साधारण ब्याज की धनराशियों के बीच का धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 46,000
✗ B. 47,500
✗ C. 45,500
✗ D. 47,000

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.34 यदि $y = 25$ है, तो $\frac{3}{y^{\frac{2}{2}}} + (40\% \text{ of } y) - 27^{\frac{2}{3}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 126
- ✘ B. 121
- ✘ C. 123
- ✘ D. 124

Q.35 केशव का मासिक वेतन ₹15,000 है। वह प्रत्येक माह घर के किराए पर ₹5,500 और यूटिलिटी बिलों पर ₹2,500 का व्यय करता है तथा शेष राशि की बचत करता है। यदि, अपने जन्मदिवस वाले महीने के दौरान, वह अपनी संपूर्ण मासिक बचत अपने जन्मदिवस के उत्सव पर व्यय कर देता है, तो वर्ष के लिए उसकी कुल बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 63,000
- ✔ B. 77,000
- ✘ C. 70,000
- ✘ D. 84,000

Q.36 यदि ₹21,400 की राशि 5% वार्षिक ब्याज दर पर 2 वर्षों के लिए जमा की जाती है, तो चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. ₹46.60
- ✘ B. ₹56.50
- ✘ C. ₹56.40
- ✔ D. ₹53.50

Q.37 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{1}{\sec\theta - \tan\theta}$$

Ans
- ✘ A. $(2\sec\theta + 3\tan\theta)$
- ✔ B. $(\sec\theta + \tan\theta)$
- ✘ C. $(\sec\theta - \tan\theta)$
- ✘ D. $(\sec\theta - 2\tan\theta)$

Q.38 मार्गरिट के वेतन में 12% की वृद्धि होती है। यदि उसका नया वेतन ₹22,400 हो जाता है, तो मार्गरिट का मूल वेतन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. ₹21,500
- ✘ B. ₹19,500
- ✔ C. ₹20,000
- ✘ D. ₹19,800

Q.39 अनुषा अपने घर और कॉलेज के बीच की एक निश्चित दूरी कार से तय करती है। 35 km/hr की चाल से कार चलाने पर वह 20 मिनट की देरी से कॉलेज पहुँचती है। हालाँकि, 45 km/hr की चाल से कार चलाने पर वह अपने कॉलेज 10 मिनट जल्दी पहुँच जाती है। उसके घर और कॉलेज के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 72.25 km
- ✘ B. 76.65 km
- ✘ C. 74.5 km
- ✔ D. 78.75 km

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.40 एक दुकानदार किसी वस्तु को उसके अंकित मूल्य पर 37.5% की छूट देकर बेचने पर 25% का लाभ प्राप्त करता है। यदि क्रय मूल्य में 20% की वृद्धि होती है और दुकानदार उसी लाभ प्रतिशत को बनाए रखना चाहता है, तो उसे कितनी छूट प्रदान करनी चाहिए?

Ans
- ✔ A. 25%
- ✘ B. 22%
- ✘ C. 24%
- ✘ D. 23%


Q.41 एक बस 60 km/h की चाल से दिल्ली से जयपुर के लिए प्रस्थान करती है। दो घंटे पश्चात, एक कार उसी मार्ग पर 90 km/h की चाल से दिल्ली से जयपुर की ओर चलना प्रारंभ करती है। कार द्वारा बस को ओवरटेक करने में कितना समय लगेगा और दिल्ली से कितनी दूरी पर कार, बस से मिलेगी?

Ans
- ✘ A. 4 घंटे, और 306 km
- ✘ B. 4 घंटे, और 330 km
- ✔ C. 4 घंटे, और 360 km
- ✘ D. 3 घंटे, और 360 km

Q.42 एक विक्रेता ₹33,033 में 39 लैपटॉप बैग खरीदता है और उन्हें ₹27,552 में 32 बैग की दर से बेचता है। कुल ₹7,154 का लाभ अर्जित करने के लिए, इस दर पर कितने लैपटॉप बैग खरीदे और बेचे जाने चाहिए?

Ans
- ✘ A. 529
- ✘ B. 501
- ✔ C. 511
- ✘ D. 491

Q.43 निम्न पाई चार्ट में एक प्रकाशन गृह द्वारा अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी और उर्दू भाषाओं में प्रकाशित पुस्तकों को दर्शाया गया है। 2020 में, प्रकाशन गृह ने इन भाषाओं में कुल 72 पुस्तकें प्रकाशित कीं। अंग्रेजी, पंजाबी और उर्दू में प्रकाशित पुस्तकों की कुल मिलाकर संख्या, हिंदी में प्रकाशित पुस्तकों का कितना प्रतिशत है?



Ans
- ✘ A. 125%
- ✔ B. 80%
- ✘ C. 95%
- ✘ D. 100%

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.44 ₹142 प्रति kg मूल्य वाले चावल को ₹154 प्रति kg मूल्य वाले गेहूँ के साथ किस अनुपात में मिलाया जाए ताकि ₹146 प्रति kg मूल्य वाला मिश्रण प्राप्त हो?

Ans
- ✔ A. 2:1
- ✘ B. 4:3
- ✘ C. 4:1
- ✘ D. 3:1

Q.45 दो पाइप A और B, एक टैंक को क्रमशः 8 घंटे और 14 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा पाइप C, पूर्णत: भरे हुए टैंक को 12 घंटे में खाली कर सकता है। यदि तीनों पाइपों को एक समय पर खाली टैंक में खोल दिया जाए, तो टैंक को भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✘ A. $8\frac{11}{19}$
- ✘ B. $9\frac{1}{19}$
- ✘ C. $8\frac{9}{19}$
- ✔ D. $8\frac{16}{19}$

Q.46 $(5^3)^2 \div 5^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 225
- ✘ B. 125
- ✘ C. 525
- ✔ D. 625

Q.47 यदि किसी ठोस गोले के आयतन में 119.7% की वृद्धि होती है, तो उसके पृष्ठीय क्षेत्रफल में प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 76%
- ✔ B. 69%
- ✘ C. 81%
- ✘ D. 56%

Q.48 तीन अलग-अलग राशियों पर अर्जित साधारण ब्याज का अनुपात 5 : 7 : 9 है। राशियों का अनुपात 10 : 14 : 15 है, और समय अवधि का अनुपात 3 : 4 : 5 है। ब्याज दरों का अनुपात कितना है?

Ans
- ✘ A. 100 : 75 : 64
- ✘ B. 100 : 78 : 72
- ✔ C. 100 : 75 : 72
- ✘ D. 100 : 78 : 64

Q.49 किन्हीं आंकड़ो का माध्य 74 है और माध्यिका 88 है। आंकड़ो का बहुलक (आनुभविक संबंध का उपयोग करते हुए) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 116
- ✘ B. 91
- ✘ C. 34
- ✘ D. 150

Q.50 एक समद्विबाहु त्रिभुज ΔABC में, $AB = AC$ है। प्रत्येक बराबर कोण, तीसरे कोण के $\frac{3}{4}$ से 5° अधिक है। $(3\angle A - \angle B)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 120°
- ✘ B. 90°
- ✔ C. 148°
- ✘ D. 75°

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.51 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

7 10 18 33 57 ?

Ans

✗ A. 95

✗ B. 93

✗ C. 90

✓ D. 92

Q.52 आठ मित्र वर्षा, अनिल, नीतू, पवन, राजेश, महिमा, सुनील और ओम एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। नीतू, ओम के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। वर्षा, नीतू के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठी है। राजेश, वर्षा के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। राजेश और अनिल का निकटतम पड़ोसी सुनील है। पवन, वर्षा का निकटतम पड़ोसी नहीं है। पवन के बाईं ओर से गिनने पर पवन और वर्षा के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans

✗ A. एक

✗ B. दो

✗ C. तीन

✓ D. चार

Q.53 यदि '÷' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '+' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

36 ÷ 6 – 3 × 5 + 7 = ?

Ans

✗ A. 46

✓ B. 69

✗ C. 58

✗ D. 84

Q.54 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans

✗ A. YD–GL

✗ B. JO–RW

✓ C. BG–IQ

✗ D. NS–VA

Q.55 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
LHCB, JGFF, ?, FELN, DDOR

Ans

✗ A. HEIJ

✗ B. HIFJ

✓ C. HFIJ

✗ D. HFJI

Q.56 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं)
(बाएं) **7 2 9 9 9 9 6 1 7 9 8 6 6 3 3 5 8 2 8 5 1 9 7 9 2 4 7 2 3** (दाएं)
ऐसे कितने सम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग है और ठीक बाद एक विषम अंक है?
(नोट: 1 भी पूर्ण वर्ग है)

Ans

✗ A. तीन

✗ B. दो

✗ C. चार

✓ D. एक

Railway BABA

Q.57 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

(बाएँ) SET LAP MUD DIG (दाएँ)

दाईं ओर से दूसरे शब्द के दूसरे अक्षर और बाईं ओर से दूसरे शब्द के तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✔ A. 4
- ✘ B. 3
- ✘ C. 5
- ✘ D. 6

Q.58 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 38 का संबंध 17 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 52 का संबंध 24 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 26 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✘ A. 7
- ✔ B. 11
- ✘ C. 8
- ✘ D. 15

Q.59 राज अपनी कक्षा में शीर्ष से 25वें स्थान पर है और नीचे से 16वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✘ A. 41
- ✘ B. 39
- ✔ C. 40
- ✘ D. 42

Q.60 शब्द FRIEND के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाईं ओर से दूसरा अक्षर कौन-सा होगा?

Ans
- ✘ A. H
- ✔ B. D
- ✘ C. E
- ✘ D. C

Q.61 शब्द "DISPLAY" में अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार, यदि प्रत्येक स्वर को अगले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को पिछले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने नए अनुक्रम में वर्णमाला क्रम के अनुसार कौन-सा अक्षर पहला होगा?

Ans
- ✘ A. K
- ✔ B. B
- ✘ C. J
- ✘ D. X

Q.62 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) के रूप में क्रमांकित किया गया है। आपको यह ज्ञात करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन करें और उचित उत्तर का चयन करें।
5 वृक्षों L, M, O, P और Q में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, इनमें से सबसे छोटा वृक्ष कौन-सा है?
(I) P केवल दो वृक्षों से लंबा है। O, P से छोटा है और Q, O से छोटा है।
(II) L, M से लंबा है

Ans
- ✔ A. केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✘ B. केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✘ C. कथन I और II दोनों (और केवल कथन I या केवल कथन II नहीं) संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
- ✘ D. कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.63 यदि संख्या 537648547697 के प्रत्येक विषम अंक से 1 घटाया जाए और प्रत्येक सम अंक से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाईं ओर से दूसरे अंक और दाईं ओर से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
✗ A. 9
✓ B. 10
✗ C. 8
✗ D. 11

Q.64 एक निश्चित कूट भाषा में,
A # B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A < B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।

यदि 'E + F < K # L @ P' है, तो E का P से क्या संबंध है?

Ans
✗ A. पत्नी की माता का भाई
✓ B. पत्नी की माता के पिता
✗ C. पत्नी की माता की माता
✗ D. पत्नी का भाई

Q.65 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, REAG का संबंध FSOU से है। उसी प्रकार, VIEK का संबंध JWSY से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LYUA का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
✗ A. ZMKI
✗ B. ZIMO
✗ C. ZOMI
✓ D. ZMIO

Q.66 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, RVUX का संबंध BFEH से है। उसी प्रकार, WAZC का संबंध GKJM से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, FJIL का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✗ A. PURX
✗ B. PSRV
✗ C. PTRV
✓ D. PTSV

Q.67 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है। (नोट: सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) 2 5 8 3 1 4 7 6 9 2 4 5 8 3 7 1 2 6 5 4 3 8 7 9 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद में भी एक विषम संख्या है?

Ans
✓ A. तीन से अधिक
✗ B. एक
✗ C. दो
✗ D. तीन

Q.68 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

Ans
✗ A. LOR
✗ B. HKN
✗ C. DGJ
✓ D. MPU

RailwayBABA
Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.69 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक संख्याओं के समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता। उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं की जा सकती, क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
19 - 53 - 97 - 121;
27 - 61 - 105 - 129

Ans
✗ A. 58 - 92 - 116 - 130
✗ B. 49 - 83 - 117 - 151
✓ C. 35 - 69 - 113 - 137
✗ D. 67 - 121 - 155 - 179

Q.70 P, Q, R, S, T, U, और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
Q की परीक्षा शनिवार को है। V और P के बीच केवल 4 व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा सोमवार को नहीं है। U की परीक्षा, T के ठीक बाद है और R की परीक्षा, T के ठीक पहले है। P की परीक्षा U के बाद है।
सोमवार को किसकी परीक्षा है?

Ans
✗ A. U
✗ B. P
✓ C. S
✗ D. T

Q.71 एक निश्चित कूट भाषा में, 'FAST' को '1457' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FEAT' को '5874' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ A. 4
✓ B. 8
✗ C. 1
✗ D. 5

Q.72 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'S + A % E @ R – N' है, तो S का N से क्या संबंध है?

Ans
✗ A. भाई
✓ B. भाई की पत्नी का भाई
✗ C. भाई की पत्नी का पिता
✗ D. पिता

Q.73 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) G Y I E N S I E G Z B I X V Y A U S Y U U T (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद एक स्वर है?

Ans
✗ A. 3
✓ B. 5
✗ C. 6
✗ D. 4

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.74 एक निश्चित कूट भाषा में, 'AUTO' को '5271' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TOAN' को '4517' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'N' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ A. 7
✗ B. 2
✗ C. 5
✓ D. 4

Q.75 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चय द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
HLL : JHK
MKI : OGH

Ans
✗ A. JLT : LHR
✗ B. GRQ : INO
✗ C. CXL : ESK
✓ D. GPR : ILQ

Q.76 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। ज्ञात कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी रग, इत्र हैं। सभी जूते, इत्र हैं।

निष्कर्ष (I) : कुछ रग, जूते हैं।
निष्कर्ष (II) : कुछ इत्र, जूते हैं।

Ans
✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✓ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ C. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.77 P, Q, R, S, T, U, और V, में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
Q की परीक्षा बुधवार को है। Q और U के बीच ठीक 3 व्यक्तियों की परीक्षा है। V की परीक्षा, R के ठीक बाद है और P की परीक्षा, R से ठीक पहले है। T और R के बीच केवल 3 व्यक्तियों की परीक्षा है।
Q और V के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
✗ A. 1
✓ B. 2
✗ C. 3
✗ D. 4

Q.78 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

91 - 2 ÷ 180 × 18 + 12 = ?

Ans
✗ A. 189
✗ B. 176
✓ C. 180
✗ D. 184

Q.79 A, B, C, D, E, F, और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
B के दाईं ओर से गिनने पर B और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C के दाईं ओर से गिनने पर D और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C के ठीक दाएं पड़ोस में A बैठा है। F के ठीक दाएं पड़ोस में E बैठा है।
A के दाईं ओर से गिनने पर A और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✓ A. 2
✗ B. 4
✗ C. 3
✗ D. 1

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.80 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 642, 953, 731, 284, 476 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में से घटाया जाए, तो क्या परिणाम प्राप्त होगा?

Ans
✗ A. -3
✓ B. -5
✗ C. 7
✗ D. 2

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 फरवरी 2026 में, चीतों का तीसरा दल किस देश से भारत लाया गया, और उन्हें कहाँ छोड़ा गया?

Ans
✗ A. नामीबिया; गांधी सागर अभयारण्य
✗ B. केन्या; रानी दुर्गावती अभयारण्य
✓ C. बोत्सवाना; कूनो राष्ट्रीय उद्यान
✗ D. दक्षिण अफ्रीका; नौरादेही टाइगर रिजर्व

Q.82 किस मलयालम उपन्यासकार ने अपने उपन्यास "मायामानुश्यार (Maayamanushyar)" के लिए केंद्र साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 जीता?

Ans
✓ A. एन. प्रभाकरन
✗ B. के. आर. मीरा
✗ C. बेन्यामिन
✗ D. एम. टी. वासुदेवन नायर

Q.83 बैंकॉक चेस क्लब ओपन 2026 (Bangkok Chess Club Open 2026) में तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल करने के बाद भारत के 95वें शतरंज ग्रैंडमास्टर कौन बने?

Ans
✗ A. रौनक साधवानी
✗ B. निहाल सरीन
✓ C. अरोण्यक घोष
✗ D. आदित्य मित्तल

Q.84 "रक्षा त्रिवेणी संगम – जहां प्रौद्योगिकी, उद्योग और सैनिक क्षमता का संगम होता है" की थीम पर आधारित उत्तर प्रौद्योगिकी संगोष्ठी 2026 (North Tech Symposium 2026) का आयोजन निम्नलिखित में से किस शहर में हुआ था?

Ans
✓ A. प्रयागराज
✗ B. पुणे
✗ C. लखनऊ
✗ D. जयपुर

Q.85 संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा किस देश को विश्व पर्यावरण दिवस 2026 का मेजबान घोषित किया गया था?

Ans
✗ A. तुर्की
✗ B. जॉर्जिया
✗ C. कजाखस्तान
✓ D. अजरबैजान

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.86 फरवरी 2026 में जारी Apac एविएशन रैंकिंग के अनुसार, 2025 में एशिया पैसिफिक (Apac) क्षेत्र में 5वां सबसे व्यस्त एयरपोर्ट, कौन-सा भारतीय एयरपोर्ट है?

Ans
- ✗ A. कोलकाता एयरपोर्ट
- ✓ B. दिल्ली एयरपोर्ट
- ✗ C. चेन्नई एयरपोर्ट
- ✗ D. मुंबई एयरपोर्ट

Q.87 अप्रैल 2026 में, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने PM VIKAS (प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन) योजना के तहत अल्पसंख्यक युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने और प्लेसमेंट के अवसर को सुगम बनाने के लिए किस संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए?

Ans
- ✗ A. भारती प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), गुवाहाटी
- ✗ B. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), दिल्ली
- ✗ C. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), कानपुर
- ✓ D. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), पटना

Q.88 2026 के प्रारंभ में, भारतीय सेना और जापान के किस संगठन के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन (Dharma Guardian)' आयोजित हुआ था?

Ans
- ✗ A. जापान मैरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स (Japan Maritime Self-Defense Force)
- ✓ B. जापान ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स (Japan Ground Self-Defense Force)
- ✗ C. जापान स्ट्रेटेजिक डिफेंस फोर्स (Japan Strategic Defense Force)
- ✗ D. जापान एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स (Japan Air Self-Defense Force)

Q.89 केरल विधानसभा चुनाव 2026 में, कौन-सा राजनीतिक दल प्रमुख दल के रूप में उभरा?

Ans
- ✗ A. इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग
- ✗ B. भारतीय जनता पार्टी
- ✗ C. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)
- ✓ D. इंडियन नेशनल कांग्रेस

Q.90 मई 2026 में, DRDO ने ULPGM-V3 मिसाइल का अंतिम विकास परीक्षण किन दो प्रचालन विधाओं में सफलतापूर्वक पूरा किया?

Ans
- ✓ A. वायु-से-भूमि और वायु-से-वायु
- ✗ B. वायु-से-समुद्र और समुद्र-से-सतह
- ✗ C. सतह-से-सतह और सतह-से-वायु
- ✗ D. भूमि-से-भूमि और समुद्र-से-वायु

Q.91 बैंकॉक में आयोजित थाईलैंड मास्टर्स 2026 टूर्नामेंट में किस बैडमिंटन खिलाड़ी ने महिला एकल का खिताब जीता?

Ans
- ✓ A. देविका सिहाग (Devika Sihag)
- ✗ B. सुपानिडा कटेथोंग (Supanida Katethong)
- ✗ C. हुआंग यू-हसुन (Huang Yu-hsun)
- ✗ D. गोह जिन वेई (Goh Jin Wei)

Q.92 जून 2026 में, कौन-सी भारतीय क्रिकेटर, 200 T20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भाग लेने वाली विश्व की पहली खिलाड़ी बन गई?

Ans
- ✗ A. मेग लैनिंग
- ✗ B. एलिस पेरी
- ✗ C. स्मृति मंधाना
- ✓ D. हरमनप्रीत कौर

Railway BABA

Q.93 मई 2026 में यूनेस्को (UNESCO) द्वारा दूसरी सबसे लंबी निरंतर दीवार के रूप में मान्यता प्राप्त कुंभलगढ़ किला किस राज्य में स्थित है?

Ans
- ✗ A. हिमाचल प्रदेश
- ✗ B. उत्तर प्रदेश
- ✓ C. राजस्थान
- ✗ D. महाराष्ट्र

Q.94 फेडरेशन कप, 2026 की मेजबानी प्रतिष्ठित बिरसा मुंडा स्टेडियम में की गई थी, जो निम्नलिखित में से किस शहर में स्थित है?

Ans
- ✓ A. रांची
- ✗ B. रायपुर
- ✗ C. पटना
- ✗ D. भुवनेश्वर

Q.95 उच्च-संभावित उद्यमों की सहायता करने के लिए केंद्रीय बजट 2026–27 में पेश किए गए नए प्रस्तावित SME ग्रोथ फंड के लिए आवंटित कुल राशि (total corpus) कितनी है?

Ans
- ✗ A. ₹2,000 करोड़
- ✗ B. ₹15,000 करोड़
- ✗ C. ₹5,000 करोड़
- ✓ D. ₹10,000 करोड़

Q.96 दिसंबर 2025 में, पंचायती राज मंत्रालय और NDMA ने ₹500 करोड़ से अधिक की एक राष्ट्रीय परियोजना को मंजूरी दी। इस परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✓ A. पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से आपदा जोखिम न्यूनीकरण को स्थानीय शासन में एकीकृत करना
- ✗ B. तटीय क्षेत्रों में 10,000 नए चक्रवात आश्रयस्थलों का निर्माण करना
- ✗ C. मौसम पूर्वानुमान के लिए एक राष्ट्रीय उपग्रह प्रणाली स्थापित करना
- ✗ D. सभी किसानों को आपदा बीमा प्रदान करना

Q.97 2026 में प्रकाशित करण महाजन का कौन-सा उपन्यास, पारिवारिक गाथा के माध्यम से भारत के राजनीतिक परिवर्तनों का अन्वेषण करता है?

Ans
- ✗ A. ग्रेट ईस्टर्न होटल (Great Eastern Hotel)
- ✗ B. फैमिली प्लानिंग (Family Planning)
- ✗ C. द एसोसिएशन ऑफ स्मॉल बॉम्ब्स (The Association of Small Bombs)
- ✓ D. द कॉम्प्लेक्स (The Complex)

Q.98 केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 के तहत, भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के अधिकारियों द्वारा प्रतिनियुक्ति पर किन वरिष्ठ CAPF रैंकों में सभी पदों को भरना आवश्यक है?

Ans
- ✓ A. महानिदेशक और विशेष महानिदेशक
- ✗ B. कमांडेंट और उप कमांडेंट
- ✗ C. महानिरीक्षक और उप महानिरीक्षक
- ✗ D. अतिरिक्त महानिदेशक और महानिरीक्षक

Q.99 'द गोल्डन रोड: हाउ एंशिएंट इंडिया ट्रांसफॉर्म्ड द वर्ल्ड (The Golden Road: How Ancient India Transformed the World)' पुस्तक के लिए 2026 का मार्क लिंटन हिस्ट्री प्राइज़ किसने जीता?

Ans
- ✗ A. सुनील खिलनानी
- ✓ B. विलियम डेलरिम्पल
- ✗ C. रोमिला थापर
- ✗ D. रामचंद्र गुहा

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.100 सामाजिक कार्यों में अपने योगदान के लिए 2026 में पद्म श्री से सम्मानित बृज लाल भट (Brij Lal Bhat) मुख्य रूप से भारत के किस क्षेत्र से संबंधित हैं?

Ans
- ✔ A. जम्मू और कश्मीर
- ✘ B. पंजाब
- ✘ C. हिमाचल प्रदेश
- ✘ D. गुजरात

"

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९/२०२५-7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

Test Date	25/08/2026
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I 2025

Section : **General Science**

Q.1 **गति का वर्णन करने के संदर्भ में वेग, चाल से किस प्रकार भिन्न है?**

Ans

✗ A. वेग केवल असमान गति पर अनुप्रयुक्त होता है, जबकि चाल केवल एकसमान गति पर अनुप्रयुक्त होता है।

✗ B. वेग की गणना औसत चाल का उपयोग करके किया जाता है, जबकि चाल तात्क्षणिक चाल का उपयोग करती है।

✗ C. वेग तय की गई दूरी को निर्दिष्ट करता है, जबकि चाल विस्थापन को निर्दिष्ट करता है।

✓ D. वेग, गति के परिमाण (चाल) और निश्चित दिशा, दोनों को निर्दिष्ट करता है।

Q.2 **जिंक जैसी धातुओं का निष्कर्षण उनके ऑक्साइडों से करने के लिए सामान्यतः अपचायक के रूप में किस पदार्थ का उपयोग किया जाता है?**

Ans

✗ A. सल्फर

✗ B. ऑक्सीजन

✗ C. नाइट्रोजन

✓ D. कार्बन

Q.3 **कौन-सा उदाहरण, घरेलू गैस बर्नर में मेथेन के पूर्ण दहन को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?**

Ans

✗ A. बर्तन पर काले अवशेषों के साथ एक पीली ज्वाला बनती है

✓ B. एक नीली, अदीप्त ज्वाला देखी जाती है जिसमें कोई अवशेष नहीं बचता है

✗ C. एक नारंगी ज्वाला जो रसोईघर में तेज गैस गंध उत्पन्न करती है

✗ D. सफेद राख के साथ एक मंद, टिमटिमाती ज्वाला उपस्थित होती है

Q.4 **लंबे समय तक वायु के संपर्क में रखने पर चांदी की वस्तुएं काली पड़ जाती हैं, इसका मुख्य कारण क्या है?**

Ans

✗ A. ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया द्वारा सिल्वर ऑक्साइड का निर्माण

✗ B. पृष्ठ पर धूल के कणों का संचयन

✓ C.
सिल्वर सल्फाइड विलेप का निर्माण

✗ D.
वायु में क्लोरीन के साथ अभिक्रिया द्वारा सिल्वर क्लोराइड का निर्माण

Q.5 **प्रकृति में कोयला और पेट्रोलियम के निर्माण में लाखों वर्ष क्यों लगते हैं?**

Ans

✗ A. ये बारंबार होने वाली बाढ़ की घटनाओं से उत्पन्न होते हैं

✗ B. इनका निर्माण पदार्थों के शीतलन के माध्यम से शीघ्रता से होता है

✓ C. इनका निर्माण मन्द रासायनिक और भौतिक परिवर्तनों द्वारा होता है

✗ D. ये तीव्र रासायनिक अभिक्रियाओं के परिणामस्वरूप बनते हैं

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.6 5 kg की एक वस्तु पर 4 सेकंड के लिए अपरिवर्ती बल लगाया जाता है, जिससे उसका वेग 2 m/s से बढ़कर 10 m/s हो जाता है। इस बल का परिमाण कितना है?

Ans
✗ A. 20 N
✓ B. 10 N
✗ C. 5 N
✗ D. 2 N

Q.7 चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं का कौन-सा गुणधर्म, चिरसम्मत विद्युत-चुम्बकत्व में चुंबकीय एकल ध्रुवों की अनुपस्थिति को स्पष्ट करता है?

Ans
✗ A. वे कभी प्रतिच्छेद नहीं करती हैं
✗ B. वे ध्रुवों के निकट सघन हो जाती हैं
✓ C. वे सतत संवृत वक्र का निर्माण करती हैं
✗ D. वे सदैव वृत्तीय होती हैं

Q.8 निम्नलिखित में से कौन-सा कारण स्पष्ट करता है कि उपकला ऊतक कोशिकाएं एक दूसरे से बहुत कम दूरी पर दृढ़ता से क्यों बंधी हुई होती हैं?

Ans
✗ A. ऊतक की समग्र सामर्थ्य बढ़ाने के लिए
✗ B. ऊतक में तीव्र कोशिका विभाजन को संभव बनाने के लिए
✓ C. एक सतत अवरोध बनाने और पारगम्यता को नियंत्रित करने के लिए
✗ D.
ऊतक के स्राव कार्यों को बढ़ाने के लिए

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा, कोलॉइड का एक उदाहरण नहीं है?

Ans
✗ A. रक्त
✗ B. दूध
✗ C. आइसक्रीम
✓ D. शर्करा विलयन

Q.10 कोई जीव यूकैरियोट है या प्रोकैरियोट, यह निर्धारित करने के लिए वैज्ञानिक किसकी जांच करते हैं?

Ans
✗ A. पर्यावरण में पारिस्थितिक भूमिका
✓ B. कोशिका संरचना और केंद्रक की उपस्थिति
✗ C. प्रजनन की विधि और संतति
✗ D.
सामान्य संभरण व्यवहार और आहार

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा, पारिस्थितिकी तंत्र को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?

Ans
✗ A. केवल पादपों का एक समूह
✗ B. केवल जंतुओं का निवास स्थान
✓ C. जैविक और अजैविक घटकों की अन्योन्यक्रिया से निर्मित एक प्रणाली
✗ D. भौतिक कारकों से रहित एक समुदाय

Q.12 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह स्पष्ट करता है कि अधात्विक ऑक्साइड, क्षारकों के साथ अभिक्रिया क्यों करते हैं?

Ans
✗ A. वे सदैव क्षारकीय होते हैं और क्षारकों के साथ अभिक्रिया नहीं करते हैं
✗ B. वे एक साथ अम्लों और क्षारकों का निर्माण करते हैं
✓ C. वे अम्लीय ऑक्साइड के रूप में कार्य करते हैं और क्षारकों को उदासीन करते हैं
✗ D. वे क्षारकीय ऑक्साइड के रूप में कार्य करते हैं और अम्लों को उदासीन करते हैं

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.13 एक कार चालक देखता है कि तप्त धूप वाले दिन में आगे की सड़क आर्द्र दिखाई देती है, परंतु उस स्थान पर पहुंचने पर पता चलता है कि सड़क शुष्क है। कौन-सी भौतिक घटना, इस अवलोकन की सर्वोत्तम व्याख्या करती है?

Ans
✔ A. सड़क के ऊपर की वायु के तापमान में परिवर्तनों के कारण प्रकाश का अपवर्तन

✘ B.
वायु के अणुओं द्वारा सूर्य के प्रकाश का विक्षेपण

✘ C. धूल के कणों द्वारा सूर्य के प्रकाश का प्रकीर्णन

✘ D.
जल की सूक्ष्म बूंदों के भीतर प्रकाश का संपूर्ण आंतरिक परावर्तन

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
कथन I: सोडियम परमाणु एक इलेक्ट्रॉन का त्याग करके सोडियम आयन का निर्माण करता है।
कथन II: सोडियम आयन पर ऋणात्मक आवेश होता है।

Ans
✔ A. केवल कथन I सही है।

✘ B. कथन I और II दोनों गलत हैं।

✘ C.
कथन I और II दोनों सही हैं।

✘ D.
केवल कथन II सही है।

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, प्रकुंचन दाब (Systolic Pressure) का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✘ A. शिथिलन के दौरान शिराओं में रक्तदाब

✘ B. संकुचन के दौरान शिराओं में रक्तदाब

✔ C. वेंट्रिकुलर संकुचन के दौरान धमनी में रक्तदाब

✘ D. निलय शिथिलन के दौरान धमनियों में रक्तदाब

Q.16 यदि समय को नियत रखते हुए किसी इंजन की शक्ति को दोगुना कर दिया जाए, तो किया गया कार्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans
✘ A. आधा हो जाएगा

✘ B. समान रहेगा

✔ C.
दोगुना हो जाएगा

✘ D.
चार गुना हो जाएगा

Q.17 एक मोटर 3 सेकंड में 1875 J का कार्य करती है। इसका पावर आउटपुट क्या होगा?

Ans
✘ A. 210 W

✘ B. 2810 W

✔ C. 625 W

✘ D. 5625 W

Q.18 6 cm की फोकस दूरी वाले एक अवतल दर्पण से 18 cm की दूरी पर एक छोटी मोमबत्ती रखी है। निर्मित प्रतिबिंब की प्रकृति और स्थिति क्या होगी?

Ans
✘ A. आभासी, दर्पण के 12 cm पीछे

✔ B. वास्तविक, दर्पण के 9 cm सामने

✘ C. वास्तविक, दर्पण के 6 cm सामने

✘ D. आभासी, दर्पण के 9 cm पीछे

Q.19 निम्नलिखित में से कौन-सा, तत्व ऐलुमीनियम के लिए सही प्रतीक है?

Ans
✘ A. Alm

✘ B.
alm

✘ C. AL

✔ D. Al

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.20 किसी स्थलीय अध्ययन के दौरान, विद्यार्थी देखते हैं कि प्रत्येक दोपहर वायु, घाटी सतह से ढालों तक प्रवाहित होती है। यह पैटर्न किस वायुमंडलीय स्थिति के कारण बनता है?

Ans

✗ A. पृथ्वी का घूर्णन

✗ B. घाटी में अचानक वर्षा

✓ C. पहाड़ की ढालों का असमान तापन

✗ D. घाटी की सतह का एकसमान तापन

Q.21 एक उद्यानविद् ऐसे जलीय पादपों की नस्ल (breed) तैयार करना चाहता है जो बेहतर तरीके से प्लव करने में सक्षम हों। उन्हें ऊतक के किस रूपांतरण को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए?

Ans

✗ A. स्थूल कोण ऊतक में पर्णहरित की वृद्धि करना

✓ B. वायूतक निर्माण करना

✗ C. स्थूल कोण ऊतक में अनियमित स्थूल करना

✗ D. मृदूतक में अंतरकोशिकीय अंतरालों को कम करना

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थिति सर्वोत्तम रूप से यह दर्शाती है कि ध्वनि उत्पन्न करने के लिए एक कंपमान वस्तु (vibrating object) आवश्यक है?

Ans

✗ A. धातु की छड़ को स्थिर पकड़ना और गुंजन (hum) सुनना

✓ B.
गिटार की तानित स्ट्रिंग को छोड़ना और स्वर (tone) सुनना

✗ C.
अंधेरे कमरे में दीवार पर टॉर्च का प्रकाश डालना

✗ D. मेज पर रखी काँच की बोतल को बिना विचलित किए देखना

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन लसीका और रुधिर प्लाज्मा की प्रोटीन मात्रा (content) की सही तुलना करता है?

Ans

✓ A. लसीका में प्लाज्मा की तुलना में कम प्रोटीन होता है

✗ B. लसीका में प्लाज्मा के बराबर प्रोटीन होता है

✗ C. लसीका में प्लाज्मा की तुलना में अधिक प्रोटीन होता है

✗ D. लसीका में कोई प्रोटीन नहीं होता है

Q.24 धारावाही तार द्वारा उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र, तार से दूरी के साथ किस प्रकार परिवर्तित होता है?

Ans

✗ A. यह दूरी के साथ यादृच्छिक रूप से घटता-बढ़ता है

✓ B. यह दूरी बढ़ने के साथ घटता है

✗ C. यह दूरी बढ़ने के साथ बढ़ता है

✗ D. यह सभी दूरियों पर नियत रहता है

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-सा कृत्रिम पारितंत्र का उदाहरण है?

Ans

✗ A. वन

✓ B. खेत

✗ C. तालाब

✗ D. झील

Section : **Mathematics**

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.26 रमेश को 120 km की दूरी तय करने में सुरेश से 10 घंटे अधिक लगते हैं। हालाँकि, यदि रमेश अपनी चाल दोगुनी कर दे, तो उसे सुरेश से 8 घंटे कम लगेंगे। रमेश की मूल चाल कितनी है?

Ans
✗ A. $7\frac{5}{7}\text{km/hr}$
✓ B. $3\frac{1}{3}\text{km/hr}$
✗ C. $5\frac{1}{5}\text{km/hr}$
✗ D. $4\frac{3}{4}\text{km/hr}$

Q.27 7-अंकीय संख्या 69A840B, 12 से विभाज्य है। (A + B) का अधिकतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 11
✗ B. 10
✗ C. 16
✓ D. 15

Q.28 तीन महिलाओं का औसत वजन तब 4 kg बढ़ जाता है, जब उनमें से 102 kg वजन वाली एक महिला को दूसरी महिला से बदल दिया जाता है। नई महिला का वजन कितना है?

Ans
✗ A. 116 kg
✗ B. 112 kg
✗ C. 118 kg
✓ D. 114 kg

Q.29 3 cm त्रिज्या और 12 cm ऊँचाई वाली एक ठोस बेलनाकार छड़ को पिघलाकर 3 cm त्रिज्या वाले ठोस गोलों में ढाला जाता है। इस प्रकार बनाए जा सकने वाले गोलों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 4
✗ B. 1
✗ C. 2
✓ D. 3

Q.30 यदि 6 पेंसिलों की कीमत ₹42 है, तो 14 पेंसिलों की कीमत कितनी होगी?

Ans
✗ A. ₹100
✗ B. ₹90
✗ C. ₹84
✓ D. ₹98

Q.31 एक दुकानदार एक ही अंकित मूल्य वाले खिलौनों पर निम्नलिखित स्कीमें प्रदान करता है-
(A) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 3% और 7% की क्रमिक छूट
(B) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 8%, 39% और 26% की क्रमिक छूट
(C) पहले 4 खिलौनों पर 11% की छूट और उसके बाद प्रत्येक खिलौने पर 32% की छूट
(D) 5 खिलौने खरीदने पर 4 खिलौने मुफ्त
एक ग्राहक 5 खिलौने खरीदना चाहती है। ऊपर दी गई स्कीमों में से कौन-सी स्कीम उसके लिए सबसे कम लाभप्रद है?

Ans
✗ A. C
✗ B. D
✓ C. A
✗ D. B

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.32 $\frac{1}{\sec x - \tan x}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. cosx + cotx
✗ B. secx − tanx
✓ C. secx + tanx
✗ D. cosx − cotx

Q.33 साक्षी ने ₹8900 की धनराशि 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से निवेश की, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। यदि उसे n वर्षों के बाद ₹10,769 मिश्रधन प्राप्त होता है, तो n का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 1.5
✗ B. 3
✗ C. 2.4
✓ D. 2

Q.34 किसी जिले की जनसंख्या 3,54,000 है, जिसमें से 2,30,000 पुरुष हैं। 17% जनसंख्या साक्षर है। यदि 17% पुरुष साक्षर हैं, तो साक्षर महिलाओं का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 16%
✗ B. 15%
✗ C. 20%
✓ D. 17%

Q.35 किसी कार्य को पूरा करने के लिए तीन श्रमिकों को कार्य पर रखा गया है, जिसके लिए ₹1,200 खर्च किए जाने हैं। श्रमिक A अकेले उसी कार्य को 8 दिनों में पूरा कर सकता है, श्रमिक B अकेले उसी कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकता है और श्रमिक C अकेले उसी कार्य को 16 दिनों में पूरा कर सकता है। चौथे श्रमिक की सहायता से, वे सभी मिलकर उसी कार्य को 3 दिनों में पूरा करते हैं। कुल धनराशि में से चौथे श्रमिक को कितना भुगतान किया जाना होगा?

Ans
✗ A. ₹222
✗ B. ₹226
✓ C. ₹225
✗ D. ₹221


Q.36 समचतुर्भुज के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

Ans
✗ A. समचतुर्भुज के विकर्ण समकोण पर प्रतिच्छेद करते हैं।
✗ B. समचतुर्भुज के सम्मुख कोण बराबर होते हैं।
✗ C. समचतुर्भुज की प्रत्येक भुजा की लंबाई बराबर होती है।
✓ D. समचतुर्भुज के विकर्ण सम्मुख कोणों को समद्विभाजित नहीं करते हैं।

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.37 निम्न पाई चार्ट में भारत के पांच विभिन्न क्षेत्रों में एक विशिष्ट कंपनी के मोबाइल फोन यूजर्स के प्रतिशत को दर्शाया गया है। पाई चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



पाई चार्ट में केंद्रीय क्षेत्र द्वारा बनाया गया केंद्रीय कोण कितना है?

Ans
- ✗ A. 30.6°
- ✓ B. 28.8°
- ✗ C. 26.2°
- ✗ D. 27.4°

Q.38 280 लोगों के समूह द्वारा पहनी जाने वाली शर्ट के साइज़ निम्न प्रकार हैं।

शर्ट साइज	37	38	39	40	41	42	43	44
व्यक्तियों की संख्या	31	35	49	51	50	37	15	12

समूह द्वारा पहने जाने वाले शर्ट साइज का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 41
- ✗ B. 39
- ✗ C. 42
- ✓ D. 40

Q.39 दो बैंकों, A और B ने क्रमशः 3.5% और 8% वार्षिक ब्याज दर पर ऋण की पेशकश की। सचिन ने प्रत्येक बैंक से ₹3,00,000 का ऋण लिया। 3 वर्ष बाद सचिन द्वारा दोनों बैंकों को चुकाए गए साधारण ब्याज की धनराशियों के बीच का धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 40,000
- ✗ B. 41,500
- ✓ C. 40,500
- ✗ D. 42,000

Q.40 दो ट्रेनें, जिनकी लंबाई 200 m और 160 m है, विपरीत दिशाओं में क्रमशः 78 km/h और 66 km/h की चाल से गतिमान हैं। एक-दूसरे से मिलने के समय से लेकर पूरी तरह से एक-दूसरे को पार करने में उन्हें कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. 6 सेकंड
- ✗ B. 8 सेकंड
- ✗ C. 7 सेकंड
- ✓ D. 9 सेकंड

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.41 मोहिनी अपने विज्ञान प्रोजेक्ट के लिए चार्ट पेपर का उपयोग करके एक बेलनाकार कैलाइडोस्कोप बना रही है। यदि कैलाइडोस्कोप की लंबाई 178 cm है और इसकी त्रिज्या 24.5 cm है, तो केवल इसका वक्र पृष्ठ बनाने के लिए आवश्यक चार्ट पेपर का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

Ans
✗ A. 27433 cm^2
✗ B. 27445 cm^2
✗ C. 27380 cm^2
✓ D. 27412 cm^2

Q.42 संख्या 243 को तीन भागों में इस प्रकार विभाजित किया गया है कि पहले भाग का आधा, दूसरे भाग का एक-तिहाई और तीसरे भाग का एक-चौथाई बराबर है। सबसे बड़े भाग का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 112
✗ B. 88
✗ C. 98
✓ D. 108

Q.43 7 मीटर कपड़े की कीमत ₹840 है। उसी कपड़े के 11 मीटर की कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹1,120
✗ B. ₹1,200
✓ C. ₹1,320
✗ D. ₹1,260

Q.44 किसी कस्बे की जनसंख्या 60,000 से बढ़कर 61,260 हो जाती है। प्रतिशत वृद्धि कितनी है?

Ans
✗ A. 2.2%
✗ B. 2.0%
✗ C. 2.3%
✓ D. 2.1%

Q.45 संख्या 13167 निम्नलिखित में से किस संख्या से विभाज्य है?

Ans
✗ A. 69
✗ B. 67
✓ C. 63
✗ D. 61

